दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 73 | जयपुर | बुधवार, 15 जनवरी, 2025 | माष, कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹3.50 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

19.0° अधिकतम तापमान | 9.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,499.63 +169.62 (0.22%) |
| निफ्टी | 23,207.60 +121.65 (0.53%) |

**सर्राफा** सोना/चांदी

| | |
|---|---|
| सोना | 80,220 /10g |
| चांदी | 92,500 /Kg |

## संक्षिप्त समाचार

### बुमराह आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

कमिंस और पैटरसन को पीछे छोड़ा; विमेंस कैटेगरी में सदरलैंड को मिला अवॉर्ड



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय तेज गेंदबाद जसप्रीत बुमराह ने दिसंबर की परफॉर्मेंस के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीत लिया है। आईसीसी ने उनके साथ साउथ अफ्रीका के गेंदबाज डैन पैटरसन और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को भी नॉमिनेट किया था। विमेंस कैटेगरी में ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को यह अवॉर्ड मिला। भारत की स्मृति मंधाना और साउथ अफ्रीका की एन मलाबा भी रेस में थीं। सदरलैंड ने 5 मैच में 9 विकेट लिए और 269 रन भी बनाए थे। दिसंबर में बुमराह ने 3 मैच में 22 विकेट लिए जसप्रीत बुमराह ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टेस्ट खेले। इनमें उन्होंने 22 विकेट अपने नाम किए। मेलबर्न और ब्रिस्बेन में तो उन्होंने 18 विकेट लिए। एडिलेड में वह 4 ही विकेट ले सके, क्योंकि दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 2 ही ओवर बैटिंग कर मैच जीत लिया था।

### एलओसी के पास लैंडमाइन ब्लास्ट, 6 जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में मंगलवार को एलओसी के पास लैंडमाइन ब्लास्ट में गोरखा राइफल्स के 6 जवान घायल हो गए। ब्लास्ट भवानी सेक्टर के मकरी इलाके में हुआ। हादसा सुबह 10:45 बजे हुआ। जवानों की एक टुकड़ी खंबा किले के पास पेट्रोलिंग कर रही थी। उसी दौरान एक जवान का पैर गलती से सेना की बिछाई लैंड माइन पर पड़ गया। सभी घायलों को इलाज के लिए 150 जनरल अस्पताल राजौरी ले जाया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जवानों को मामूली चोटें आई हैं।

**बढ़ता TOON!**






# महाकुंभ में 3.5 करोड़ ने डुबकी लगाई

## सभी 13 अखाड़ों का स्नान खत्म, वापसी के लिए स्टेशनों पर जबरदस्त भीड़

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** महाकुंभ का पहला अमृत (शाही) स्नान करीब 12 घंटे बाद खत्म हो गया। जूना अखाड़ा समेत सभी 13 अखाड़ों के संत स्नान कर चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 3.5 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से लगातार फूल बरसाए जा रहे हैं। वहीं, स्नान के बाद लोगों ने प्रयागराज से लौटना शुरू कर दिया है। इससे रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भारी भीड़ हो गई है। प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर पैर रखने की जगह नहीं है। लोगों को हॉल में रोक लिया जा रहा है। आने वाली ट्रेन के हिसाब से ही प्लेटफार्म पर भेजा जा रहा है। वहीं, सुबह सुबह 6 बजे अमृत स्नान का अद्भुत दृश्य था। हाथों में तलवार-त्रिशूल और डमरू लिए संन्यासी हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए घाटों पर पहुंचे। महाकुंभ में पहली बार शाही स्नान की जगह अमृत स्नान शब्द का इस्तेमाल किया गया। अखाड़ों ने नाम बदलने का प्रस्ताव दिया था।

### 3 और बड़ी बातें

- आज के लिए महाकुंभ नगर दुनिया का सबसे बड़ा जिला बन गया। एक दिन में दुनिया में कहीं भी इतनी ज्यादा भीड़ नहीं आई थी।
- भीड़ ज्यादा होने से प्रयाग स्टेशन कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया।
- प्रयागराज स्टेशन पर आने वाली ट्रेन के हिसाब से ही लोगों को प्लेटफार्म पर भेजा जा रहा है। जिससे ज्यादा भीड़ न होने पाए। लोगों को हॉल में रोका जा रहा है।

### सीएम योगी ने कहा- 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया

सीएम योगी ने ट्वीटर पर पोस्ट कर लिखा- महाकुंभ में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।

पहले अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से ज्यादा संतों/श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया।

पहले अमृत स्नान पर्व के सकुशल संपन्न होने पर सनातन धर्म के आधार सभी पूज्य अखाड़ों, महाकुंभ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों और महाकुंभ से जुड़े केंद्र-प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद। प्रदेश वासियों को बधाई।

### पोलैंड की महिला ने कहा- ऐसा विश्व में कहीं नहीं होता

पोलैंड से आई श्रद्धालु ने कहा- मैं महाकुंभ पहली बार आई हूं। मैं यहां तीन दिन रुकूंगी। मैं महाकुंभ में इसलिए शामिल हो रही हूं, क्योंकि यहां सबसे ज्यादा लोगों की भीड़ होती है। ऐसा विश्व में कहीं नहीं होता है। उसी को देखने मैं आई हूं। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे भारत के लोग पंसद है। यह बहुत ही स्पेशल इवेंट है।

मैंने सुबह बहुत एंज्वॉय किया। उम्मीद है कि बाकी लोग भी इस इवेंट को एंज्वॉय करेंगे।



### सुबह 6 बजे दिखा अमृत स्नान का अद्भुत दृश्य

**सुबह 6 बजे घाटों पर अद्भुत नजारा था। तलवार, त्रिशूल और डमरू लिए नागा साधु हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ स्नान करने पहुंचे। इस महाकुंभ में पहली बार शाही स्नान की जगह अमृत स्नान शब्द का उपयोग किया गया है। अखाड़ों के प्रस्ताव पर यह बदलाव किया गया।**

### इटली की महिला बोली- व्यवस्था अच्छी है

इटली से आई एक महिला देवोटी ने बताया- मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। बहुत ज्यादा भीड़ है, लेकिन व्यवस्था अच्छी है। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। मैं दोबारा यहां फिर से आना चाहूंगी। यहां के लोग बहुत अच्छे हैं।

### रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़

महाकुंभ में स्नान करने के लिए अभी भी श्रद्धालुओं का तांता लगा है। प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर पैर रखने की जगह नहीं है। आने वाली ट्रेन के हिसाब से ही लोगों को प्लेटफार्म पर भेजा जा रहा है। जिससे ज्यादा भीड़ न होने पाए। दोपहर से ही यह व्यवस्था की गई है। लोगों को हॉल में रोक लिया जा रहा है।

## राजनाथ बोले- पीओके के बिना जम्मू-कश्मीर अधूरा

### यह पाकिस्तान के लिए विदेशी जमीन, यहां आतंकी ट्रेनिंग कैंप चलाए जा रहे



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीओके यानी पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया है। उन्होंने कहा कि पीओके के बिना जम्मू-कश्मीर अधूरा है। पीओके और कुछ नहीं बल्कि पाकिस्तान के लिए विदेशी जमीन है और इस जमीन का इस्तेमाल वह आतंकवाद फैलाने के लिए कर रहा है। पीओके में आतंकियों के लिए ट्रेनिंग कैंप चलाए जा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने यह बात मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर में 9वें आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे इवेंट में कही।

उन्होंने कहा कि 1965 में अखनूर में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध लड़ा गया था। भारत ने पाकिस्तानी सेना के सभी प्रयासों को विफल कर दिया था। अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच जितने युद्ध हुए, उनमें भारत ने पाकिस्तान को हराया है। 1965 से ही पाकिस्तान ने भारत में अवैध घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा देना शुरू कर दिया था।

राजनाथ ने कहा कि हमारे मुस्लिम भाइयों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। आज भी भारत में घुसने वाले 80त्न से अधिक आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं। 1965 में ही सीमापार आतंकवाद खत्म हो सकता था, लेकिन तब की लाल बहादुर शास्त्री की अगुआई वाली केंद्र सरकार युद्ध में प्राप्त सामरिक लाभ को रणनीतिक लाभ में बदलने में असमर्थ रही।

## आज वॉट्सएप पर मौसम अपडेट मिलता है : मोदी

### 10 सालों में साइक्लोन से जनहानि जीरो, पहले हजारों जानों को नियति कहकर टाल देते थे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को भारतीय मंडपम में आयोजित भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम ने यहां 25 मिनट की स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने आईएमडी के विकास, उसके महत्व और चुनौतियों के बारे में बात की। पीएम ने कहा- आज मौसम से जुड़ी सारी अपडेट वॉट्सएप पर मिल जाती है। पिछले 10 सालों में कई साइक्लोन आए, लेकिन हमने जनहानि को जीरो या सबसे कम करके दिखाया।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करें – सीएमएचओ डॉ बिन्दल

## ब्लॉक देवगढ़ व भीम की विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** शत प्रतिशत लोगो की आभा आईडी बनाने, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना तहत अधिक से अधिक लोगो योजना के लाभ बताकर रजिस्ट्रेशन करवाने, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ईकेवाईसी करने एवं कार्ड वितरण करने, पीएमजेएवाई योजना के तहत वय वंदन कार्ड हेतु 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिको के रजिस्ट्रेशन का कार्य करने तथा मां वाउचर योजना से शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित करने। यह सभी कार्य प्राथमिकता से पूरे करने है इसके लिये सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में आशाओं के साथ कार्ययोजना बना कर शीघ्र पूरा करें। यह निर्देश सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने ब्लॉक देवगढ़ एवं ब्लॉक भीम में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में दिये।

उन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रेरीत करते हुए कहा कि आपके प्रयासो से सरकार द्वारा संचालित योजना में किसी योग्य वंचित का निःशुल्क उपचार मिलता है या किसी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सहायता मिलती है तो यह हम आप सभी के लिये गौरव करने जैसा है और हम सभी का दायित्व भी है कि हम इन कार्यो को तेज गति के साथ पूरा करें। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत लक्ष्यों को पूरा करने तथा कार्यक्रम पुरूषो की सहभागिता के लिये सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से परिवार कल्याण के तहत योग्य दम्पत्तियों से संपर्क करे तथा उपलब्धि हांसिल करें। उन्होंने गैर संक्रामक रोगो की रोकथाम को लेकर 30 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों की सर्वे एवं स्वास्थ्य जांच करने तथा नियमित रिपोर्टीग करने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने टीबी मुक्त ग्राम पंचायतो हेतु संचालित 100 दिवसीय कैंपेन को लेकर अब तक की गई गतिविधियों का समीक्षा की तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिये निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी




प्रभारीयों को निर्देशित किया कि चिकित्सा संस्थान पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का ओपीडी में गैर संक्रामक रोगो की रोकथाम के लिये हैल्थ स्क्रीनिंग, आभा आडी बनाने, 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुर्जुगो का प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना मे रजिस्ट्रेशन का कार्य अनिवार्य रूप से तत्काल शुरू किया जाये। बैठक में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवगढ़ डॉ लोकेश यादव, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी भीम डॉ प्रवीण सैनी सहित सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी उपस्थित एवं सम्बन्धित ब्लॉक के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

## डिस्ट्रिक्ट टैलेंट सर्च एग्जाम-2025 के पोस्टर का हुआ विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** के. डी. जैन ग्रुप के तत्वाधान में आयोजित होने वाले डिस्ट्रिक्ट टैलेंट सर्च एग्जाम-2025 का पोस्टर विमोचन शाला निदेशक सुयश तातेड़ एवं सह निदेशक हिमांशु जैन के द्वारा किया गया। निदेशक सुयश तातेड़ ने बताया कि ब्यावर जिले में इस तरह का टैलेंट सर्च एग्जाम पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जो बालकों में टैलेंट को पहचानने, पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करने एवं स्वस्थ प्रतियोगिता को प्रोत्साहन देने के लिए किया जा रहा है। साथ ही साथ इस टैलेंट सर्च एग्जाम के माध्यम से विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता भी प्राप्त हो सकेगी। 500 विद्यार्थियों को उनकी परफॉरमेंस के आधार पर 10 लाख रू. तक की छात्रवृत्ति दी जायेगी। साथ ही टॉप 3 विद्यार्थियों को रैंक के अनुसार केश वाउचर जीतने का अवसर दिया जायेगा। सह निदेशक हिमांशु जैन ने बताया कि इस एग्जाम के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा की तैयारी करने के साथ ही साथ छात्रवृत्ति प्राप्त करने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है।

कौन एवं कैसे कर सकते है आवेदन – जो भी विद्यार्थी अभी कक्षा 8, 9, 10 एवं 11 वीं अध्ययनरत है वह सभी ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। जिसका लिंक के. डी. जैन ग्रुप के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। आवेदन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। के डी. जैन ग्रुप के तत्वाधान में यह एग्जाम करवाया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जानकारी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करके प्राप्त की जा सकती है।

एग्जाम कब होगा एवं पाठ्यक्रम क्या होगा– दिनांक 23 फरवरी 2025 को यह एग्जाम आयोजित होगा। तथा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2025 होगी। जिस कक्षा में विद्यार्थी अध्ययनरत् है उसी कक्षा का पाठ्यक्रम से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जायेंगे। अर्थात पढ़ाई के साथ-साथ ईनाम जीतने का सुनहरा अवसर है।

## मकर संक्रांति पर हुआ पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ऐश्वर्या कॉलेज में मकर संक्रांति के अवसर पर पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कबड्डी, रस्साकशी, सीतोलिया, म्यूजिकल चेयर, पतंगबाजी, खो-खो और बर्फ पानी जैसे खेलों ने छात्रों को खूब उत्साहित किया। क्लब सचिव छात्रा प्रांजल मोगरा ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व हमारी संस्कृति में उत्सव का पर्व है और इस दिन आयोजित होने वाले पारंपरिक खेल हमें हमारी संस्कृति से जोड़े रखते हैं। प्रियल जोशी, महावीर वैष्णव, नेहा नायक, रक्षिता जैन, प्रियंशी व्यास, जया डांगी, याशी जैन, खुशी परेख, शुभम डांगी, योगेश सुथार, सारिका जैन, भार्गव वैष्णव सहित कई अन्य विद्यार्थियों ने खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विद्यार्थियों ने एक.दूसरे को एवं शिक्षक गणों को गुड़ एवं तिल खिलाकर कर मकर संक्रांति की बधाइयां दीं। प्राचार्य डॉ रितु पालीवाल ने सभी विद्यार्थियों को मकर संक्रांति की बधाई दी और इन पारंपरिक खेलों को खेलने और गौरवशाली भारतीय संस्कृति को समझने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मार्बल व्यापारियों द्वारा मकर संक्रांति पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,मार्बल एसोसिएशन ने जीता क्रिकेट मैच



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन एवं उदयपुर मार्बल प्रोसेसर समिति के संयुक्त तत्वाधान में आज फिल्ड क्लब मैदान पर मकर संक्रांति का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास व पारिवारिक रूप में संपन्न हुआ। समारोह के अतिथि उदयपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स से मनीष गलुण्डिया, रिको के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अजय पंड्या, एस. के. नेनावटी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा, सिडबी बैंक के महाप्रबंधक अभय जैन, भाजपा जिला महासचिव किरण जैन के आतिथ्य में खेल दिवस मनाया गया। प्रातः से ही बच्चें, महिलाएं व बुजुर्ग उत्सवी माहौल में आने प्रारंभ हो गए। कार्यक्रम के आरंभ में उदयपुर मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज गंगावत, सचिव नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र मोर, कोषाध्यक्ष कुलदीप जैन, उदयपुर मार्बल प्रोसेसर समिति के अध्यक्ष कपिल सुराणा, महासचिव डॉ. हितेष पटेल सभी अतिथियों का ऊपरना एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। अतिथियों ने दोनों एसोसिएशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मार्बल व्यवसाय के लिए यह पर्व वास्तव में ऐतिहासिक है क्योंकि इतने बड़े व्यावसायिक व औद्योगिक समूह का आपस में मिलकर इस तरह से आयोजन लगातार 30 वर्षों से पारिवारिक तौर पर मनाया जाना अविस्मरणीय व गौरव की बात है। उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता क्रिकेट में उदयपुर मार्बल प्रोसेसर समिति की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 10 विकिट खो कर 143 रन बनाए जिसके जवाब में उदयपुर मार्बल एसोसिएशन ने 15.1 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर किया। मैन ऑफ द मैच विश्वास चौबीसरहे। उन्होंने मैच को जिताने में 44 गेंदों में 73 रन का अहम योगदान दिया।

### ताल छापर पक्षी उत्सवःऑनलाइन नेचर फोटोग्राफी और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

## एसपी जय यादव ने किया पोस्टर का विमोचन, पक्षी संरक्षण को बताया समय की आवश्यकता

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने जिला मुख्यालय पर ताल छापर बर्ड फेस्टिवल 2025 के प्री- इवेंट्स के तहत होने वाली ऑनलाइन फ़ोटोग्राफ़ी और पेंटिंग प्रतियोगिताओं पोस्टर का विमोचन किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पक्षी संरक्षण आज के समय की महत्ती आवश्यकता है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को समझने में सहायता मिलेगी। इन प्रतियोगिताओं से जुड़ने से प्रतिभाओं को वन्य जीवों और प्रकृति से जुड़ने के साथ अपनी कला को रचनात्मक तरीक़े से प्रदर्शित करते हुए कला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण को प्रोत्साहित करने का अवसर मिलेगा। एसपी यादव ने कहा कि पक्षी कितने खूबसूरत होते हैं, यह उनको देखने से पता चलता है। पक्षियों के कारण ही हमारे आसपास चहल-पहल रहती है। उन्होंने कहा कि 1 और 2 फ़रवरी को होने वाला तालछापर बर्ड फ़ेस्टिवल का आयोजन वाक़ई अनूठा प्रयास है। चूरू के जिला प्रशासन, वन विभाग, नगर पालिका छापर और संप्रीति संस्थान की यह पहल अभिनव है। आयोजन से जुड़े मुदित तिवाड़ी ने जिला पुलिस अधीक्षक को आगामी एक व दो फरवरी को ताल छापर अभयारण्य में होने वाले पक्षी पर्व व ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन



नेचर फोटोग्राफी में 2 श्रेणियों में प्रविष्टियाँ माँगी गई हैं। प्रोफ़ेशनल और एमेच्योर प्रतियोगिता का विषय 卐नेचर थ्रू द लेंस (प्रकृति लेंस के माध्यम से)卐 रखा गया है। दोनों ही श्रेणियों में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं।

ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता में 3 आयु वर्ग रखे गए हैं, बाल (8-12 वर्ष), किशोर(12-18 वर्ष), वयस्क (18 वर्ष से अधिक)। एक प्रतिभागी अधिकतम 3 प्रविष्टि भेज सकता है। पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय पक्षी और प्रकृति, ताल छापर वन्य जीव अभयारण्य, वन्य जीव संसार, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता रखे गए हैं। प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने के लिए इच्छुक प्रतिभागी को फ़ेस्टिवल की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फ़ॉर्म भरना होगा। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5100/-, 3100/-, 2100/- रुपए के नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र, फ़ेस्टिवल के दौरान प्रदर्शनी और ताल छापर अभयारण्य की गाइड यात्रा का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर वन्य जीव लेखक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, सुजानगढ़ ने कहा कि पक्षी संरक्षण के प्रति जन जागरण का यह अनूठा अभियान है। इस अवसर पर नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्ड लाइफ सोसायटी ताल छापर के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी, वन मित्र हरिप्रसाद जोशी, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर पार्थ सोनी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों को संबल प्रदान करने के लिए जिले की सभी पंचायत समिति परिसर में आज से शिविर आयोजित होगें

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने एक आदेश जारी कर दिव्यांगजनों को संबल प्रदान करने के लिए बीस हजार तक के अंग उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु चिन्हीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड जारी कराए जाने के लिए पंचायत समिति मुख्यालयों पर निम्नानुसार शिविर आयोजित किये जायेंगे । उन्होने बताया कि शिविर से पहले स्वावलम्बन पोर्टल पर नवीन आवेदन / लंबित आवेदनों का निस्तारण व योजनाओं से लाभान्वित कराए जायेगें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने उक्त शिविरों के लिए संबंधित ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त करते हुए निर्देशित किया है कि वह अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक दिव्यांगजनों को निर्धारित दिनांक को शिविर स्थल तक पहुंचने की सुनिश्चितता कराने के आदेश दिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने बताया कि विशेषज्ञों / कार्मिकों की शिविर स्थल पर ड्यूटी मय आवश्यक उपकरण एवं मोहर के लगाते हुए निर्धारित दिनांक एवं स्थल पर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक अपनी उपस्थिति देते हुए ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करवाने एवं हेल्पडेस्क की व्यवस्था लगवाने के आदेश दिये।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गहलोत ने बताया कि 15 जनवरी को जवाजा पंचायत समिति परिसर में राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय से पदस्थापित करते हुए अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविन्द अग्रवाल, ईएनटी से डॉ.कपिल देवड़ा, डॉ. मेडिसन से डॉ. विवेक भटनागर एमडी, मनोचिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध भार्गव व नेत्र रोग की डॉ. हेमलता बाकोलिया उपस्थित रहेगें। ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने वाले कार्मिकों में गणेश सोनी, सहायक प्रोग्रामर, मंयक सोनी लैब टैक्निशियन, असलम नर्सिंग ऑफिसर होगें। इसी तरह 16 जनवरी को मसूदा पंचायत समिति परिसर में ईएनटी के डॉ. गिरिराज प्रसाद त्रिवेदी, एम फिजिशियन डॉ. मनोज कुमार नवल, मनोचिकित्सक डॉ. हिमांशु फुलवारी, नैत्र मन्जु गगरानी, अस्थी रोग विशेषज्ञ नदीम सरदार रहेगें। वहीं 17 जनवरी को रायपुर पंचायत समिति में अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. अनुप तिवारी, ईएनटी नरेश कुमार गोठवाल, मेडिसन एमडी डॉ. संजय शर्मा, मनोचिकित्सक डॉ. किशोर पटेल व नेत्र रोग विशेषज्ञ नेत्र रोग डॉ हेमलता बाकोलिया, 18 जनवरी को जैतारण पंचायत समिति में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ प्रेम मनोहर सिरवी, ईएनटी डॉ.कपिल देवड़ा, डॉ. देवेन्द्र कुमार सोलंकी, मनोचिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध भार्गव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजू गगरानी व 20 जनवरी को बदनोर पंचायत समिति परिसर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. नदीम सरदार, ईएनटी डॉ. गिरिराज प्रसाद त्रिवेदी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमलता बाकोलिया, एमडी मेडिसन के डॉ. मनोज कुमार नवाल रहेगें।

## विप्र फाउंडेशन सरदारशहर ने विवेकानंद जयंती एवं भारत माता पूजन व युवा प्रतिभाओं को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर( सुरेश लाटा )।** विप्र फाउंडेशन सरदारशहर द्वारा भारत माता पुजन व युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व मजिस्ट्रेट श्याम लाटा एवं विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार प्रह्लाद पारिक ने दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारम्भ विप्र फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा ने कहा की राष्ट्र के मान बिन्दुओ, महापुरुषों, धर्म एवं संस्कृति का सम्मान से ही राष्ट्र का उत्थान संभव कार्यक्रम अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी ने व्यक्तिगत स्वार्थ हेतु जातीय विद्वेष और अशिक्षा को बताया देश की प्रगति मे बाधक बताते हुए इस प्रकार के आयोजन की बताई आवश्यकता इस अवसर पर पिंकी पारीक एवं अंजना भोजक ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े गीत जिनके ओजस्वी वचनों से गूंज उठा था विश्व गगन की भाव पूर्ण दी प्रस्तुति विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रभा पारीक ने दिया महिलाओ को शिक्षा और समाज सेवा मे आगे आकर नेतृत्व क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया

तहसील महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू




दाधीच ने महिलाओ के कौशल विकास पर जोर देते हुए बताया की संगठित और संस्कारित परिवार ही सुखी और आनंदित रह सकता है

इस अवसर विप्र समाज के सी ए की उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओ को भी सम्मानित किया गया । वन्दे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम समापन किया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने विप्र फाउंडेशन ने स्वजातीय गतिशीलता,उन्नत समाज व समर्थ राष्ट्र को संगठन का मूल मन्त्र बताया। विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा,तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़,कोषाध्यक्ष शुभकरण पारिक,देहात अध्यक्ष मांगीलाल सेवदा, नगर अध्यक्ष नरेन्द्रसिँह राजपुरोहित, राजेन्द्र तिवाड़ी, गिरधारीलाल सैनी,गायत्री परिवार के ओमप्रकाश पारीक, बनवारीलाल जांगिड़, गिरधारीलाल पारीक, सुरेन्द्र दाधीच,विमल जम्मड़, जुगल प्रजापत, सुशील प्रजापत, रामगोपाल जोशी, नोरतन दर्जी सहित मातृ शक्ति भी उपस्थित रही ।

## धाकड़ परिवार ने 25000 वस्त्रों का निःशुल्क वितरण कर रचा इतिहास

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** स्व. भेरूलाल सुरजदेवी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से महाराणा भूपाल सार्वजनिक चिकित्सालय के बहिरंग विभाग के बाहर 9 दिनों में जरूरतंद 25 हजार से अधिक महिला,पुरूष एवं बच्चों को सामान्य एवं उनी वस्त्र वितरीत कर इतिहास रचा। ट्रस्टी अंजुला एवं डी. पी. धाकड़ बताया कि 9 दिन में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक खड़े रह कर अपने हाथों से 5000 जरूरतमंद परिवारों को 25000 वस्त्रों का निःशुल्क वितरण कर एक इतिहास बनाया। यह महावस्त्रदान अभियान उनकी माताश्री स्व. सूरजदेवी एवं पिताश्री स्व. भेरूलाल धाकड़ की स्मृति में आयोजित किया गया। महाराणा भूपाल चिकित्सालय' में उदयपुर के आसपास के गांवों के हजारों जरूरतमंद मरीज़ इलाज के लिए आते है। इसलिए यह वस्त्रदान बहिरंग विभाग (व्व्क) के बाहर दिनांक 19 से 21 दिसंबर एवं 9 से 14 जनवरी को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक आयोजित किया गया। जरूरतमंद मरीजों की तकलीफ को देखते हुए भविष्य में इसे वापस आयोजित किया जाएगा। इस साल सर्दी का प्रकोप बहुत ही ज्यादा है और शीतलहर चल रही है। इस हाड़ कंपाने वाली सर्दी में गरीब और बीमार लोगों को बिना ऊनी वस्त्रों के बहुत ही तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। उनकी इस तकलीफ को ध्यान में रखते हुए '5000 परिवारों को उनकी पसंद के 5 वस्त्र निःशुल्क' प्रदान किए गए। इन वस्त्रों में पुरुष,महिलाएं,बच्चों के लिए कोट,जैकेट,स्वेटर,टी शर्ट, पेंट,शर्ट जीन्स इत्यादि शामिल थे।

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** नेहरू युवा केन्द्र राजसमंद एवं न्यू आजाद मित्र मण्डल, बिजनोल के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजनोल में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में मनाई जा रही हैं, इस कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान टीना सुथार द्वितीय स्थान तनीषा जैन एवं तृतीय स्थान पूजा कुंवर चुंडावत ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री जगदीश चौधरी ,अध्यापक अर्जुन सिंह चौधरी,नरेंद्र कुमार मीणा,विजेंद्र पाल सिंह राठौड़,प्रवीण माली, अध्यापिका सुनीता त्रिवेदी,शांता कुमारी सालवी व अंबिका स्वामी भी उपस्थित रहे। न्यू आजाद युवा मित्र मंडल के सदस्य ओम प्रकाश तेली ने विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया।



## जीवन मल नाहाटा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा 500 कंबल वितरण

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** जीवन मल नाहाटा मेमोरियल ट्रस्ट दरियागंज नई दिल्ली द्वारा पारंपरिक श्रद्धा के साथ कंबल वितरण समारोह सरदारशहर में ट्रस्ट के प्रतिनिधि पूनमचंद पारीक द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को 500 कम्बल का वितरण किया गये। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रतिनिधि पारीक ने बताया कि जरूरत मंद लोगों का सर्वे कर सर्दी में राहत पहुंचाने के लिए ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष उच्च क्वलिटी की कम्बल वितरण की जाती है। जिससे उन्हे सर्दी कि एहसास न हो। कार्यक्रम में दुर्गाराम पारीक, नेता प्रतिपक्ष राजेश पारीक, परमेश्वरलाल दुबे, राकेश पारीक, महेंद्र गोस्वामी राजकुमार माली, सत्यनारायण जांगिड़ अशोक महर्षि, डां.गजानंद, सुरेश तिवारी, किशन फुलफकर सहित शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

# सीएसटी ने पकडा 8.79 लाख रुपये अवैध मादक पदार्थ

## दो महिला सहित छह तस्करों को पुलिस ने धर-दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' अभियान के तहत श्याम नगर और हरमाडा थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले खिलाफ चार मामले दर्ज कर दो महिलाओं सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ मार्डन ड्रग्स (एमडी) 2.81 ग्राम ,स्मैक 36.59 ग्राम, गांजा 27 ग्राम एवं बिक्री की राशि दो लाख पन्द्रह हजार रुपये बरामद किए गया। पुलिस के अनुसार जब्त की गई मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय कीमत आठ लाख 79 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने श्याम नगर और हरमाडा थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले खिलाफ चार मामले दर्ज कर

महिला तस्कर प्रेरणा निवासी श्याम नगर, रेशमा निवासी श्याम नगर ,राजू सिंह उर्फ राजवीर निवासी बीकानेर हाल श्याम नगर,साहिल खान उर्फ फैजान निवासी टोक हाल श्याम नगर,आशु मोहम्मद उर्फ आशु निवासी श्याम नगर और फौजी उर्फ अशोक कुमार निवासी हरमाडा जयपुर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ मार्डन ड्रग्स (एमडी) 2.81 ग्राम ,स्मैक 36.59 ग्राम, गांजा 27 ग्राम एवं बिक्री की राशि दो लाख पन्द्रह हजार रुपये जब्त किए गए गए है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे मे पूछताछ करने में जुटी है।

# मकर संक्रांति पर पचपन से ज्यादा लोग पतंगबाजी के दौरान घायल होकर अस्पताल पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में मकर संक्रांति पर गुलाबी नगरी जयपुर में मंगलवार को जमकर पतंगबाजी हुई। हालांकि इस दौरान लापरवाही के चलते कई लोग छत से गिरकर घायल हो गए तो कुछ मांझे के कारण घायल होकर जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचे। इनमें से कुछ मरीज ऐसे है, जिनके पतंग उड़ाने के दौरान गिरने या लूटने के दौरान टक्कर लगने से सिर में चोट आई है। वहीं कुछ मरीज ऐसे है, जिनके मांझे से चेहरे, हाथ और गले आदि जगह कट लग गए है। डॉक्टर के मुताबिक कुछ गंभीर मरीजों पोलीट्रोमा वार्ड में भर्ती किया है।

ट्रोमा सेंटर के इंचार्ज और ऑर्थोपेडिक्स डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि हॉस्पिटल में पन्द्रह जनवरी तक के लिए इमरजेंसी में विशेष व्यवस्था की गई है। इसमें ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरो सर्जरी के अलावा एनेस्थीसिया, जनरल सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी और ईएनटी के डॉक्टर्स की भी ड्यूटी लगाई है।

डॉ. ने बताया कि 13 जनवरी से 14 जनवरी शाम तक पचपन मरीज ट्रामा सेंटर में अब तक आ चुके है, जो पतंगबाजी के दौरान घायल हुए है। इसमें से कुछ मरीजों के सिर में चोट लगी है, जबकि कुछ मरीज मांझे से कटने के बाद उपचार के लिए यहां पहुंचे। कुछ गंभीर घायल मरीजों को पॉलीट्रोमा वार्ड में भर्ती किया है,जबकि शेष को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। गौरतलब है कि 13 से 15 जनवरी तक ज्यादातर मामले मांझे से कटने के आते है। इसमें गर्दन,नाक के कटने के अलावा हाथ और चेहरे पर मांझे से गंभीर रूप से कटने के मामले आने की स्थिति को देखते हुए ईएनटी और जनरल सर्जरी के डॉक्टर्स की विशेष ड्यूटी लगाई जाती है। इसके अलावा पतंगबाजी के दौरान छत से गिरने अथवा पतंग लूटते समय दुर्घटना में घायल होने के भी कुछ मामले आते है। इसे देखते हुए न्यूरोसर्जरी और ऑर्थोपेडिक्स के डॉक्टर भी राउड दि क्लॉक ड्यूटी पर रहते है।

# पशु चिकित्सा अधिकारी और दलाल 12 हजार 600 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## पशुओं-मवेशियों के कानों पर टैग लगाने और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने की एवज मांगी थी रिश्वत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की राजसमंद चौकी ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए राजकीय पशु चिकित्सालय रिछेड अतिरिक्त चार्ज राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय कुंभलगढ़ जिला राजसमंद के पशु चिकित्सा अधिकारी दिव्यम जाजोरिया और उसके दलाल तरुण गमेती को पशुओं-मवेशियों के कानों पर टैग लगाने और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने की एवज में 12 हजार 600 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि परिवादी ने एसीबी की राजसमंद चौकी में शिकायत दी कि राजकीय पशु चिकित्सालय रिछेड का पशु चिकित्साधिकारी दिव्यम जाजोरिया स्वयं की एवं गांव के अन्य पशुपालकों के पशुओं-मवेशियों के कानों पर टैग लगवाने और उनका स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने की एवज में राशि 600 रूपये प्रति पशु-मवेशी के हिसाब से 12 हजार 600 रूपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी चौकी राजसमंद के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत चारण के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी दिव्यम जाजोरिया और दलाल तरुण गमेती को रिश्वत राशि 12 हजार 600 रुपये लेते गिरफ्तार किया गया है।

# जनसुनवाई व जिला सतर्कता समिति की बैठक 16 जनवरी को

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई व जिला सतर्कता समिति की बैठक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में आगामी 16 जनवरी गुरूवार को प्रात- 11 बजे पंचायत समिति कोटपूतली के वीसी कक्ष में आयोजित की जायेगी। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरण एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी।

## नाम परिवर्तन

यह कि भारत सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट में मेरा नाम महेश कुमार सिन्धी पुत्र श्री घनश्याम दास सिन्धी निवासी गणगौरी बाजार फुलेरा अंकित है। मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम महेश कुमार सबनानी अंकित है। मेरा वास्तविक नाम महेश कुमार सबनानी है मेरे सभी सरकारी दस्तावेजो में भी यही नाम दर्ज है।मुझे भविष्य में महेश कुमार सबनानी पुत्र श्री घनश्याम दास सिन्धी निवासी गणगौरी बाजार फुलेरा के नाम से जाना व पहचाना जाये।





# वो काटा वो मारा के शोर के बीच मनाया रामाज फेमिली ने मकर सक्रांन्ति का पर्व

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में मकर संक्रांति का पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। रामाज फेमिली ने भी इस पर्व को बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। छतों पर दिनभर लोगों की चहल-पहल और पतंगबाजी का उत्साह देखने लायक रहा। रंग-बिरंगी पतंगों से सजे आसमान और धुनों की गूंज के बीच पतंगबाजी का शोर हर गली में सुनाई दे रहा था। इससे पहले सुबह-सुबह घर के सदस्य मंदिर और गोशालाओं में गए। गायों को चारा खिलाया और अपने ईष्टदेव के दर्शन किए।

# मकर संक्रांति का पर्व मनाया



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी निर्मल कुमावत ने मकर संक्रांति का पावन पर्व भारतीय जनता पार्टी परिवार के कार्यकर्ताओं के मध्य पहुंचकर,पतंगबाजी कर तथा मिठाई का आदान प्रदान कर बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर निर्मल कुमावत ने सभी कार्यकर्ता बंधुओं और फुलेरा विधानसभा क्षेत्रवासियों को शुभेच्छा प्रेषित करते हुए कहा कि उत्तरायण का सूर्य आपके सपनों को नई ऊष्मा एवं ऊर्जा प्रदान करें तथा आप सभी के यश और कीर्ति में उत्तरोत्तर वृद्धि हो,आप सभी अपने परिजनों सहित सदा स्वस्थ रहें,ऐसी सूर्य नारायण भगवान से प्रार्थना है।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षद महावीर प्रसाद जैन, नीलेश जैन नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, गजेंद्र सिंह शेखावत, राजू दाधीच, त्रिलोक चंद शर्मा, सरदार सिंह चौधरी, सुरेश कुमार सैनी, श्रवण वर्मा, राजकुमार सैनी,भूपेंद्र गुप्ता,अनिल शर्मा टीटू, मोहित कार्डिया, सुमित्रा सिंह नाथावत,ममता कुमावत, केपी गगरानी, सोनू मनवानी, हरि नारायण कुमावत, संजय शर्मा,संदीप जैन गोपी,राहुल जैन, महेश सोनी, महेंद्र कुमावत, मुकेश गैनोलिया, सुरेश कुमार बडजात्या, निखिल जैन, सुरेश चंद शर्मा, राय बहादुर जैन,सफी मोहम्मद, मोहनलाल मारोठिया, यादराम गौड़, विजय जैन लाला, सुनील गुर्जर, राजू दुलानी, मुकेश कुमावत, महावीर बेनाडा, मनीष गगरानी, सोमिल, मनन बडजात्या, कुशाल जैन, मनोज जैन, सुभाष शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नादान परिंदे ने गवाया अपना पेर



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** कस्बे में मकर सक्रांति पर जहा चारो तरफ आसमान पतंगों से सरोमार रहा। वहीं बेजुबान परिंदे ने चाइनीज मांझे से अपना एक पेर गवा दिया। वन्यजीव व पर्यावरण संरक्षण में कार्यरत संस्था डबल्यूसीओ वाइल्ड लाइफ करिएचर ऑर्गेनाइजाशन ने नगर पालिका परिसर फुलेरा के बाहर तीन दिवसीय निःशुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर लगाकर मंझे से घायल पक्षियों का उपचार किया। एक जलीय पक्षी रेड वेटल्ड लेपविंग मांझे में उलझने की वजह से खुन मे लहूलुहान हालत में रेस्क्यू सेंटर लाया गया। जिसका एक पेर मांझे मे उलझने की वजह से कट कर टूट चुका था। संस्था संस्थापक ओमप्रकश पिंटी ने बताया की टीम के सदस्यों व पशु चिकित्सक द्वारा पक्षी का उपचार किया गया, पेर की हड्डी पुरी तरह से टूटी होने की वजह से उसका पेर शरीर से अलग हो गया था, जिसका उपचार पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सक रामनिवास भटेश्वर विष्णु जाजोटर व संस्था के सदस्यों ने उपचार किया। शिविर में सदस्य धनराज शर्मा, मोहित, रजत,अजय, आरती, पूजा, पायल, प्रियांशी, रिचा, साक्षी ने भी सहयोग किया। दूसरे दिन समाचार लिखने तक चिकित्सा शिविर मे लगभग एक दर्जन पक्षियों का उपचार किया गया।

# जरूरतमंद लोगों को 51 कंबल वितरित किए

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे मे मकर संक्रांति के पर्व पर गरीब बेसहारा एवं जरूरतमंद? लोगो को डॉअभिलाषमीणा, व नमन बसल ने घर घर जाकर जरूरत मंदो को कंबल प्रदान किए व तालाब हनुमान जी, मन्दिर गौशाला में गायों के लिए हरा चारा खिलाया कार्यक्रम संयोजक मैं अभिलाष मीणा, नमन बंसल की और से कंबल वितरण हुआ।इस अवसर पर प्रेमविर सिंह मीणा एड?वोकेट, ने कांग्रेस पूर्व प्रवक्ता के. एम बेसल, रोहिताश सैनी (हलवाई) एड बंजरग शर्मा, अजय मीणा, एड अनिल आर्य, कमल मीणा, सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।

# जयपुर पुलिस अनूठे तरीके से मनाई मकर संक्रांति

## कच्ची बस्ती में रहने वाले बच्चों को पतंग-मांझे और गिफ्ट दी

### पतंग-डोर और गिफ्ट पाकर कच्ची बस्ती के बच्चों के खिल उठे चेहरे

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में जहां सुबह से ही दान-पुण्य और पतंगबाजी का दौर में छतों पर वो काटा का शोर सुनाई दे रहा है। इस बीच जयपुर पुलिस के अधिकारियों ने अनूठे तरीके से मकर संक्रांति का पर्व मनाया। जहां जयपुर पुलिस के अधिकारियों ने झालाना कच्ची बस्ती और खारवाल बस्ती गलता गेट के बच्चों के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया।

जहां जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच और जयपुर (पूर्व) पुलिस उपायुक्त तेजस्विनी गौतम और पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा झालाना कच्ची बस्ती और खारवाल बस्ती गलता गेट पहुंचे और नन्हे बच्चों को पतंग,डोर और गिफ्ट दिए गए। पुलिस अधिकारियों से पतंग-डोर और गिफ्ट पाकर कच्ची बस्ती के बच्चों के चेहरे खिल उठे। बच्चों ने अपने पसंद और आकार की पतंग ली। इसके साथ ही अधिकारियों ने बच्चों को तिल के लड्डू और तिल से बनी मिठाइयां भी दी। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्विनी गौतम ने बताया कि मकर संक्रांति पर अधिकारियों ने झालाना कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ मकर संक्रांति मनाई।

# जिला स्तरीय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला स्तरीय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा बैठक एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें एडीएम द्वारा इस वर्ष अधिक से अधिक ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करवाने के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिये गये। इसके लिये क्षेत्र में सभी स्वास्थ्य कार्मिकों को विभाग द्वारा निर्धारित सूचकांकों के अनुसार जिला स्तर पर रिपोर्टिंग करवाने के निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत द्वारा सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को क्षेत्र में ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने हेतु सर्वे कार्य प्रारम्भ करने एवं टीबी मरीजों को दी जाने वाली सहायता राशि को शत प्रतिशत ऑनलाईन करने के निर्देश दिये गये। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. जय भगवान यादव द्वारा ओपीडी में आने वाले तीन प्रतिशत मरीजों की टीबी की स्क्रीनिंग कर रोगियों का पूर्ण उपचार करवाने एवं समय पर फॉलोअप किये जाने के निर्देश दिये गये। जिला कार्यक्रम समन्वयक रविकांत जांगिड़ ने माँ आयुष्मान योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक ईकेवाईसी एवं आभा आईडी बनाने के बारे में जानकारी दी गई तथा चिकित्सा संस्थानों द्वारा गर्भवती महिलाओं की आयुष्मान योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक निःशुल्क सोनोग्राफी हेतु वाउचर काटने के बारे में अवगत करवाया गया।

माँ वाउचर योजना के अन्तर्गत प्रत्येक माह आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के दिन संस्था पर आने वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी हेतु अधिक से अधिक वाउचर काटने के बारे में अवगत करवाया गया। सीएमएचओ द्वारा सीनियर सिटीजन का आयुष्मान योजना में अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सभी बीसीएमओ, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीएचएस व एसटीएस मौजूद रहे।

# उप कारागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** के ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित उप कारागृह में मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति में मकर संक्रांति का अधिक महत्व है। इस मौके पर लक्ष्मीनारायण व श्री हरिहर सत्संग मंडली के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जेलर प्रेमप्रकाश मीणा ने कहा कि जो व्यक्ति अपने धर्म पर रहेगा वो ही धर्म व राष्ट्र रक्षा करेगा। इस दौरान सतीश शर्मा, शेरसिंह यादव, सुबराम शर्मा, बिल्लू, रोशन, अंतराम, संतु समेत अन्य मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

# भारत के विचार को आगे बढ़ाता संघ, बढ़ती जा रही भूमिका

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरा करने जा रहा है। ऐसे में यह पूरा वर्ष संघ पर बौद्धिक विमर्श का होगा। इसमें आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत के हाल के अनेक रूपांतरकारी विचारों की भी चर्चा होगी। उनके ये विचार धीरे-धीरे संघ एवं भारतीय समाज को आंतरिक एवं बाह्य रूप से प्रभावित भी करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कभी ऊपर से आए विचार आधार तल तक जाते हैं तो कई बार आधार तल से उठे विचार ऊपर तक पहुंचते हैं। संघ आज एक बड़ी भूमिका में है। वह एक तरह से समाज निर्माण की प्रक्रिया निभाते हुए दुनिया भर में कुटुंब भाव जगाने की आकांक्षाओं से भरा है। ऐसे में उसकी पहल गुणात्मक रूप से भी परिवर्तनकारी होगी। इसी भूमिका की छाया मोहन भागवत के प्रयासों में आजकल लगातार दिख रही है। हाल के समय में मोहन भागवत ने भारतीय समाज को जोड़ने के लिए अनेक साहसिक विचार व्यक्त किए हैं। वह संघ के इतिहास में एक सामाजिक भविष्यदर्शी प्रमुख के रूप में उभरे हैं। वह एक संघर्षविहीन भारत एवं विश्व के निर्माण के लिए बार-बार हस्तक्षेप कर रहे हैं। उनके ये हस्तक्षेप वस्तुत: उस भारतीय मानस की अभिव्यक्ति है, जिसके मूल में हिंदू मानस की अंत:शक्ति निहित है। उनकी यह कोशिश है कि हिंदू मानस इस अंत:शक्ति को अपनाकर एक संघर्षविहीन परिवर्तनकारी दुनिया रचे, जिसकी दिशा एवं दृष्टि समाहार पर टिकी हो। आज साम्राज्यवादी अहंकार, स्वार्थी आकांक्षा, बाजार की नकारात्मक प्रतिद्वंद्विता ने दुनिया में अनेक तरह के टकरावों एवं युद्धों को जन्म दिया है। एक तरफ यूक्रेन एवं रूस का युद्ध चल रहा है, तो दूसरी तरफ इजरायल, फलस्तीन एवं पश्चिम एशिया के देशों का घातक टकराव चल रह है। चीन की साम्राज्यवादी आकांक्षाएं भी पूरे एशिया को अपने आगोश में लेती जा रही हैं। पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में हिंसक प्रवृत्तियों का कारनामा हम देख ही रहे हैं। ऐसे में भारतीय विचार को एक प्रकाश स्तंभ के रूप में सामने लाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका बढ़ती जा रही है। मोहन भागवत आज की टकराहटों से विश्व एवं समाज को मुक्त कराने में भारतीय दृष्टि को बड़ी भूमिका में देखते हैं। वह मानते हैं कि भारतीय विचारों से ही आज के टकरावों का समाहार हो सकता है।

देश-दुनिया में टकरावों का समापन कर समरस, समाज गढ़ने के उनके साहसिक वैचारिक अभियान को अनेक बुद्धिजीवियों का समर्थन भी मिल रहा है। यह वह समय है, जब हरेक विचार का लक्ष्य समाज एवं विश्व में कुटुंब भाव पैदा करना होना चाहिए। हालांकि मोहन भागवत के विचारों की कुछ लोग आलोचना भी करते हैं, किंतु वह अपने आलोचकों की भी बात सुनते हैं, क्योंकि एक संघर्षविहीन भारतीय समाज गढ़ने के लिए यह जरूरी है। संघ प्रमुख एक तरफ इतिहास से आहत हिंदू मन की स्मृति को ठीक करने के अभियान में लगे हैं, दूसरी तरफ भारतीय समाज की दूसरी बड़ी आबादी मुस्लिम को भी टकराव छोड़कर मिल-जुल कर रहने के संदेश से जोड़ने का सतत प्रयास कर रहे हैं। वह इसे लेकर प्रयत्नशील हैं कि मन के घाव मिटाकर नए ढंग से सब लोग मिल-जुल कर रहें-ठीक वैसे, जैसे स्वामी घनानंद द्वारा लिखित 'स्वामी रामकृष्ण एंड हिज यूनिक मैसेज' पुस्तक में अभिव्यक्त किया गया है। इसमें कहा गया है कि हिंदू धर्म इस अर्थ में विशिष्ट है, क्योंकि वह ऐतिहासिक रूप से एक उच्च चेतना का प्रतिनिधित्व करता है और वह इस बात में विश्वास करता है कि अकेले कोई धर्म एकमात्र सत्य नहीं है और न ही एकमात्र मुक्ति का मार्ग।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 15 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1759 में लंदन के मोंटेगुवे हाउस में दुनिया के सब से महान मानवीय इतिहास और सभ्यता के संग्रहालयों में से एक माने जाने वाले ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई।
- 1784 में विलियम जोंस ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की स्थापना।
- 1934 में नेपाल और भारत में बहुत जबरदस्त भूकंप आया उसमें करीब 18 हजार लोगों की जाने गयी।
- 1949 को ब्रिटिश राज के भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल रॉय बुचर से के एम करियप्पा ने भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। उस दिन से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- भारतीय खाद्य निगम 1965 में स्थापना हुई।
- अंगोला की आजादी के लिए समझौते पर पुर्तग़ाल ने 1975 में हस्ताक्षर किये।
- 1988 में भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में ही 16 विकेट लिए यह उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि हैं।
- बाल्कन के देश मैसिडोनिया को 1992 में बुल्गारिया ने मान्यता दी।
- ढाका में त्रिदेशीय बांग्लादेश, भारत तथा पाकिस्तान का शिखर सम्मेलन 1998 में प्रारम्भ।
- क्वात्रोच्चि के दो बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटाने का आदेश ब्रिटिश हाईकोर्ट ने 2006 में दिया।
- 2007 में इराकी अदालत के पूर्व प्रमुख एवं सद्दाम हुसैन के सौतेले भाई फ़ाँसी पर चढ़ाये गये।
- 2013 में सीरिया की अलेप्पो यूनिवर्सिटी में हुए रॉकेट हमले में लगभग 100 लोगों की मौत तथा 150 के करीब लोग घायल।

### 15 जनवरी को जन्मे व्यक्ति

- 1856 में अश्विनी कुमार दत्त का जन्म जो भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और देश भक्त थे।
- 1918 में क्रांतिकारी यशवंत अग्रवाडेकर का जन्म हुआ। ऐसा माना जाता हैं की वह गोमांतक दल के बहुत खतरनाक क्रांतिकारी थे।
- 1921 में बाबा साहेब भोंसले का जन्म जो राजनीतिज्ञ थे।
- 1956 में मायावती का जन्म जो एक राजनीतिज्ञ हैं।
- 1957 में भानुप्रिया का जन्म जो अभिनेत्री हैं।
- 1982 में नील नितिन मुकेश का जन्म अभिनेता हैं।

### 15 जनवरी को हुए निधन

- 1761 ई. में भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध एक मराठा वीर सदाशिवराव भाऊ का निधन।1998 में भारत के भूतपूर्व कार्यकारी प्रधानमंत्री गुलज़ारीलाल नन्दा का निधन।

## विशेष आलेख

# आखिर प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा का कारण क्या है?



डॉ सत्यवान सौरभ

**आंकड़ों के अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है। पॉलिसी शून्य होने के कारण अक्सर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है यद्यपि प्रवासी कार्यबल राष्ट्रीय गौरव के प्रत्यक्ष चिह्नों में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी उनके अधिकारों को नियंत्रित करने वाली नीतियों का घोर अभाव है।**

भारत के असंगठित कार्यबल का एक महत्त्वपूर्ण लेकिन कमज़ोर वर्ग, प्रवासी श्रमिक, अक्सर सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से बाहर रह जाते हैं। दशकों से कानूनी ढाँचे और सिफारिशों के बावजूद, सामाजिक सुरक्षा तक उनकी पहुँच अपर्याप्त रही है। अंतरराज्यीय प्रवासी कामगार अधिनियम, 1979 में प्रावधान और असंगठित क्षेत्र में राष्ट्रीय उद्यम आयोग (2007) और असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम (2008) द्वारा श्रमिक पंजीकरण के लिए सिफारिशों के बावजूद, ई-श्रम पोर्टल तक प्रवासी श्रमिक आधिकारिक डेटाबेस में काफ़ी हद तक अदृश्य रहे। जबकि ई-श्रम पोर्टल पर 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, उनमें से अधिकांश को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में एकीकृत नहीं किया गया है। मौसमी और परिपत्र प्रवासियों को वंचितता, कलंक, तस्करी और सार्वजनिक सेवाओं तक खराब पहुँच सहित अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी उच्च गतिशीलता सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने को जटिल बनाती है। कई श्रमिकों में डिजिटल साक्षरता या ई-श्रम पंजीकरण और लाभ ट्रैकिंग के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुँच की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। राज्यों में अक्सर कल्याणकारी योजनाओं का असंगत कार्यान्वयन होता है, जिससे समन्वय सम्बंधी समस्याएँ पैदा होती हैं जो लाभों की पोर्टेबिलिटी को कमज़ोर करती हैं।

मौजूदा कल्याणकारी योजनाएँ जैसे कि मनरेगा, पीएम श्रम योगी मानधन और वन नेशन वन राशन कार्ड अक्सर अलग-अलग तरीके से काम करती हैं, जिससे प्रवासी श्रमिकों के लिए निर्बाध पहुँच में बाधाएँ पैदा होती हैं। 2021 में लॉन्च किए गए ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है। इसमें 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें प्रवासियों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात शामिल है। यह कल्याणकारी योजनाओं के लिए श्रमिकों की बेहतर पहचान और लक्ष्यीकरण की सुविधा प्रदान करता है। हालाँकि, यह मुख्य रूप से एक पंजीकरण अभियान है जिसका सामाजिक सुरक्षा में समावेश पर सीमित ध्यान है। 2024 में लॉन्च किया गया विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत करके पंजीकरण और सामाजिक सुरक्षा तक पहुँच के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है। इसके लाभों में एकीकृत दृष्टिकोण, लाभों की पोर्टेबिलिटी और पारदर्शी तथा श्रमिक-अनुकूल प्रक्रिया शामिल है। हालाँकि, चिंताओं में मौजूदा योजनाओं का सीमित कवरेज, श्रमिकों में जागरूकता की कमी और अंतर-राज्य समन्वय का कमज़ोर होना शामिल है। ई-श्रम पोर्टल और ओएसएस प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली सामाजिक सुरक्षा चुनौतियों को सम्बोधित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण क़दम है। हालाँकि, उनकी सफलता कार्यान्वयन बाधाओं पर काबू पाने, निर्बाध अंतर-राज्य समन्वय सुनिश्चित करने और श्रमिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर निर्भर करती है। आंकड़ों के अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है। पॉलिसी शून्य होने के कारण अक्सर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है यद्यपि प्रवासी कार्यबल राष्ट्रीय गौरव के प्रत्यक्ष चिह्नों में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी उनके अधिकारों को नियंत्रित करने वाली नीतियों का घोर अभाव है।

अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979, इस विशाल जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करने वाला एकमात्र कानून है। हालाँकि, आवास, स्वास्थ्य देखभाल, न्यूनतम मजदूरी और भेदभावपूर्ण प्रथाओं की रोकथाम के लिए इसके प्रावधान अक्सर अधूरे रह जाते हैं। प्रवासी श्रमिकों के साथ उनकी मानवता पर विचार किए बिना एक नौकरी मशीन की तरह व्यवहार किया जाता है।

# काम के घंटे बनाम काम की गुणवत्ता



सुनील कुमार महला

**इन दिनों देश में काम के घंटों पर बहस छिड़ी है। दरअसल, लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के अध्यक्ष एस.एन. सुब्रह्मण्यन द्वारा सप्ताह में 90 घंटे काम करने संबंधी बयान पर छिड़ी बहस उस समय तेज हो गई जब इसमें महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने एंट्री ले ली। आनंद महिंद्रा ने कहा है कि काम की मात्रा के बजाए उसकी गुणवत्ता पर जोर दिया जाना चाहिए। वास्तव में, आनंद महिंद्रा ने काम के घंटों पर जो बात कही है वह बिल्कुल ठीक ही है क्यों कि क्योंकि कोई व्यक्ति यदि 90 घंटे काम पर जाए, लेकिन वह कोई गुणवत्तापूर्ण काम न करे, तो उसका क्या मतलब? बिना गुणवत्ता के काम का कोई औचित्य या मतलब नहीं रह जाता है।**

कहना ग़लत नहीं होगा कि आनंद महिंद्रा की बात एक सीमा तक काम के घंटों बनाम उत्पादकता की बहस को संतुलित दिशा में लाने की एक कोशिश है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में आनंद महिंद्रा ने सप्ताह में 90 घंटे काम करने को लेकर गए पूछे गए सवाल का उत्तर देते हुए इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति और अन्य के प्रति अपना सम्मान दोहराते हुए कहा है कि %मैं गलत नहीं कहना चाहता, लेकिन मुझे कुछ कहना है। मुझे लगता है कि यह बहस गलत दिशा में जा रही है, क्योंकि यह बहस काम की मात्रा के बारे में है।% बहरहाल ,कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हर तरफ कड़ी प्रतिस्पर्धा का जमाना है। जब कभी भी प्रतिस्पर्धा की बात आती है अथवा यदि कार्य महत्वपूर्ण है तो व्यक्ति को यह चाहिए कि वह पूरे तन-मन से उसे पूरा करने में जुट जाए, लेकिन काम का मतलब अच्छा आउटपुट देने से होता है, यूं ही ठाले-निठल्ले बैठकर काम के सिर्फ घंटे पूरे करने का कोई औचित्य या मतलब नहीं है। यदि कार्य इंपोर्टेंट है तो व्यक्ति को यह चाहिए कि वह काम के लिए स्वयं को उसमें पूरी तरह से झोंके। आनंद महिंद्रा ने काम की गुणवत्ता पर ध्यान देने की बात कही है, न कि काम की मात्रा पर। महिंद्रा ने कहा है कि यह 40 घंटे, 70 घंटे या 90 घंटे की बात नहीं है। आप क्या परिणाम दे रहे हैं? भले ही यह 10 घंटे का हो, आप 10 घंटे में दुनिया बदल सकते हैं। महिंद्रा का कहना ग़लत नहीं है कि कंपनी में ऐसे लोग होने चाहिए जो समग्र तरीके से सोचें और समझदारी से निर्णय लें। उन्होंने यह भी कहा है कि हमारा मस्तिष्क दुनिया भर से आने वाले सुझावों के लिए खुला होना चाहिए, तभी हम गुणवत्ता की ओर अग्रसर हो सकते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि मनुष्य के पास चिंतन-मनन के लिए पर्याप्त समय होना चाहिए तभी हम कोई भी निर्णय लेने में सही इनपुट लगा सकते हैं। पाठकों को बताता चलूं कि पिछले वर्ष यानी कि वर्ष 2023 में, इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने यह कहकर एक बहस छेड़ दी थी कि युवाओं को देश की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सप्ताह में 70 घंटे करने के लिए तैयार रहना चाहिए। लेकिन इस पर एलएंडटी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यम ने हर हफ्ते नब्बे घंटे काम करने की बात की। अब उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने यह कहते हुए इस बहस को यू-टर्न दिया है कि काम के घंटे नहीं, बल्कि गुणवत्ता मायने रखती है।आज संपूर्ण वैश्विक परिदृश्य लगातार शनैःशनैः बदल रहा है और भारत बदलते वैश्विक परिदृश्य में अपना स्थान बना है, ऐसे में कार्य के घंटों व प्रोडेक्टीविटी पर जो बहस छिड़ी है, वह ठीक ही है, क्यों कि बात काम की गुणवत्ता या क्वालिटी पर होनी चाहिए। काम में यदि गुणवत्ता होगी तो देश में प्रोडेक्टीविटी बढ़ेगी और प्रोडेक्टीविटी बढ़ेगी तो निश्चित ही देश भी उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकेगा। वास्तव में, कार्य की गुणवत्ता व्यक्तियों, टीमों, विभागों या पूरे संगठन द्वारा किए गए कार्य का मानक है। कहना ग़लत नहीं होगा कि कार्य की गुणवत्ता से तात्पर्य उन अपेक्षाओं से है जिनके लिए व्यवसाय खुद को आंतरिक और बाहरी दोनों तरह से ग्राहकों के लिए उत्तरदायी रखता है।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



डॉ.कुमुद गुप्ता
वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ

नमस्कार साथियों हमारे शख्सियत कॉलम की आज की स्टार है वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमुद गुप्ता। 'होनहार वीर वान के होत चिकने पात' इस कहावत को चरितार्थ कर रही है मृदुभाषी, मेहनती प्रवृत्ति की डॉक्टर कुमुद गुप्ता जो पिछले 25 सालों से 14 से 15 अंतरराष्ट्रीय,राष्ट्रीय एनजीओं और संगठनों के साथ व डॉक्टर एससी .मित्तल (मित्तल हॉस्पिटल) के साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में 20000 से ज्यादा सुरक्षित गर्भपात व प्रसव कराकर अपने मरीजों की जान बचा चुकी है और लगातार कर रही है। आप बचपन से ही टॉपर रही है 12जी क्लास में 88 प्रतिशत व सभी विषयों में डिस्टेंक्शन लाकर अपने ना सिर्फ स्कूल का नाम रोशन किया बल्कि अपने घर परिवार का नाम भी रोशन किया । आपकी प्रेरणा पिताजी डॉक्टर हरीश नारायण गुप्ता व माताजी शकुंतला गुप्ता के बेहतरीन परवरिश का नतीजा आज आप सामाजिक सेवा में अपना पूरा समय दे रही है। मेडिकल कॉलेज अजमेर में स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र राठौड़,अलवर में टीकाराम जूली, बालक नाथ जी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर हजारों नि:शुल्क मैडिकल कैंप झोपडियों व कच्ची बस्तियों में लगाए ,स्कूलों में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों का सम्मान पाया है आप 2011 से राष्ट्रीय स्तर पर जिला स्तर पर सीपीआर और फर्स्ट एड प्रशिक्षण देती आ रही हैं। पहले अंतरराष्ट्रीय एनजीओ और अब रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ आपके द्वारा लगभग 6000 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, इसके लिए अलवर जिला कलेक्टर डॉ.अर्तिका शुक्ला ने आपको दो बार सम्मानित भी किया है। आप कुशल ग्रहणी है और पाककला में माहिर है और मां अन्नपूर्णा आपके हाथ में विराजमान है। इसके साथ ही बहुआयामी प्रतिभा की धनी भी हैं रंगोली और विभिन्न पेंटिंग,बागवानी में भी निपुण है। आस्था और धर्म के प्रति पूरा विश्वास रखती हैं खाटू श्याम सीकर में दादा ससुर व दादी सास व अलवर में ससुर जी की याद में लोगों के लिए कमरे बनवाए हैं व 15 सालों तक कुमुदांगन (घर) में मटकों वाली बारहमासी प्याऊ चलाई है। इनके जीवन का उद्देश्य है तन मन से सब की मदद करना इसलिए आप हर पुनीत कार्यों के लिए तत्पर रहती है, जब भी आपको कोई याद करता है आप वहां मौजूद होती है। आपके पति डॉक्टर सुधीर गुप्ता जाने-माने सर्जन हैं. जो बहुत बेहतरीन इंसान है और इसलिए शायद यह दंपति सभी लोगों के लिए एक आइडिल एक आदर्श बन चुकी है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## 2025_008 — बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | 1 | | 5 |
| | | | | 6 | 5 | | | 3 |
| 6 | 4 | | 9 | 3 | | 2 | 8 | |
| | | 6 | | 8 | | 5 | 9 | 4 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 3 | | 8 | | | | 7 | | |
| | | 9 | 6 | | 8 | 4 | 7 | |
| 4 | 6 | 2 | | 1 | 9 | | 5 | |
| | 7 | | | | 3 | 6 | | 9 |

### Ans_2025_007

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 8 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 7 | 5 | 9 | 3 | 8 | 2 | 6 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
खर्च बढ़ सकता है। विवाद से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपको विविध लाभ मिल सकते हैं। आपकी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण किसी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आपको मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा।

**वृष**
किसी बौद्धिक या लेखन सम्बंधी प्रवृत्ति के लिए दिन अच्छा है। आपका मन उलझन में होने के कारण किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पाएंगे। आपकी जिद के कारण किसी के साथ विवाद हो सकता है।

**मिथुन**
नौकरी या बिजनेस में पदोन्नति तथा आय में वृद्धि हो सकती है। आप अपने जीवन साथी के साथ नए काम का आरंभ करने के लिए अपने जो योजना बनाई है, उस पर अमल करने के लिए यह समय बहुत अनुकूल है।

**कर्क**
आपको शारीरिक और मानसिक भय का अनुभव होगा। मन में उलझन के कारण निर्णय लेना बहुत कठिन हो जाएगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से उदासी बढ़ेगी। माता के स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता हो सकती है। बिजनेस में भी लाभ होने का योग है।

**सिंह**
आप किसी के साथ बहसबाज़ी न करें। खर्च होने की भी संभावना है। आपको पेट दर्द, दमा, खांसी जैसी तकलीफें हो सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर और मन अस्वस्थ रहने से बेचैनी रहेगी।

**कन्या**
आपके विचार स्थिर नहीं होने से आप उलझन में रह सकते हैं। बिजनेस या नौकरी में प्रतियोगिता का माहौल रहेगा। आप सफलतापूर्वक उसमें से बाहर आ सकेंगे। किसी छोटी यात्रा होने की संभावना है। आप प्राप्त अवसर को खो देंगे।

**तुला**
आज आप प्रवास या किसी देव स्थान पर जा सकते हैं। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, उनके लिए अनुकूल योग बनेंगे। बच्चों की चिंता परेशान करेगी। नौकरी करने वालों को उनके उच्च अधिकारियों का सहयोग नहीं प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
किसी नए व्यक्ति की ओर आप आकर्षित होंगे और नए लोगों से मिलकर रोमांचित अनुभव करेंगे। आपको अच्छा दांपत्य सुख भी प्राप्त होगा। आपकी तंदुरुस्ती आज अच्छी रहेगी। आप मान- सम्मान तथा आनंद प्राप्त कर सकेंगे।

**धनु**
कड़े नियम आपको कठिनाई में डाल देंगे। खर्च बढ़ सकता है। पानी से दूर रहना हितकर है। आज खुशी, आनंद और शांति प्राप्त कर सकेंगे। अच्छे वस्त्र, मित्रों के साथ घूमना-फिरना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंदमय बनाएंगे।

**मकर**
नौकरी करने वाले लोगों की पदोन्नति का योग है। आपको पिता से लाभ होगा। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। दांपत्य जीवन भी अच्छा रहेगा। सरकारी कामकाज अच्छी तरह से पूरे होंगे। आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा।

**कुंभ**
आज आपको लाभ होने की उम्मीद है। दिन आरंभ होते ही आपको स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन कर सकेंगे। आज आर्थिक लाभ के साथ आपको उपहार भी मिल सकता है।

**मीन**
कलाकार, लेखक और साहित्यकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। आपकी वाणी के कारण आपके काम में प्रगति होगी और अन्य लोग उससे प्रभावित होंगे। नए काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। नए काम शुरू करने की प्रेरणा मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# दान पुण्य व वो काटा वो मारा के शोर के बीच मनाया गया मकर सक्रांन्ति का पर्व

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर व उपखण्ड क्षेत्र में मकर सक्रान्ति का पर्व दान पुण्य सहित वो काटा वो मारा के शार के बीच मनाया गया। मंगलवार को क्षेत्र के लोगो में मकर सक्रान्ति पर्व का जोरदार उत्साह नजर आया। मालपुरा क्षेत्र मूें मकर सक्रान्ति पर्व पर जमकर पतंगबाजी होती है। मालपुरा शहर के लोग अपने अपने परिवारजनो के साथ छतो पर रहकर डीजे की धुनो के बीच पतंगबाजी का आनन्द लेने में व्यस्त रहे। मंगलवार को क्षेत्र के आसमान में घना कोहरा व तेज ठंडी हवाओ ने भी पतंग के शोकीनो का उत्साह कम नहीं किया। घने कोहरे व तेज ठंड के बावजूद लोगो ने जमकर पतंगबाजी का जमकर आनन्द लिया। छतो पर लगे डीजे से दिन भर वो कोटा वो मारा की आवाजे सुनाई देती रही। वहीं गलियो में कटी पतंग को लूटने वाले लूटेरो ने कटी पतंगो को लूट कर आनन्द लिया। इधर मकर सक्रान्ति को दान महापर्व के रूप में मनाया गया। इसमें रामनारायण गौ शाला समिति, श्री गोपाल गौशाला समिति , सेवा भारती समिति, रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन व सिटी की ओर से ने शहर के मुख्य स्थानो पर दान काउन्टर लगाए गए। जिनमें समितियो व कार्यकर्ताओं ने दिन भर गौ माता की सेवा करने के लिए प्रेरित कर दान राशि एकत्रित की गई। वहीं इन काउन्टरो पर गौ सेवाथ दान करने वालो की भीड़ लगी रही। इसके अलावा



आम जन ने भी अपनी ओर से गौ माता की सेवार्थ हरा चारा व गुड़ भी खिलाया गया।

**पशु स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन :-**

रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के तत्वावधान में पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से घाटी रोड स्थित श्री रामनारायण गोशाला परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। क्लब सचिव सुनील कुमार जैन ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ क्लब के सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन, क्लब अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन, डॉ. आस्था जैन, डॉ. राजाराम शर्मा, केदार गुप्ता, व चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल परतानी ने किया।



## गायों को खिलाया हरा चारा, तिल से बने व्यंजनों का किया दान

**निवाई ( मनीष शर्मा )।** निवाई में मकर संक्रांति का पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दिन सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही शहर में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जगह-जगह पर लोगों द्वारा गौ माता को हरा चारा खिलाया गया। सुबह से ही युवा पतंगबाजी करते हुए नजर आए। आसमान में धीरे-धीरे सभी तरह के रंग भरना शुरू हो गया है। घरों की छतों पर डीजे लगाकर युवा नाच रहे थे, 'ये काटा, वो मारा' का शोर चारों ओर सुनाई दे रहा था। मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए लोगों की काफी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने क्षमता के अनुसार दान-दक्षिणा देकर पुण्य कमाया। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन स्वर्ग का द्वार खुलता है और सूर्य का दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर गमन होता है। यह त्याग, दान और समाज हित में समर्पण का विशेष पर्व माना जाता है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ने लगा। महिलाएं मंदिरों पर इकट्ठे हुए गरीब और बेसहारा लोगों को अलग-अलग तरीके की चीजें दान करती हुई नजर आईं तो, किसी ने बेसहारा जानवरों को चारा खिलाकर पुण्य कमाया।

## वन मंत्री ने जारी किए निर्देश

### टाइगर रिजर्व में विद्यार्थी करेंगे जंगल की मुफ्त सैर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** रणथभौर सहित प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व में विद्यार्थियों को मुत सैर कराई जाएगी। इस संबंध में वन मंत्री ने निर्देश जारी किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश भर में विद्यार्थियों में पर्यावरण व जंगल और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए पहल की जा रही है। हालांकि अभी यह योजना कब से शुरू होगी, इसकी पुष्टि वन विभाग की ओर से नहीं की गई है।

वन्यजीव सप्ताह के दौरान कराया जाता है नि:शुल्क भ्रमण आम तौर पर वन विभाग की ओर से हर साल वन्यजीव सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों को रणथभौर बाघ परियोजना का नि:शुल्क भ्रमण कराया जाता है। यह कार्यक्रम सात दिनों तक सीमित रहता है। इसके बाद इसको बंद कर दिया जाता है। हालांकि कुछ विशेष अवसरों पर रणथभौर में वन्यजीव सप्ताह के अलावा भी विद्यार्थियों को निश्शुल्क भ्रमण कराया जाता है।

**तत्कालीन सीसीएफ ने की थी पहल**

रणथभौर बाघ परियोजना के तत्कालीन सीसीएफ पी काथिरवेल ने विद्यार्थियों को निश्शुल्क पार्क भ्रमण कराने की व्यवस्था को शुरू किया था। उन्होंने रणथभौर बाघ परियोजना के आसपास बसे गांवों के बच्चों को पार्क की सैर कराने के लिए प्रति पारी दो कैंटर की व्यवस्था को लागू किया था। हालांकि सीसीएफ के तबादले के बाद यह योजना भी वन विभाग की ओर से बंद कर दी गई।

**पर्यावरण के प्रति बढ़ेगी जागरूकता**

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हाल ही जयपुर में वन मंत्री की अध्यक्षता में वन विभाग की एक बड़ी बैठक हुई थी। इसमें वन मंत्री संजय शर्मा की ओर से रणथभौर सहित प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व में पर्यावरण और वन्यजीवों के प्रति भावी पीढ़ी को जागरूक करने के लिए वन मंत्री की ओर से वन अधिकारियों को विद्यार्थियों को निश्शुल्क पार्क भ्रमण कराने की व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार वन विभाग की ओर से योजना के तहत हर साल दस हजार से अधिक विद्यार्थियों को निश्शुल्क पार्क भ्रमण कराया जाएगा।

## एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू( नि.स. )।** कस्बे की चंद्रवाटिका में सोमवार रात्रि को एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन संध्या की शुरुआत भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतापसिंह राजावत, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह राजावत, श्रवण जैन, गोपाल गर्ग, राजेश गौड़, विमल व विनोद जैन ने दीप प्रज्जवलन करते हुए किया। गायक कलाकार गजानंद सारण दूदू ने विनायक वंदना पेश करते हुए गौमाता संरक्षण, श्याम भजन, तेजाजी, भेरूजी, चारभुजा व भगवान श्रीरामजी के भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायक कलाकार गजानंद सारण ने इस पापी युग में गौमाता का कोई नहीं रखवाला, गोविन्दा, गोपाला, कलयुग में एक बार कन्हैया आ जाओ, सांवलिया सेठ, मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे व तेजल सिंगारी आदि भजनों की प्रस्तुतियां दी।

इस दौरान लक्की ड्रॉ का आयोजन हुआ। जिसमें 5 मोटरसाइकिल सहित करीब 451 उपहार निकाले गए। इस दौरान एक गौ भक्त प्रभुदयाल पुत्र प्रहलाद शर्मा त्रिपाठी के लक्की ड्रॉ में बाइक व एलईडी टीवी विजेता बनने पर दोनों उपहार को गौशाला में ही समर्पित करते हुए 2100 रुपए अलग से दान किया है। कार्यक्रम में अरविन्द त्रिपाठी, बालकिशन शर्मा, दिनकर विजयवर्गीय, आशीष गुप्ता, गोरधन स्वर्णकार, शंकरलाल मीणा, मोहित व अभिषेक जैन आदि मौजूद रहे।

## टोंक में छाया घना कोहरा: कोहरे के चलते वाहन चालकों को हुई परेशानी, सर्दी का असर थोड़ा कम

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** जिला मुख्यालय समेत जिले के अधिकांश इलाकों में लगातार चौथे दिन मंगलवार को सुबह घना कोहरा और छाया रहा। ऐसे में विजिबिलिटी 30 मीटर रही। जबकि सोमवार को विजिबिलिटी 60-70 मीटर रही थी। आज घना कोहरा छाने से वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। उन्हें 20- 30 मीटर की दूरी पर भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। हालांकि आज सोमवार के मुकाबले सर्दी का अहसास थोड़ा कम है, लेकिन लोग फिर भी घरों से कम निकले। कई जगह लोग अलाव तापते देखे गए। उधर, कोहरा छाने से जिले में तापमान बीते 24 घंटे में और एक डिग्री सेल्सियस बढ़ा है। इससे लोगों को पहले की तरह सर्दी से अहसास हुआ। उन्हें सर्दी से ज्यादा राहत नहीं मिली। लोग सर्दी से राहत पाने के लिए खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में तो कई जगह अलाव का सहारा लिया। वहीं, इस गलन से दुपहिया वाहन चालकों को एक बार फिर से सर्दी, कोहरे से काफी परेशान होना पड़ा है। घने कोहरे के चलते वाहन चालकों को आज भी परेशान होना पड़ा। आज विजिबिलिटी करीब 30 मीटर होने से वाहन चालकों को लाइट जलाकर धीमी गति से गुजरना पड़ा। उधर, मंगलवार को अधिकतम तापमान भी बीते 24 घंटे के मुकाबले एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर कर 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। वहीं, न्यूनतम तापमान बीते 24 घंटे के मुकाबले एक डिग्री बढ़कर 8 डिग्री सेल्सियस रहा।

## स्वस्थ रहने के लिए खानपान का नहीं अपितु खाए भोजन को पचाना आवश्यक

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन , इन्हरव्हील क्लब मालपुरा के संयुक्त के तत्वावधान में अजमेर रोड स्थित एक नीजि रिसोर्ट में जयपुर के एक नीजि अस्पताल के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य चर्चा में मौजुद विशेषज्ञ चिकित्सको ने मनुष्य के स्वस्थ रहने के लिए खान पान का नहीं अपितु जो भोजन ग्रहण किया है उसको पचाने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। बीति देर रात्रि आयोजित चर्चा में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अभिनव गुप्ता व डॉ. रविकुमार ने स्वास्थ्य चर्चा के दौरान बताया कि वर्तमान समय में मनुष्य अपने स्वस्थ शरीर के बजाय अपने काम धंधे पर अधिक ध्यान देने लगा है। चिकित्सको ने बताया कि यह लोगो का वहम है कि स्वस्थ रहने पर खान पान पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जबकि यह सरासर गलत है। चिकित्सको ने बताया कि इंसान को स्वस्थ रहने के लिए खान पान पर नहीं अपितु मनुष्य के द्वारा जो भोजन ग्रहण किया है या जो कुछ भी खाया है उसको पचाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में मनुष्य गंभीर बिमारियो से ग्रसित होने का मुख्य कारण यह है कि वह मेहनत कम करने लगा है। अकसर लोग कहते हैं कि वे प्रात:काल व सायंकाल भ्रमण पर जाते हैं। लेकिन भ्रमण पर जाना तो ठीक है लेकिन इस दौरान शरीर से पसीना बहे ऐसा भ्रमण होना आवश्यक है। लोग कहते हैं कि उम्र के हिसाब से स्वस्थ रहने के लिए मीठा बंद कर देना चाहिए। जबकि हम कहते हैं कि मीठा बंद नहीं बल्कि खाए मीठे को पचाने के लिए मेहनत जरूरी है। मनुष्य यदि मेहनत के हिसाब से खाना खाए या यू कहिए कि जो भी खाना खाया गया है उसको पूरा पचाने के लिए की गई मेहनत ही स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक है।

स्वास्थ्य चर्चा का शुभारम्भ विशेषज्ञ चिकित्सको सहित क्लब अध्यक्ष अमित विजय, इन्हरव्हील क्लब अध्यक्ष के संयुक्त रूप से दीप प्रज जलवन के साथ विधिवत रूप किया। स्वास्थ्य चर्चा के अंत में क्लब की ओर से विशेषज्ञ चिकित्सको सहित उनके साथ आए कोर्डिनेटर का सम्मान किया। वहीं आयोजक संस्था द्वारा क्लब अध्यक्ष, कार्यक्रम का संचालन कर रहे अरूण काबरा सहित कार्यक्रम संयोजक डॉ. सीताराम जाट, सुरभि विजय, राकेश जैन नेवटा अग्रवाल समाज चौरासी चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियो का सम्मान किया। स्वास्थ्य चर्चा के दौरान चिकित्सको ने पवन जैन संगम, त्रिलोकचन्द जैन सहित मौजुद लोगो के द्वारा स्वास्थ्य संबंधी पूछे गए प्रश्नो का जवाब देकर शंका समाधान किया।

## राधाजी ने थामी चरखी, ठाकुर जी ने उड़ाई पतंग



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( मनीष शर्मा )।** जन-जन के आराध्य राधा दामोदर जी समेत शहर के अधिकांश देवालयों में मंगलवार को मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों में पतंगों की झांकी सजाई गई है और तिल-गुड़ से बने व्यंजन, गजक, तिल पट्टी, मूंगफली पट्टी, सुखे मेवे का ठाकुरजी को भोग लगाया गया। राधा दामोदर जी मंदिर में मंगला झांकी के बाद ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक किया गया, इसके बाद ठाकुरजी को लाल रंग की जामा गोटे दार पोशाक धारण करवाई गई। इस दौरान राधा रानी ने डोर की चरखी पकड़ी और कान्हा जी ने पतंग उड़ाई, मकर संक्रांति पर्व पर ठाकुर जी और राधारानी के आलौकिक दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे। मंगलवार की सुबह 8:55 बजे सूर्य ने धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश किया।

इसके साथ ही मलमास खत्म होने के साथ अब मांगलिक कार्यों की भी शुरुआत हो गई । पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति देवताओं का प्रभात काल माना गया है। इसलिए इस दिन स्नान, दान, अनुष्ठान आदि का महत्व बढ़ जाता है।

## सोशल मीडिया पर वायरल प्रश्न-पत्र से मिलान हुए डीएलएड अंग्रेजी पेपर के प्रश्न

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** पंजीयक शिक्षा विभाग की ओर से इन दिनों चल रही डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सोमवार को दोपहर दो से पांच बजे तक अंग्रेजी का पेपर हुआ, लेकिन परीक्षा के एक दिन पहले से ही पेन से लिखा हुआ अंग्रेजी का एक पेपर व्हाट्सएप के जरिये कई परीक्षार्थियों तक पहुंच गया। इसमें काफी प्रश्न लिखे हुए थे और वे प्रश्न परीक्षा में आए पेपर में हूबहू मिले। हालांकि प्रश्नों का क्रम जरूर बदला था। यह प्रश्न-पत्र जब व्हाट्सएप पर वायरल हुआ तो परीक्षार्थियों ने सोचा कि इस तरह के पेपर बनाकर और वायरल कर गुमराह कियाजा रहा है। कुछ परीक्षार्थियों से इस पेपर को लिया, जो वायरल हो रहा था तो सामने आया कि परीक्षार्थियों को अंग्रेजी का जो पेपर मिला, वह व्हाट्सएप पर वायरल पेपर से



मैच खा रहा था। हालांकि इसमें प्रश्नों का क्रम बदला नजर आया। जिन परीक्षार्थियों ने वायरल के पेपर को देखा वे सभी भौचक्के रह गए। दूसरी ओर डाइट के डीएलएड प्रभारी उमेश वर्मा ने बताया कि बीकानेर पंजीयक कार्यालय के एक अधिकारी ने इस सम्बन्ध में जवाब मांगा है। वायरल पेपर और परीक्षा में बांटे पेपर का मिलान किया जा रहा है।

## समरावता प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने ली अधिकारियों की बैठक, दूसरे दिन गांव समरावता का किया दौरा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** विधानसभा उपचुनाव 2024 के दौरान देवली-उनियारा विधानसभा के ग्राम समरावता में मतदान दिवस,13 नवंबर को हुए घटनाक्रम को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री निरुपम चकमा सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर टोंक पहुंचे। इस दौरान निदेशक सूरत सिंह, रिसर्च ऑफिसर एच.आर.मीना समेत 6 सदस्य साथ रहे। श्री चकमा एवं 6 सदस्यीय टीम ने जिला परिषद सभागार में बैठक लेकर जिला कलेक्टर डॉ.सौम्या झा, पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अन्य



प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से 13 व 14 नवंबर को हुए घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी ली। अधिकारियों की बैठक के पश्चात अलग से विधानसभा उपचुनाव के मतदान दिवस के दौरान तैनात मतदान अधिकारी, बीएलओ, स्थानीय कार्मिक पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, डॉक्टर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समेत अन्य कार्मिकों से भी बात की। दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को श्री चकमा एवं 6 सदस्यीय टीम ने समरावता ग्राम का दौरा किया तथा पीड़ितों एवं ग्रामीणों से रूबरू हुए। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली एवं ग्रामीणों की बात को संवेदनशीलता से सुना। इस दौरान श्री चकमा ने कहा कि प्रकरण को लेकर प्रशासन, पुलिस एवं पीड़ित ग्रामीणों की बात को सुना गया है । आयोग द्वारा प्रकरण में उचित न्यायसम्मत निर्णय लिया जाएगा।

## अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, मामले दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** मलारना डूंगर थाना पुलिस ने अलग-अलग सड़क मार्गों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। जब्तशुदा वाहनों को थाना परिसर में खड़ाकर पुलिस की ओर से वाहन चालक तथा मालिकों के खिलाफ बजरी चोरी करने तथा अवैध खनन के आरोप में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई। थानाधिकारी भोजाराम ने बताया कि बीती रविवार रात थाना इलाके में अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस की दो टीमें गश्त



कर रही थी। इस दौरान भाड़ौती पुलिस चौकी प्रभारी हरिलाल को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बजरी से भरी भूखा से मलारना डूंगर की ओर जा रही है। इसमें भूखा बनास नदी से अवैध खनन कर बजरी भरी गई है। सूचना के आधार पर तलाश करते हुए पुलिस मलारना डूंगर रोड पर पहुंची तो बजरी से भरी-ट्रैक्टर ट्रॉली जाती दिखाई दी। पीछा कर इसे रुकवाया। पुलिस को देख चालक बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर भाग गया। पुलिसकर्मियों ने चालक का पीछा किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में वह सफल रहा। बाद में पुलिस बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने ले गई।

इसी तरह मलारना स्टेशन पुलिस चौकी प्रभारी कमेश शर्मा कोटा-लालसोट मेगा हाइवे पर मलारना चौड़ इलाके में गश्त कर रहे थे। यहां भी मुखबिर से सूचना के आधार पर पुलिस भाड़ौती-मथुरा मेगा हाइवे पर बजरी के वाहनों की तलाश करते हुए मलारना डूंगर के नजदीक गंगापुर मोड़ पर पहुंची। जहां पुलिस को देख चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने उसे जब्त कर लिया।

## किले और दुर्ग को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश

### वाइल्ड लाइफ ही नहीं धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** सरकार की ओर से प्रदेश में वाइल्ड लाइफ पर्यटन के साथ धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी की जा रही है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जयपुर में हुई वन विभाग की एक बड़ी बैठक में वन मंत्री संजय शर्मा की ओर से इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। हालांकि अब तक इस संबंध में सरकार की ओर से किसी प्रकार के बजट की घोषणा नहीं की गई है।

**रणथभौर में है अपार संभावनाएं**

रणथभौर बाघ परियोजना में स्थित रणथभौर दुर्ग में इस संबंध में अपार संभावनाएं हैं। रणथभौर दुर्ग पहले से ही यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। हाल ही में रणथभौर दुर्ग में पर्यटकों के लिए आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने के लिए करीब



ढाई करोड के बजट का प्रस्ताव भी पर्यटन विभाग की ओर से पुरातत्व विभाग को भेजा गया था। हालांकि अभी तक प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिलने के कारण काम शुरू नहीं हो सका है।

**खण्डार के तारागढ़ किले में भी है संभावनाएं**

वन मंत्री की ओर से टाइगर रिजर्व और वन क्षेत्र में स्थित प्राचीन किले और अन्य ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करके पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश वन अधिकारियों को दिए हैं। रणथभौर दुर्ग के अतिरिक्त रणथभौर की खण्डार रेंज में तारागढ़ किला भी है। इसको को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की लबे समय से मांग की जा रही है। पूर्व में इसके लिए बजट भी जारी किया गया था, लेकिन बाद में इस बजट का उपयोग रणथभौर दुर्ग के विकास और मरमत के लिए ही कर लिया गया था। ऐसे में मामला अटक गया था।

हालांकि अब वन मंत्री की ओर से इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी करने के बाद एक बार फिर खण्डार के तारागढ़ किले के दिन फिरने की उमीद परवान चढ़ती नजर आ रही है।

# देश व प्रदेश में सरकार का जनता से कोई तालमेल नही-पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का अलवर से दिल्ली जाते हुए सड़क मार्ग पर चांदोली के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता बोले लोकतंत्र में स्वस्थ राजनीति होनी चाहिए, स्वस्थ राजनीति ही मजबूत लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में इन दिनों राजनीतिक भूचाल आया हुआ है। देश और प्रदेश के मुखिया को तो मानो जनता से कोई सरोकार ही नहीं है वे केवल अपने पूंजीपति मित्रों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन की परवाह किए बिना सरकार को डबल इंजन के नाम पर चलाया जा रहा है जबकि ऐसा नहीं है जनहित के मुद्दे इस सरकार में गौण हो गए हैं और डबल इंजन की सरकार का दंभ भरने वाली सरकार के इंजन का तो तेल ही खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के राज में बनाई गई जनहित की योजनाओं पर कैंची चलाने का काम किया जा रहा है वही पेंशन, छात्रवृत्ति,खाद्य सुरक्षा व अपना इलाज करवाने के लिए प्रदेश की जनता दर-दर की ठोकरे खा रही है।

**फूल बाग में राजनीतिक मंत्रणा पार्टी की रीति नीति को आगे बढ़ाने पर विचार**

पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के सानिध्य में फूल बाग में कांग्रेस पदाधिकारियो से राजनीतिक मंत्रणा की गई इस दौरान पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आगामी 31 जनवरी से विधानसभा सत्र शुरू होने से पूर्व प्रदेश की सियासत और जनहित के अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। स्वागत कार्यक्रम में रियासत खान, फौजू, अम्मू खान, पूरण, फकरू, सत्तार खान, जफरू खान, उमरदीन, सपात, ताराचंद जाटव, जुबैर, सैकुल सिंघल, यूसुफ अली, हुसैनदीन, आसू, वीरेन्द्र, नरेन्द्र, सुमेर, फजरू, साहबू, शहजाद, अयूब, महमूद, हाकम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी को पढ़ाई और खेल के दौरान सर्वांगीण विकास के लिए एकाग्रता रखनी चाहिए: कलेक्टर डॉ अमित यादव

## 7वीं नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में जयशंकर टाईगर क्लब के 9 खिलाड़ियों का चयन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 7वीं नेशनल क्योरुगी एवं पूम्से ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2025 के लिए किला स्थित जयशंकर टाईगर क्लब के 9 खिलाड़ियों का चयन हुआ खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन कार्यक्रम का आयोजन भरतपुर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव के कार्यालय पर प्रतियोगिता में चयनित भरतपुर संभाग के प्रथम ताइक्कांडो लिटिल मास्टर सेकिन्ड डेन ब्लैक बेल्ट ऐश्वर्य शर्मा, फस्ट डेन ब्लैक बेल्ट राम्या शर्मा एवं चयनित खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉक्टर अमित यादव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता का विशेष महत्व है, विद्यार्थियों को पढ़ाई और खेल के दौरान सर्वांगीण विकास के लिए एकाग्रता रखनी चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नियमित अभ्यास से सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में सहायक निदेशक लोक सेवा सुश्री भारती भारद्वाज ने चयनित खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को सकारात्मक सोच के साथ अपने अंदर आत्मविश्वास जागृत करने की आवश्यकता है।

महिला खिलाड़ियों को खेलने का मौका देना चाहिए, क्योंकि मातृशक्ति मजबूत होगी तो आने वाली पीढ़ियां भी खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम रोशन करेंगे।

टाईगर क्लब सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने बताया कि 7वीं नेशनल क्योरुगी एवं पूम्से ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव एडवोकेट आर डी मंगेशकर के शुभाशीष एवं उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार कश्यप के मार्गदर्शन में मिनी इंडोर स्टेडियम लखनऊ में दिनांक 16 से 19 जनवरी तक प्रस्तावित है। प्रतियोगिता में क्योरूगी एवं पूम्से के सब जूनियर वर्ग में युवराज सिंह, ऐश्वर्य शर्मा, अभय सिंह, राम्या शर्मा व अभी सिंह एवं क्रेडिट वर्ग में सौरव सेन एवं जूनियर वर्ग में गुड़िया सेन, रौनक कुमार, विशाल जाटव का महिला व पुरुष वर्ग में चयन राजस्थान ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी एवं सचिव लक्ष्मण सिंह हाडा के सानिध्य में हुआ है।

# अधिकतर दुर्घटनाएं स्वयं की लापरवाही से होती है

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** सड़क दुर्घटनाओं में देश में लगभग 1 लाख 50 हजार से अधिक लोग काल के ग्रास होते हैं इससे कई गुना अधिक लोग घायल व अपंग हो जाते हैं! हमें वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए जिससे इंदौर घटनाओं से काफी हद तक बचा जा सके यह कहना है कृषि महाविद्यालय के दिन डॉक्टर उदयभान सिंह का डॉक्टर उदयभान सिंह 14 जनवरी मंगलवार को कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत अपना उद्बोधन दे रहे थे इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि दोपहिया वाहन पर हेलमेट एवं कर चलते समय सीट बेल्ट अवश्य लगे ओवर स्पीड पर कंट्रोल रखते हैं वहां निश्चित गति से चलाएं वाहन चलाते समय मादक पदार्थ का सेवन या मोबाइल का प्रयोग नहीं करें वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार की लापरवाही खतरनाक होती है यातायात के प्रतीक चिन्ह व नियमों की जानकारी सभी को होनी चाहिए इस अवसर पर डॉ राहुल कुमार डॉक्टर शंकर लाल यादव गीता गवारिया प्रेम कुमारी वर्मा सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# आरसीआई विद्यालय के प्रधानाचार्य को राज्य स्तरीय सम्मान- 2024 से किया गया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** गायत्री शक्तिपीठ द्वारा रविवार 12 जनवरी को अलवर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका क्षेत्र स्थित आरसीआई विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मण प्रसाद सैनी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य स्तरीय सम्मान - 2024 द्वारा सम्मानित किया गया है। सैनी प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया है और उनके शिक्षा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। सैनी की उपलब्धि पर आरसीआई के प्रांगण में विद्यालय के निदेशक डॉ. विजय कुमार तथा स्टाफ द्वारा लक्ष्मण प्रसाद सैनी को फूल माला पहनाकर, साफा बांधकर, और विद्यालय का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने इस सम्मान को पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य लक्ष्मण प्रसाद सैनी ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए, विद्यालय के लिए और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। आरसीआई स्कूल के निदेशक डॉ. विजय ने कहा, यह सम्मान लक्ष्मण प्रसाद सैनी की शिक्षा के प्रति निष्ठा और समर्पण का प्रमाण है। उनके कुशल नेतृत्व में हमारा विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। लक्ष्मण प्रसाद सैनी विगत 20 वर्षों से बानसूर के विद्यार्थियों के लिए गुणात्मक शिक्षण के लिए नियमित प्रयासरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के नवाचारों से जोड़ा है। इस अवसर पर सह निदेशक भूपसिंह यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज कुमार, प्रधानाचार्या नम्रता खुल्लर, प्रधानाध्यापक दिनेश जांगिड़, उप प्रधानाचार्य रवि जांगिड़ सहित विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

# रक्तदान शिविर में डॉ. गर्ग ने रक्तदाताओं का बढाया मनोबल



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डय ) ।** भरतपुर बीट्स की ओर से आयोजित 14वें रक्तदान शिविर में पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने अतिथि के रूप में शिरकत कर रक्तदाताओं का मनोबल बढाया और रक्तदान को महादान बताते हुये वर्ष में एक बार रक्तदान करने का आव्हान किया। डॉ. गर्ग ने रक्तदान शिविर को सम्बोधित करते हुये कहा कि रक्तदान से बढकर कोई दान नहीं है। बीट्स संस्थान द्वारा मंकर संक्रांति पर रक्तदान शिविर लगाकर नेक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा किये गये रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी तरह की कोई शारीरिक कमजोरी नहीं आती है।

उन्होंने बीट्स संस्था द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि सेवा के लिये सभी को आगे आना चाहिए। इस दौरान डॉ. गर्ग ने रक्तदाताओं का सम्मान किया।

# शहीद की शहादत पर श्रद्धाजंलि देने पहुँचे पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार को बहरोड कोटपूतली जिले के गांव रिवाली पहुंचकर जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के बांदीपोरा जिले में 13 आर आर बटालियन में तैनात भारतीय सेना के जवान लांस नायक शहीद नीतीश कुमार के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि राठ के जवानों के शौर्य का देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में उनकी ताकत का लोहा माना जाता है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के शहीदों को भारत व राज्य सरकार की सहायता समय पर मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीद का दर्जा नहीं मिलने और समय पर आर्थिक सहायता का लाभ नहीं मिलने का मुद्दा हम विधानसभा में उठाएंगे। लांस नायक शहीद नीतीश को श्रद्धांजलि अर्पित कर भंवर और जूली देश की राजधानी दिल्ली के लिए रवाना हुए।

# राजा खेमकरण जयन्ती समारोह में डॉ. गर्ग ने की शिरकत



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजा खेमकरण सोगरिया की 356वीं जयन्ती पर पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने मंगलवार को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मथुरा रोड स्थित राजा खेमकरण सोगरिया स्मारक स्थल पर आयोजित हुये समारोह में अतिथि के रूप में शिरकत कर उनके साहस व बलिदान को याद किया। विधायक डॉ. गर्ग ने समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि राजा खेमकरण सोगरिया महान योद्धा व श्रेष्ठ विचारक थे। उन्होंने समाज के उत्थान के लिये आगे आकर कार्य किया। उनके साहस व बलिदान से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजा खेमकरण के पनोरमा निर्माण के कार्य की घोषणा की गई है। उनके पनोरमा निर्माण में वह पूरी तरह से सहयोग करेंगे। डॉ. गर्ग ने कहा कि उनका सपना भरतपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र को विकसित करना है इसलिए वह विकास कार्यों में गति देने में कोई कोर कसर नहीं छोडेगे। उन्होंने विकास में सहयोग करने का भी आव्हान किया। इस मौके पर डॉ. गर्ग का माला, साफा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सेवर प्रधान प्रतिनिधि सतीश सोगरवाल, नरेन्द्र बनिया, श्यामसिंह जघीना आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जायन्ट्स ग्रुप कामवन द्वारा आई लव ब्रज कामवन सेल्फी पॉइंट का किया कृष्णार्पन

बढ़ता राजस्थान




**भुसावर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कामां/ भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। कामां कस्बे के तीर्थराज विमल कुंड के प्रवेश पर स्थित महाप्रभु मन्दिर की बाहरी दीवार पर जायंट्स ग्रुप ऑफ कामवन द्वारा आई लव बृज कामवन सेल्फी प्वाइंट का निर्माण कराया गया है जिसका कृष्णार्पन मंगलवार मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महंत सखी चरण दास बाबा (मंदिर महाप्रभु जी), महंत श्याम दास बाबा (मंदिर श्री कांवरिया जी), महंत श्री मोहन बाबा (मन्दिर श्री मदन गोपाल जी), महंत श्री सुदर्शन दास बाबा (मंदिर श्री जगन्नाथ जी), एवं पंडित श्री केदार जी ( मन्दिर श्री विमल बिहारी जी) द्वारा फीता खोलकर किया गया। जायन्ट्स ग्रुप के अध्यक्ष खेमराज मातुकी वालों के अनुसार कृष्णार्पन समारोह में उपस्थित अथितियों के साथ विशम्बर दयाल गोयल,लाल चन्द सिंघल, प्रमोद पुजारी, रमन आर्य, धर्मवीर गुर्जर, राधा शरण शर्मा, गिरधारी खंडेलवाल, मुकुटबिहारी शर्मा, विपिन गोयल, श्याम तमोलिया, बृजेश खंडेलवाल का अभिनंदन भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए यूनिट डायरेक्टर संजय जैन बड़जात्या ने कहा कि कामां के पौराणिक स्वरूप कामवन को पुनः जीवंत करने का प्रयास जायन्ट्स ग्रुप ने किया है। देश विदेश से कामां आने वाले पर्यटक कामवन नाम के साथ अपनी सेल्फी ले सकेंगे। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि यह एक सार्थक और वर्तमान की आवश्यकतानुसार प्रयास है। केदार पंडित ने कहा कि च॰ रू ह(कॉमन) में ङ्क जोड़ने की है आवश्यकता जिससे सार्थक नाम च॰ रू ङ्क॰ ह (कामवन) बन सके। उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि अब राजनेताओं को अतिशीघ्र कामां को कामवन बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर साधु संतो व जायंट्स ग्रुप ने सरकार से की कामां का नाम कामवन किए जाने की मांग भी प्रबलता के साथ उठाई। कार्यक्रम में हरिकुम्हेरिया, उमाशंकर शर्मा, हरप्रसाद नाटाणी, प्रेमचंद शर्मा,सुनील तमोलिया, महेंद्र अरोड़ा, हरिशंकर खंडेलवाल, सुभाष पाटोदिया, संजय डॉक्टर, राजेश तमोलिया, गोविंद खंडेलवाल, मनोज गंगोरा वाले सहित जायन्ट्स के पदाधिकारी व अन्य दर्शनार्थी उपस्थित रहे।

**सेल्फी लेने का लगा तांता**

जैसे ही सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन हुआ वैसे ही सेल्फी लेने वालों का तांता लग गया जिसमें अधिकतर विमल कुंड की परिक्रमा करने आए परिक्रमार्थी, राहगीर व दर्शनार्थी शामिल रहे। इसी के साथ सभी उपस्थित लोगों ने भी सेल्फी ली। सेल्फी पॉइंट से देश विदेश तक कामवन का नाम पहुँच सकेगा।

# मकर संक्रांति पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार के बुजुर्गों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भारतीय जनता पार्टी के शहर मण्डल अध्यक्ष बनने के बाद धीरज पाण्डेय द्वारा मकर संक्रांति के पर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ परिवार के बुजुर्ग सदस्यों एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों का घर घर जाकर स्वागत सम्मान करते हुए आशीर्वाद लिया। जहां उन्होने उनके उज्वल भविष्य को लेकर कामनाएं की और भाजपा परिवार के सदस्यों को साथ लेकर चलते हुए परिवार को बढाने को लेकर बात कही। इस अवसर पर कुंजबिहारी शर्मा, बृजमोहन सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विमल अग्रवाल, जगदीश पाण्डेय, देवीसिंह सोनी, भूपेश पाण्डेय, कुलदीप शर्मा, रूपचन्द सैनी, प्रशान्त चौधरी, मनीष गोयल, निक्की पाण्डेय, भूपेन्द्र पाण्डेय सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# हर्सोल्लास से मनाया गया मकर सक्रांति का त्यौहार, गौशालाओं में किया दान -पुण्य

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** मकर सक्रांति का त्यौहार विधानसभा क्षेत्र के इलाके में हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: 5बजे से ही स्नान कर लोगों ने दान-पुण्य किया।गौसेवकों ने जहाँ गौशालाओं में गौवंश को गुड़, दलिया, हरा-चारा व सूखा -चारा दान किया वहीं ग्रामीण इलाकों में बेसहारा गौवंश को गुड़, दलिया, हरा चारा खिलाया गया। कुछ लोगों ने गरीबों को वस्त्र भी दान किए। वहीं बालकों ने पतंगबाजी व कंचो से खेलकर मकर सक्रांति का त्यौहार मनाया।इसी मौके पर ग्राम पंचायत खेड़ा सहित विभिन्न में स्थित गौशाला में गौसेवकों ने 5क्विंटल गुड़, 5क्विंटल दलिया, 5क्विंटल हरा -चारा तथा 15मन सूखा चारा दान किया। इस मौके पर सरपंच प्रत्याशी कृष्ण अधाना, सोनू प्रधान, मुकेश, देवशरण, पीसी देवस्थान,विजय आर्मी, हवासिंह भगाना, राजेश ठेकेदार, सुरेश, संदीप, अजय, भगीरथ बागड़ी, ग्राम पंचायत बुर्जा के महेश, राकेश, कृष्ण रावत, विनोद, नाथूराम पोसवाल, दीपक जाट श्यामपुरा एवं नीरज सैनी सहित काफ़ी संख्या में भक्ति जनसेवक मौजूद रहे।

# आदिनाथ भगवान प्रकट तिथि पर भक्तामर विधान व महाअर्चना का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कामां/ भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कस्बे के शांतिनाथ दिगंबर जैन दीवान मंदिर में प्रबंध कमेटी के तत्वाधान एवं सकल जैन समाज के द्वारा आदिनाथ भगवान तलघर वाले बाबा की 33 वीं प्रकट तिथि के उपलक्ष्य में भक्तामर विधान व महाअर्चना का दौलत एंड पार्टी के संगीत के साथ भक्ति पूर्वक आयोजन किया गया। मन्दिर समिति के महामंत्री संजय जैन बड़जात्या के अनुसार इस अवसर पर प्रातः सामूहिक जिनेंद्र अभिषेक व विश्व शांति की कामना हेतु वृहद शांति धारा भागचंद जैन रिंकेश जैन दीपा जैन बड़जात्या परिवार द्वारा सौधर्म इंद्र बनकर की गई तो वही भक्तामर विधान का भी भक्ति भाव के साथ अन्य इंद्र इंद्राणियो ने मिलकर आयोजन किया। इस अवसर पर कहा कि जब से तलघर से भगवान की प्राचीन प्रतिमा प्रकट हुई है तभी से अनेको चमत्कार लोगो के जीवन मे घठित हो रहे हैं। ज्ञात रहे 32 वर्ष पूर्व मकर संक्रांति के पर्व पर मन्दिर में ही एक तलघर प्राप्त हुआ जिसमें से चौदह सौ वर्ष प्राचीन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की प्रतिमा प्राप्त हुई थी तभी से प्रतिवर्ष वार्षिक प्रकट तिथि पर धार्मिक आयोजन किये जाते हैं। इस अवसर पर गजेंद्र जैन जयपुर,अजय जैन, नवीन जैन दिल्ली, सतेन्द्र जैन, उत्तम जैन, प्रदीप बड़जात्या, अभिषेक जैन, दौलत बड़जात्या, अनिल अगोनिया, संजय सर्राफ, दीपक सर्राफ सहित जैन समाज के महिला व पुरुष उपस्थित रहे। सांध्यकालीन बेला में 48 दीपको से भक्तामर महाअर्चना भी की गई।

# यादव का जूनियर लेखाकार पद पर चयन होने पर किया गया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के मत्स्य महाविद्यालय में कार्यरत गणित विषय के व्याख्याता कृष्ण कुमार यादव का सम्मान किया गया। यादव का राजकीय सेवा में जूनियर लेखाकार के पद पर चयन हुआ है।संस्थान की निदेशक अंजू जयसिंह मीणा व मानद सचिव इंजिनियर जयसिंह मीणा ने यादव को माला साफा पहनाकर व मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर निदेशक अंजू जयसिंह मीणा ने कहा कि व्याख्याता कृष्ण कुमार यादव की ईमानदारी से विषय पढ़ाने व उनके द्वारा विद्यार्थियों को बताए गए सरल मार्ग के लिए संस्थान आभारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यादव ने पूर्ण निष्ठाभाव व समर्पण से महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए जो जीतोड़ मेहनत की है उसके लिए यादव बधाई के पात्र हैं। मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन यादव के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। वहीं पूर्व व्याख्याता कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि जिस ईमानदारी व निष्ठाभाव से भारत के भविष्य (विद्यार्थियों)की सेवा का मौका मुझे मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन ग्रुप ने दिया उसका मैं जीवनभर आभारी रहूँगा।इस मौके पर प्राचार्य डॉ ललतेश जांगिड़ सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# राजकीय आई.टी.आई. चित्तौड़गढ़ में राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं व्यावसायिक कौशल दक्षता प्रदर्शनी का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजकीय औ.प्र.सं. चित्तौड़गढ़ में युवा सप्ताह के दौरान व्यवसायिक कौशल एवं दक्षता प्रदर्शनी का उदघाटन राजस्थान रोडवेज के प्रबंधक (ऑपरेशन) आनन्द प्रकाश ने किया।उन्होने सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्वामी विवेकानन्द जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने पर जोर दिया। प्रत्येक कार्य को सिखने और उसका लगातार ध्यान पुर्वक प्रायोगिक अभ्यास करते हुए प्रत्येक व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन किया। उन्होने सभी को कुशल टैक्नीशियन बनकर स्वरोजगार के क्षेत्र में कुशल बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होने संस्थान के प्रत्येक व्यवसाय में जाकर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाये गए जीब मॉडल का अवलोकन किया और प्रशिक्षणार्थियों को कौशल विकास हेतु मार्ग दर्शन प्रदान किया। संस्थान में उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन करने हेतु स्थानीय विद्यालयो के कक्षा-8वी से 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थिगण एवं आम नागरिक 18 जनवरी 2025 तक संस्थान समय प्रातः 10.00 से सायं 05.00 बजे तक आमंत्रित है।

# पेट्रोल पंप के सेल्समैन के साथ मारपीट का मामला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** कार में डीजल भरवाने के बाद ग्राहक ने कार्ड से भुगतान करने की कोशिश की, लेकिन पैसे ट्रांसफर नहीं हुए। इस पर सेल्समैन ने मामले की जानकारी पेट्रोल पंप के मैनेजर अख्तर को दी। अख्तर ने तुरंत बाइक से ग्राहक का पीछा किया और थोड़ी दूरी पर उसे रोककर भुगतान करने की बात कही। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद अख्तर पेट्रोल पंप पर वापस लौट आया। करीब 10-15 मिनट बाद, मोटरसाइकिल पर सवार सात-आठ बदमाश हाथों में लाठी-डंडे लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचे और वहां हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले सेल्समैन आदिल को मोटरसाइकिल से टक्कर मारकर गिरा दिया और फिर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। पेट्रोल पंप पर मौजूद अन्य कर्मचारियों और ग्राहकों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। घटना की सूचना तुरंत अनंतपुरा थाने में दर्ज करवा दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लोहड़ी पर की खुशहाली की कामना, पंजाबी गीतों पर किया भांगड़ा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जेसीआई कोटा स्टार की ओर से लोहड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम निदेशक पंकज लिना बजाज ने बताया कि पारम्परिक तरीके से उमंग व उल्लास के साथ लोहड़ी पर्व मनाया गया। ईको फ्रेंडली गौकाष्ठ की लोहड़ी प्रज्ज्वलित की गई। पूजा अर्चना के बाद खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की गई। महिला पुरुषों ने लोहड़ी की परिक्रमा करते हुए खूब भांगड़ा किया। चेयरपर्सन ऋतु खण्डेलवाल ने बताया कि इस अवसर पर महिला विंग की सचिव अनुप्रिया बंसल, रुचि मित्तल, तन्वी तांबी, हिना सिंघवी, अर्पित मित्तल, प्रेरणा जैन, रेखा अरोड़ा, साधना शर्मा, पूनम आर्य, अनीता अग्रवाल, लवीना सोनी, निशु गोयल, वंदना जैन, कविता बाफना, सुनीता गोयल, ममता शर्मा, अलका जैन, विभूति जैन, रश्मि अग्रवाल, लीना बजाज दीप्ति गर्ग समेत कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# दिल्ली क्षेत्र में गणतंत्र दिवस पर रेलवे पार्सल यातायात प्रतिबंधित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली और इसके आसपास के रेलवे स्टेशनों पर पार्सल बुकिंग और लेनदेन पर अस्थाई प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध 23 जनवरी से 26 जनवरी, 2025 तक प्रभावी रहेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर, सुरक्षा कारणों से दिल्ली क्षेत्र के सभी रेलवे स्टेशनों पर पार्सल ट्रैफिक (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपी सहित) के आवक और जावक लेनदेन पर पूर्णतः रोक लगाई गई है। इस अवधि में पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पैकिंग गतिविधियां निषिद्ध रहेंगी। यात्री डिब्बों में व्यक्तिगत सामान को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। रेलवे प्रशासन यात्रियों और पार्सल उपयोगकर्ताओं से अपील करता है कि वे इस अस्थाई पार्सल प्रतिबंध को ध्यान में रखते हुए अपनी योजनाओं को बनायें।

# ओम बिरला ने कोटा में कंबल वितरण समारोह में मातृ स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** कोटा के नयापुरा उम्मेद क्लब ग्राउंड में आयोजित निःशुल्क कंबल वितरण समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गर्भवती महिलाओं और मातृ स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण संकल्प लिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं को पोषण के लिए विशेष रूप से तिल के लड्डू और अन्य संपूर्ण पोषण वाले लड्डू तैयार करवाए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का भी वचन दिया। इस कार्यक्रम में भाजपा विधायक संदीप शर्मा, जिलाध्यक्ष राकेश जैन, और पूर्व उपमहापौर सुनीता व्यास भी मंच पर उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग को सहायता प्रदान करना और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाना है।

# राजस्थान राज्य कर्मचारी सयुंक्त महासंघ लोकतांत्रिक ने मनाया मकर संक्रांति का पर्व, किया दान पुण्य

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** मकर संक्रांति पर निर्धन गरीब असहाय लोगो को भोजन व गर्म कम्बल वितरण किया । राजस्थान राज्य कर्मचारी सयुंक्त महासंघ लोकतांत्रिक कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामरतन सामरिया ने बताया कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लोकतांत्रिक महासंघ के प्रदेश सरक्षंक बाबूलाल गुप्ता पत्नी सुजाता गुप्ता के नेतृत्व में गीता भवन निर्धन गरीब असहाय गरीब लोगों को भोजन करवाया और 151कम्बलों का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य मार्गदर्शक विध्यासागर शर्मा ने किया । इस अवसर पेंशनर्स मंच से अजय चतुर्वेदी सम्भागीय अध्यक्ष नन्द सिंह चंद्रावत, महासचिव यज्ञदत्त हाडा जिला महासचिव, लोकतांत्रिक महासंघ से नमोनारायण शर्मा सरंक्षक अब्दुल मन्नान प्रदेश प्रवक्ता , अजय सिंह राठोड़ सम्भागीय महासचिव वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल मीणा, उपाध्यक्ष रामकल्याण मेघवाल, सचिव मनीष भारती दानीश शेख, जिला प्रवक्ता शबाना खान , दीपा शर्मा ,महिला शिक्षा विभाग अध्यक्ष ,वरिष्ठ कर्मचारी रघुनंदन शर्मा, सुरेश ,चंद्र प्रकाश गुप्ता ,अशोक गोत्तम रंगलाल वर्मा आदि उपस्थित रहे । बाबुलाल गुप्ता के उद्बोधन में बताया कि मकर संक्रांति का महत्व पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं और इसदिन किए गय दान का विशेष महत्व हैं और यह जीवन में सुख ,समृद्धि और सकारात्मक उर्जा का संचार करता हैं । तिल गुड का दान करने से स्वास्थ्य में सुधार होता हैं और पापों का नाश होता हैं। रामरतन सामरिया ने बताया कि इस दिन सूर्योदय के समय पूजा ध्यान करना नदियों मे स्नान करना और तिल गुड खाकर अच्छे कार्यों की शुरूआत करना आध्यात्मिक रूप से व्यक्ति को शुद्ध और ऊंचा बनाता हैं।

# कोटा में मनाया जा रहा है कोटा बर्ड फेयर डे-2025 विंग्स ऑफ कोटा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कोटा के नान्ता अभेडा बायोलॉजीकल पार्क में आयोजित किए गए तीन दिवसीय विंग्स ऑफ कोटा कार्यक्रम में पक्षियों को देखने का अद्भुत अवसर प्रदान किया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं के लिए पेंटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अभेडा बायोलॉजिकल पार्क की तरफ से किया गया , जिसमें राजस्थान के प्रमुख पक्षी विशेषज्ञ और प्रकृति प्रेमियों का जमावड़ा रहा।। यहां पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी और फोटोग्राफी प्रदर्शनी में कोटा के कई नेचर फोटोग्राफर वाइल्डलाइफ फोटोग्राफरों में अपने बेहतरीन और यादगार फोटोग्राफ उपलब्ध करवाई जिन्हें देखकर पार्क में आने वाले आगंतुकों का मन कोतूहल से भर गया।। कोटा में करीब 1000 से अधिक पक्षियों का विशाल स्पीशीज देखने को मिलता है। वही पक्षियों की प्रकृति में मौजूदगी से हमारे पर्यावरण जंगलों का तो विकास होता ही है वही हानिकारक कीट पतंगों की भी रोकथाम करने में इनकी प्रभावी भूमिका है।

कार्यक्रम के दौरान एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भर से आए विभिन्न विषय शब्द क्यों ने वनों की निर्भरता पक्षियों पर विषय पर अपने विचार रखें पक्षियों के लिए किस प्रकार से कोटा में उपयुक्त वन क्षेत्र को बढ़ाया जा सकता है इस पर महत्वपूर्ण सुझाव के माध्यम से कोटा के बायोलॉजिकल पार्क के अधिकारी व कर्मचारियों को अवगत कराया।

### इनका कहना

प्रकृति के द्वारा हमें जो भी कुछ जीव जंतु दिखाई दे रहे हैं वह सब हमारे लिए जीने के मानव जीवन के लिए आधार है हमें ने संजोकर रखना है इसी से हमारा जीवन है।

**डॉ विनीत महोबिया सरिसर्प विशेषज्ञ।**

प्रकृति में पक्षियों का सबसे बड़ा योगदान जंगल में बीजों का प्रकीर्णन करके विभिन्न प्रकार के वनस्पति उपयोगी पेड़ों को उगाने में मदद करना है यह पेड़ पौधों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर बी के माध्यम से फैलाने का काम करते हैं और हमारे प्रकृति में संतुलन बनाए रखने का सबसे बड़ा कारक भी है।।

**अनुराग भटनागर उप वन संरक्षक वन्यजीव कोटा**

# जगद्गुरु रामानंदाचार्य के 725 वें प्राकट्य महोत्सव को लेकर महंत महेंद्र दास को सौंपा निमंत्रण



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** देईखेड़ा वैष्णव बैरागी समाज चतु. सम्प्रदाय के द्वारा हर वर्ष की इस वर्ष भी बूंदी में 20-21जनवरी को आयोजित होने जा रहें जगद्गुरु रामानंदाचार्य के 725वाँ प्राकट्य महोत्सव के तहत कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर आयोजनकर्ता दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसको लेकर आयोजनकर्ता गांव गांव जाकर समाजबंधुओं और संत महात्माओं को आमंत्रण पत्र सौंपकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहें हैं। इसी कड़ी में समाजबंधुओं ने नोताडा रघुनाथजी महाराज मठ मंदिर के महंत महेंद्र दास महाराज को भी कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर आमंत्रण पत्र सौंपा नोताडा,आजंदा,घाट का बराना, देईखेडा ,गोहाटा,बगली,सहीत अन्य गावों में सम्पर्क कर समाजबंधुओं को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया इस दौरान समाज के युवा जिलाध्यक्ष मुकेश वैष्णव,मंत्री प्रवेश बैरागी जगदीश बैरागी बड़ाखेड़ा,जयंती संयोजक महावीर बैरागी देई,मिडीया प्रभारी मनीष बैरागी नोताडा,जय वैष्णव बूंदी,लालचंद वैष्णव, जितेन्द्र वैष्णव, अरविंद बैरागी,आदी ने बताया की बूंदी मे आयोजित होने जा रहें रामानंदाचार्य प्राकट्य महोत्सव के तहत 20 जनवरी को रामायण पाठ शुरू होगा व 21 जनवरी को देव विमान पूजन,ध्वज दण्ड एवं मुख्य कलश एवं घोड़ियों की बोलीयां व कलशयात्रा निकाली जाएगी । जिसके बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान व सम्बोधन कार्यक्रम आयोजित होगा व समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा शाम को महा आरती व भोजन प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# भारत विकास परिषद शाखा द्वारा 22वां विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** भारत विकास परिषद शाखा केशोरायपाटन के तत्वावधान में 22वां विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पुराना बस स्टैंड एवं शुगर मिल चौराहे पर आयोजित हुआ, जिसमें भारत विकास परिषद ब्लड बैंक कोटा एवं कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक कोटा के सहयोग से कुल 91 यूनिट रक्त संग्रह किया गया और 3 नेत्रदान संकल्प पत्र भरे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पानी की टंकी के पास हुए शिविर के मुख्य अतिथि पुलिस उपाध्यक्ष श्री आशीष भार्गव एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री कन्हैया लाल कराड थे। वहीं, शुगर मिल चौराहे पर आयोजित शिविर के मुख्य अतिथि विधायक श्री सी.एल. प्रेमी थे। पुलिस उपाध्यक्ष श्री आशीष भार्गव ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक महान कार्य है, जिसमें सभी को भाग लेना चाहिए।

शिविर को सफल बनाने में परिषद के सभी सदस्य और नगरवासियों ने सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर शाखा संरक्षक श्री सूर्य प्रकाश बागला, अध्यक्ष श्री प्रेम शंकर सैनी, सचिव श्री दिनेश सेन, प्रांतीय सह प्रभारी श्री विष्णु चित्तौड़ा, प्रांतीय चिकित्सा प्रभारी डॉ. कौशल गुप्ता, श्री महेश निरखी, प्रदीप बब्बर, पूर्व सचिव अभिषेक जैन, मुकेश जैन, विजय मिलिंद, दुर्गा शंकर कुम्हार, सुनील गुप्ता, सत्य प्रकाश गुप्ता, क्षितिज नामा, रामावतार गुप्ता, अनिल चंदवानी, महिला शक्ति प्रभारी अरुणा बंसल, प्रियंका गुप्ता, मंजू कुमारी, माया गुप्ता, ललितेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पूर्व विधायक प्रतिनिधि श्री नरेंद्र पाल एवं राष्ट्रीय संग्रह ग्राम विकास प्रभारी श्री ललित टेलर ने किया।

# चाइनीज मांझे से पतंगबाजी का असर, कोटा में चाइनीज मांझे से घायल हुए 55 लोग, कई पक्षी भी पहुंचे अस्पताल

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** मकर संक्रांति के अवसर पर कोटा में जोरदार पतंगबाजी देखने को मिली। शहर भर में ये काटा का शोर गूंजता रहा, जबकि डीजे की धुनों पर लोग जमकर नाचे हालांकि, पुलिस और प्रशासन की सख्ती के बावजूद चीनी मांझे से पतंगे उड़ाई गईं, जिससे न केवल पक्षियों, बल्कि आमजन को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। कोटा मेडिकल कॉलेज के एमबीएस और नया अस्पताल में करीब 60 मरीज पहुंचे, जिनमें से अधिकांश को चीनी मांझे से चोटें आई थीं। अस्पताल के सर्जरी विभाग के कार्यवाहक प्रमुख डॉ. नीरज देवेंद्र ने बताया कि इन 60 मरीजों में से 23 लोगों को गर्दन में चोटें आईं, अन्य स्थानों पर 20 लोग घायल हुए। पांच मरीजों के चेहरे पर भी गंभीर चोटें आईं, जिनमें से कई को टांके लगाए गए। डॉ. देवंदा का कहना है कि दो मरीज को भर्ती भी किया गया है दोनों छत से पतंग उड़ाते हुए ऊंचाई से गिर गए थे। मांझे की चपेट में आने के बाद गिरकर घायल हो गया, उसकी बाजुओं में फ्रेक्चर हुआ है वहीं, दूसरे मरीज को सर्जरी यूनिट में भर्ती किया गया है उसके सिर पर चोट लगी है।

### कोटा हॉस्टल एसोसिएशन का अभिनव प्रयास

# भविष्य के डॉ. इंजीनियर प्लेन रॉकेट बनाने वाले बच्चों ने उड़ाई पतंगे, किसी ने गाए तराने तो कई जमकर झूमे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मकर संक्रांति के दिन कोटा के कोचिंग एरिया में पतंगबाजी की धूम रही। मेडिकल और इंजीनियरिंग एंट्रेंस की तैयारी करने आए बच्चों के लिए कोटा हॉस्टल एसोसिएशन ने शहीद भगत सिंह पार्क राजीव गांधी नगर में पतंगबाजी का कार्यक्रम रखा।

इसमें बड़ी संख्या में कोचिंग स्टूडेंट्स शामिल हुए। सभी ने पहले पतंगबाजी की इसके बाद डीजे पर जमकर डांस किया। आयोजन सुबह 11 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक जारी रहा। इस मौके पर अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कोटा हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन मित्तल ने बताया कि यह आयोजन कोचिंग स्टूडेंट्स के मनोरंजन के लिए किया गया था। बच्चों को पतंग और डोर उपलब्ध कराई गई। इसमें बच्चों को आनन्द आया। कार्यक्रम में मिनी हिंदुस्तान जैसा माहौल था यहां सभी राज्यों के बच्चे मौजूद रहे। इस आयोजन का मकसद बच्चों में अपनापन की भावना बढ़ाने और तनावमुक्त रखना था।

ज्ञात रहे की कोटा में हॉस्टल एस और कोचिंग छात्रों में बढ़ रहे तनाव को दूर करने के लिए कोटा प्रशासन कोटा के लोगों द्वारा भरसक प्रयास किया जा रहे हैं नए-नए तरीके के तनाव मुक्त करने वाले प्रयास कोटा में आए दिन सामने आते हैं इस तरह के प्रयास घर से दूर तैयारी करने वाले बच्चों को एक नया माहौल और अपनेपन का एहसास जरूर करवाता है ।



# गरीब जरुरतमंद बच्चों के साथ मिलकर मनाया मकर संक्रांति का त्योहार

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्मार्ट किड्स ग्रुप के कई परिवारों ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मिलकर खुशियां बिखेरी। जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि ग्रुप के कई सदस्य अपने परिवार के साथ शहर में कई कच्ची बस्तियों में त्यौहार मनाने पहुंचे परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी से कई परिवारों ने सहयोग किया स्नेहलता कच्छोट,प्रदीप कच्छोट ने बस्ती की महिलाओं को 15 गरम स्वेटर बाटे,ज्योति मिश्रा ने 15 किलो चावल, सविता शिंदे ने पतंग डोरी, योगेंद्र दहिया ने गौ शाला में चारा, आनंद कुमार शर्मा की तरफ से मिठाई बाटी गई। मकर



संक्रांति के अवसर पर पूर्व पार्षद मनीष गिरी ने नगरवासियों को मकर संक्रांति की बधाई एवम् शुभकामना दी।

# मकर संक्रांति के अवसर पर पहलवानों ने दिखाया अपना दम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा के कुन्हाड़ी क्षेत्र में स्थित महावीर व्यायाम शाला में हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाली कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में परंपरागत मिट्टी के दंगल में पहलवानो ने अपना जोर आजमाया।बालक व बालिका दोनों ही पहलवानों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी। 12 से लेकर 22 वर्ष तक की बालिकाओं के द्वारा कुश्ती के दावपेंच लगाकर शारीरिक स्फूर्ति का परिचय दिया गया तो वहीं बालक वर्ग में भी लगभग इसी आयु वर्ग के पहलवानों ने अपना शारीरिक सौष्ठव का परीक्षण किया।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## एबीवीपी के द्वारा चल रहे युवा पखवाड़े के अंतर्गत सामान्य चिकित्सालय में चाय और बिस्किट का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थानीय इकाई के द्वारा एसएफएस के तहत चल रहे स्वामी विवेकानंद जी के युवा पखवाड़े के अंतर्गत शहर के सामान्य चिकित्सालय में मरीजों को चाय और बिस्किट वितरण कर उनके जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की।कार्यक्रम के आयोजक अमित मित्तल रहे ने बताया कि विद्यार्थी परिषद इस समय स्वामी विवेकानंद जी की जयंती से लेकर पूरे सप्ताह भर कार्यक्रम चला रही है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थी परिषद ने आज सामान्य चिकित्सालय बाड़ी में मरीजों को चाय और बिस्किट वितरण किया ।

इस प्रकार के सामाजिक आयोजनो में विद्यार्थी परिषद हमेशा अग्रणी रहती है। इसी क्रम मे नगर उपाध्यक्ष साहबसिंह ने बताया कि ये कार्यक्रम किये जा रहे हैं जो हाल ही में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के बाद चल रहे युवा पखवाड़े में किये जा रहे हैं यह कार्यक्रम विद्यार्थी परिषद की चले आ रहे कार्यक्रमो में से मुख्य कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत चाय और बिस्किट वितरण किया है। एबीवीपी ही केवल एक मात्र ऐसा छात्रसंगठन है जो सामाजिक कार्यों के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाता है । इस दौरान नगरमंत्री अजय कंसाना, छात्रसंघ अध्यक्ष पुष्पेन्द्र गुर्जर,उपाध्यक्ष साहब सिंह, इकाई अध्यक्ष शेरसिंह, प्रदीप कौशल , युवराज गुर्जर, नीतू गुर्जर, दीपक शाक्य, रोहित शर्मा, राहुल कंसाना, हेमंत कुमार,गब्बर, यशवंत कुशवाह,क्क्क्क के आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने किया धौलपुर दौरे के दूसरे दिन कई संस्थानों का निरीक्षण

## आंगनवाड़ी नरपुरा पर खीर खिलाकर कराया दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर,( नि.स. )।** केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार राजभूषण चौधरी ने धौलपुर दौरे के दूसरे दिन भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी, विद्यालय समेत संस्थानों का निरीक्षण किया। सबसे पहले वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पचगांव के निरीक्षण हेतु पहुंचे। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं के बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, रिकॉर्ड रूम इत्यादि का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा केंद्र पर राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त सभी चिकित्सा सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ आमजन को दिलाये जाने की मंशा जाहिर की।

### दो बच्चों को खीर खिलाकर कराया प्रथम बार अन्नप्राशन

अगले क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री नरपुरा आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने एक बालक एवं बालिका शिशु को प्रथम बार अन्नग्रहण कराने हेतु खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया। इस दौरान उन्होंने यहां मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु विशेष प्रयास किये गए हैं। उन्होंने किशोरी बालिकाओं में एनीमिया के उन्मूलन हेतु द्राक्षावलेह, पुनर्नवादि मंडूर, कृमि मुदगर रस की किट दो किशोरी बालिकाओं को सौंपी। उपनिदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने बताया कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मिशन अत्कर्ष कार्यक्रम के तहत संयुक्त रूप से संचालित इस पहल का मूल उद्देश्य देश के पांच महत्वकांक्षी जिलों जिनमें से एक धौलपुर है, में 14 से 18 वर्ष की किशोरियों के पोषण स्तर को बढ़ाना है। इस परियोजना के दोंनो केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जा रहा है।

### निरीक्षण हेतु पहुंचे तो बच्चों को पढ़ाने लगे मंत्री

केंद्रीय राज्य मंत्री जब महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छावनी पहुंचे तो छात्रों से उनका अधिगम स्तर जानने हेतु विज्ञान एवं गणित विषय से संबंधित प्रश्न पूछे। वे विद्यालय के छात्रों के उत्तर से काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने विद्यालय की फैकल्टी की भी सराहना की। छात्रों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के पश्चात बोर्ड पर लिखकर ज्यामिति, त्रिकोणमिति के नियमों को समझाने लगे। उन्होंने जीव विज्ञान से संबंधित भी कई प्रश्न विद्यार्थियों से किये जिसका जवाब छात्रों ने बखूबी से दिया। उन्होंने छात्रों से बड़े लक्ष्य रखकर उन्हें अर्जित करने हेतु परिश्रम करने की सीख दी। उन्होंने विद्यालय में मौजूद आधुनिक संसाधनों, स्वच्छ एवं विशाल परिसर, छात्रों के अधिगम स्तर की सराहना की। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, प्रोटोकॉल अधिकारी अल्का श्रीवास्तव एवं केंद्रीय मंत्री के निजी सचिव एवं भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी अर्जुन सिंह साथ रहे।

केन्द्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

## नीति आयोग के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप करें कार्य- केंद्रीय राज्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर,( नि.स. )।** केंद्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय श्री राजभूषण चौधरी ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ नीति आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम, आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान नीति आयोग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने नीति आयोग के सूचकांकों के अनुरूप स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, आधारभूत सुविधाओं, वित्तीय समावेशन व कौशल विकास संबंधी विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्य कार्यक्रम लागू होने के बाद आकांक्षी जिलों में आमूल-चूल बदलाव आए हैं। आकांक्षी जिलों में भी सामान्य जिलों की भांति हर क्षेत्र में विकास और सुविधाओं का मूलभूत विस्तार हुआ है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण हेतु रिचार्जेबल पिट्स एवं वर्षा जल संग्रहण के कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया। मनरेगा के तहत वृक्षारोपण के कार्यां को भी प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के मंशा के अनुरूप हर घर स्वच्छ जल पहुंचे, इस उद्देश्य से जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन किया जाये। विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा को बढावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित योजनाओं की पूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर किया जाएगा। बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि नीति आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम में केपीआई इंडीकेटर्स के अनुसार कार्य किया जा रहा है। जिले ने अब तक नीति आयोग से 22 करोड़ से अधिक की अवोर्ड राशि प्राप्त की है। जिसमें से 5 करोड़ की राशि से 50 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, भाजपा नेता सुखराम कोली, डॉ. शिवचरन कुशवाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

साइंस म्यूजियम एक अभिनव पहल :- बैठक के पश्चात केन्द्रीय राज्य मंत्री सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित साइंस म्यूजियम का निरीक्षण किया। उन्होंने विज्ञान के विभिन्न सिद्धान्तों यथा वॉटेक्स, संवेग, डीएनए डबल हैलिक्स मॉडल, रक्त समूह, पाई का मान इत्यादि से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि साइंस म्यूजियम एक अभिनव पहल है इससे विद्यार्थियों को विज्ञान के सिद्धांतों से साक्षात परिचित होने का अवसर मिलेगा।

## बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा किया गया जिला कारागृह का निरीक्षण

### बंदियों के साथ जातिगत भेदभाव नहीं करने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर,( नि.स. )।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा सोमवार को जिला कारागृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा जेल में बंदियों से जातिगत भेदभाव के संबंध में पूछताछ करने पर जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना बताया। टीम ने जेल में बंदियों से संबंधित संधारित रजिस्टर में जाति का इन्द्राज नहीं करने एवं जातिगत कॉलम को हटाये जाने के निर्देश दिये गये। टीम द्वारा जेल में रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता को जांचा गया। खाना बनाने वाले बंदियों से पूछताछ करने पर सभी जाति के बंदियों द्वारा संयुक्त रूप से खाना बनाये जाने के निर्देशित किया गया। कारागृह में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई तथा शौचालयों की साफ सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। टीम द्वारा जेल में मौजूद बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। सभी बंदियों द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण की पैरवी किया जाना बताया तथा किसी भी बंदी द्वारा अधिवक्ता न होने का कथन नहीं किया गया। टीम द्वारा बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया गया। जेल में स्थित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया तथा बंदियों को दी जाने वाली दवाइयों की जानकारी ली गई। जेल में डॉ. सुमित मित्तल एवं नर्सिंग ऑफीसर दलीप सिंह मौजूद मिले। इस अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सावित्री आनंद निर्भीक, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धौलपुर चेतराम मीणा सहित कारागृह स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई बसेड़ी के द्वारा कच्ची बस्तियों में मिठाई व गजक वितरण की गई



बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बसेड़ी के द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत कच्ची बस्तियों में मिठाई व गजक वितरण की गई जिसमें नगर मंत्री पालवेन्द्र गुर्जर ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जो कि पूरे भारत वर्ष में विद्यार्थी परिषद सेवा सप्ताह के नाम से कॉलेज केंपस में संगोष्ठी कार्यक्रम व खेलो भारत के तहत खेल कराना मंदिरों में साफ सफाई करना आदि कार्य किए जाते है जिसमें नगर सह मंत्री रघुराज सिंह परमार ने बताया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा सप्ताह सेवा के नाम से कार्यक्रम किए जाते हैं जैसा कि आज 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर कच्ची बस्तियों गलियों में जाकर मिठाई व गजक वितरण की गई। इस मौके पर नगर मंत्री पालवेन्द्र गुर्जर, नगर सह मंत्री रघुराज सिंह परमार, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक्षा मणिक, इकाई उपाध्यक्ष शिवांशु परमार, आनंद परमार, हिना खान , वर्षा परमार, मिल्की परमार, पायल परमार,सोनी परमार, सनी नागर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शहीद समिति तसीमों ने 18 गांवों के गरीब व असहायों को बांटे 550 कंबल

## वाणी, कर्म, तन, मन, धन से एक दूसरे का सहयोग कर आगे बढ़े और इस देश और समाज के विकास में भागीदार बने - डॉ रामकेश सिंह

बढ़ता राजस्थान



**तसीमों ( नि.स. )।** तसीमों के फौजी गार्डन में शहीद छत्तर सिंह पंचम सिंह सेवा समिति तसीमों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के मौके पर 18 गांवों के गरीब व असहायों को 550 कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मांगीलाल मित्तल द्वारा की गई। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रामकेश सिंह परमार एस एम एस हॉस्पिटल जयपुर रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिभाषक संघ धौलपुर जिलाध्यक्ष प्रशांत हुंडवाल, सैंपऊ प्रधान दुष्यंत बघेल, तसीमों सरपंच नीलम परमार सैंपऊ सरपंच संघ अध्यक्ष संदीप सिंह, राजपूत सभा जिला उपाध्यक्ष निरोत्तम सिंह परमार, सूबेदार प्रणम मुखर्जी, कैप्टन अशोक परमार, कैप्टन बनवारी सिंह परमार, कैप्टन शिवराम सिंह, सूबेदार रमेश सिंह परमार, पी वी एम सैंपऊ निदेशक राजवीर सिंह परमार, कवि संजीव परमार, कवि रामबाबू सिकरवार, कवि आकाश परमार, कवि श्यामवीर सिंह परमार, पूर्व प्रधान जगनेर केशव देव,माधव परमार, विवेक आंगई, राहुल सिंह आदि रहे जिनका शहीद समिति पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का माला, साफा, पटका पहनकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रामकेश सिंह परमार ने कहा हम सबको अपनी वाणी, कर्म, धर्म, तन, मन, धन से एक दूसरे का सहयोग कर आगे बढ़े और इस देश और समाज के विकास में भागीदार बने। वहीं अतिथियों ने तसीमों सरपंच प्रतिनिधि रामौतार फौजी का मालाओं और साफा से भव्य स्वागत किया जिस पर तसीमों सरपंच प्रतिनिधि रामौतार फौजी ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं शहीद समिति अध्यक्ष मांगीलाल मित्तल ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों को आगमन पर आभार धन्यवाद दिया वहीं कार्यक्रम में पधारे कवियों ने देशभक्ति और शहीद समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए काव्य पाठ कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कवि श्यामवीर सिंह परमार ने बड़ी पवन ये धरती है इसी माटी से आया हूँ। शहीदों की मैं अपने संग कहानी भी तो लाया हूँ। काव्य पाठ किया। वहीं कार्यक्रम को अन्य सभी अतिथियों ने भी संबोधित किया और सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीण और समिति पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हवेली पाड़ा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

### पीहर पक्ष का आरोप, ससुरालीजनों ने दहेज़ के लिए उतारा मौत के घाट

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के हवेली पाड़ा में सोमवार की शाम एक नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी रखवाया। जहां आज परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई है। पंचनामा के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार को सौंपी गई है। बाड़ी कोतवाली थाने के एसआई जगदीश सागर ने बताया कि शहर के हवेली पाड़ा में सोमवार की शाम को एक 24 वर्षीय विवाहिता रजनी पत्नी गौरव सुमन की संदिग्ध मौत हुई थी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी रखवाया। साथ में मृतका के पीहर पक्ष को सूचना दी। आज पीहर पक्ष की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## पीएम श्री राजकीय बालिका में मनाया मकर संक्रांति का पर्व



**बसेड़ी ( राजू शर्मा )।** पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बसेड़ी में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रंगोली बनाकर हवन पूजन किया गया।इस मौके पर प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि, मकर संक्रांति हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। मकर संक्रांति सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इस दिन से दिन बड़ा और रात छोटे होने लगती है। यह पर्व हर वर्ष 14 या 15 जनवरी को मनाया जाता है।

मकर संक्रांति को फ़सल के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। अलग-अलग राज्यों में इसे अलग-अलग नामों मनाया जाता है। जैसे तमिलनाडु में पोंगल, पंजाब में लोहड़ी, उत्तर प्रदेश में खिचड़ी आदि। उप प्राचार्य बृजकिशोर शर्मा ने मकर संक्रांति त्यौहार से जुड़ी एक कथा भी बच्चों को बताई कि, जब पृथ्वी पर असुरों का आतंक काफी बढ़ गया था तब मकर संक्रांति के दिन ही भगवान विष्णु ने असुरों का संहार किया और सभी को उनके आतंक से मुक्ति दिलाई थी।

## खानपुर मीणा गांव में ग्राम सभा का आयोजन, ग्रामीणों के बीच गांव के विकास पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड के गांव खानपुर मीणा में ग्रामीणों की आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस ग्राम सभा में ग्राम सेवक अभिनाश,पटवारी जितेंद्र और कानूनगो हरविंद्र मीणा सहित सभी ग्रामीणों के बीच सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों को ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने पारितोषिक देकर सम्मानित किया।

गांव के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी रामेंद्र मीणा ने सफाई और घरों से निकलने वाले व्यर्थ के बहते पानी की समस्या पर सुझाव देते हुए किसान की फसल को जानवरों से बचाने के उपायों पर भी चर्चा की। वहीं सेवानिवृत पोस्टमास्टर रनसिंह मीणा ने गांव में बढ़ते बंदरो के आतंक पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें ग्राम पंचायत के सहयोग से पकड़वा कर वन क्षेत्र में पहुचाने की बात कही।बैठक में टीम हर घर शिक्षा के संरक्षक और शिक्षाविद बच्चू सिंह रावत ने टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने,नशे की लत और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं और बुजुर्गों के बीच सामंजस्य बनाने और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने का आह्वान किया। महिलाओं ने भी इस पहल में सहमति प्रदान करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। टीम हर घर शिक्षा के संस्थापक अध्यक्ष रोहित मीणा ने सभा को जागरूकता और विचार-विमर्श का मंच बनाते हुए इसे सफल बनाने के लिए सभी ने धन्यवाद व्यक्त किया।

### गांव की एकता और विकास की दिशा में बड़ा कदम

यह आम सभा गांव के विकास,सामाजिक समरसता और जागरूकता के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जिसको लेकर सभी के सहयोग से प्रयास करने की अपील की गई।

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया चम्बल सफारी का अवलोकन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री राजभूषण चौधरी ने चम्बल सफारी का भ्रमण किया। श्री चौधरी धौलपुर प्रवास के दूसरे दिन अपने काफिले के साथ चम्बल तट पहुँचे और अपने दल-बल के साथ सफारी बोट पर सवार हुए। इस दौरान उन्होंने रेल्वे ब्रिज तक बोट से यात्रा की। वहाँ उन्होंने चम्बल घड़ियाल एवं विदेशी पक्षियों के कलरव के दृश्य का लुत्फ उठाया। चम्बल सफारी का अवलोकन करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जिले में पर्यटन की विपुल सम्भावनाएँ हैं। उन्होने कहा कि चंबल सफारी पर्यटकों के लिए काफी लुभावनी है। इसको और अधिक विकसित करने के प्रयास किये जायें।

# रावत राजपूत समाज संभाग सभा की जाशमा मां आशापुरा मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** क्षैत्र के जाशमा ग्राम स्थित श्री शनिमहाराज मंदिर के मां आशापुरा माता मंदिर प्रांगण में मंगलवार को रावत राजपूत समाज संभाग सभा की बैठक का सर्कल सभाध्यक्ष प्रभु सिंह देवड़ाखेड़ा की उपस्थिति में आयोजन किया गया।

संभाग सभा युवा हिरा सिंह नंगपुरा एवं पुर्व युवाध्यक्ष रतन सिंह ताराखेड़ी ने बताया की कपासन विधानसभा क्षैत्र के जाशमा ग्राम स्थित श्री शनिमहाराज मंदिर के मां आशापुरा माता मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में मां आशापुरा मंदिर में रेलिंग जाली फाटक लगाने संबंधी ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा 19 फरवरी 2025 मां आशापुरा की प्रथम वर्षगांठ है।जिसे हर्षोल्लासपूर्वक मनाने का प्रस्ताव लिया गया।साथ ही रावत राजपूत समाज में समूह विवाह करने का निर्णय लिया गया।समाज की आगामी बैठक 2 फरवरी रविवार मां आशापुरा माता मंदिर परिसर में आयोजित होगी। जिसमे सामाजिक सुधार पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जायेगा। इस बैठक में भेरू सिंह जाशमा,मगना सिंह सुरजपुरा,शंकर सिंह,देवी सिंह,वेणी सिंह,देवी सिंह, भंवर सिंह,जीवन सिंह,मेघ सिंह,कालु सिंह,प्रभु सिंह,भगवान सिंह,मदन सिंह रावा का खेडा,लेहरु सिंह,हेम सिंह,उदय सिंह,प्रभु सिंह देवडा का खेडा, किशन सिंह,सोहन सिंह,मोहन सिंह राईतलियास, रामचन्द्र सिंह,गोपाल सिंह पहुंना,भान सिंह लुणेरा, गोपी सिंह कुरज,रतन सिंह,गोपाल सिंह मेघाखेडा, केसु सिंह कपासन,जोरावर सिंह ताराखेडी,लादु सिंह भूपालसागर,शंकर सिंह नंगपुरा आदि समाज के वरिष्ठ सरदार उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर्व पर आसमान में रहा पतंगों का राज छतों पर वो काटा का रहा शोर

## युवाओं ने छतों पर डीजे की धुनों पर जम कर उड़ाई पतंगें

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** जिला समेत अंता कस्बे में सुबह से ही लोगों ने पतंगबाजी करना शुरू कर दिया। परिजनों के साथ बच्चे सुबह से ही घरों की छतों पर दिखाई दिए और पतंगबाजी का जमकर लुत्फ लिया। इस दौरान आसमान में वो काटा का शोर सुनाई दिया और पतंगों को लूटने के लिए भी बच्चों में होड दिखाई दी। मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी बनाने और दान करने की परंपरा है। इसके अलावा इस दिन पतंग भी उड़ाई जाती है और इसका धार्मिक महत्व माना गया है।मकर संक्रांति का त्योहार देशभर में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। हालांकि, हर जगह इसे मनाने के तरीके व परंपराओं में भिन्नता देखने को मिलती है। मकर संक्रांति के दिन कुछ जगहों पर खिचड़ी बनाने, खाने और दान करने की परंपरा है वहीं इस दिन काले तिल और गुड़ का दान करना भी बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। इसके अलावा जिले भर में मकर संक्रांति के दिन पतंग भी उड़ाई जाती है और ऐसा करना बहुत ही शुभ माना जाता है अक्सर 14 जनवरी को मनाया जाता है राशि अनुसार 15 को भी मनाई जाती है इस दिन भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं इसलिए इसे मकर संक्रांति नाम दिया गया है।

**मकर संक्रांति के दिन क्यों उड़ाते हैं पतंग :** मकर संक्रांति के दिन आसमान में रंग-बिरंगी पतंगे नजर आती हैं और कई जगहों पर पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता भी रखी जाती है इसलिए इसे मकर संक्रांति के अलावा पतंग पर्व भी कहा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर मकर संक्रांति के दिन पतंग क्यों उड़ाई जाती है? इसके पीछे धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों ही मान्यताएं छिपी हुई है पतंग की परंपरा मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने के पीछे वैज्ञानिक महत्व भी माना गया है। इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं और यदि इस दिन पतंग उड़ाई जाए तो व्यक्ति को सूर्य से शक्ति प्राप्त होती है।

यानि सर्दियों के मौसम में सूर्य की रोशनी व गर्मी प्राप्त होती है जो कि सेहत के लिए बहुत ही जरूरी मानी गई है। इसके अलावा पतंग उड़ाते समय हाथ व पांव के साथ ही दिमाग का भी उपयोग किया जाता है। ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना गया है।

# हजरत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी रअ की याद में कल कपासन में जश्ने अशरफ

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** हजरत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी र.अ. की याद मे गुरूवार 16 जनवरी को जश्ने अशरफ मनाया जायेगा। बज्मे अशरफी के सैक्रेट्री एवं पूर्व नपा पार्षद अशरफ हुसैन अंसारी ने बताया कि किछोछा शरीफ जिला अम्बेडकर नगर उत्तर प्रदेश मे स्थित दरगाह हजरत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी र.अ. की याद मे नगर के मोमीन मोहल्ला नहर के पास बाद नमाजे ईशा जश्ने अशरफ बड़ी शानो शोकत के साथ मनाया जायेगा। जश्ने अशरफ मे पीरे तरीकत औलादे गौसे आजम हजरत अल्लामा अलहाज डॉ. सैयद जलालुद्दीन अशरफ उर्फ कादरी मियां चेयरमेन मखदूम अशरफ मिशन पण्डवा शरीफ जिला मालदा पश्चिम बंगाल एवं मौलाना मुईनुद्दीन अशरफी की तकरीर होगी। शायरे इस्लाम उस्मान गनी के साथ मुकामी व बैरोनी ओलमाऐ किराम व शोएरा हजरात शिरकत करेंगे। बज्मे अशरफी के सदर अब्दुरज्जाक मंसूरी ने बताया कि हजरत कादरी मियां का कार्यक्रम जुम्आ को जयपुर मे होगा तथा शनिचर को हवाई जहाज से गोआ तशरीफ ले जायेगें।

# दान पुण्य के महापर्व पर महिला ने अपना जन्मदिन मनाते हुए किए सामाजिक कार्य

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** शास्त्रों के अनुसार, हर व्यक्ति को कुछ हिस्सा दान करना चाहिए. क्योंकि इससे अधिक पुण्य काम और कुछ नहीं. वेद, ग्रंथ, शास्त्र और पुराण में भी दान की महत्ता के बारे में बताया गया है और बात दान पुण्य के महापर्व पर हो तो इसकी महत्ता और बढ़ जाती है, आज दानपुण्य के महापर्व पर झालावाड़ निवासी समाजसेवी नीतू योगी ने आज अपना जन्मदिन दानपुण्य करके मनाया । झालावाड़ न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ रामसेवक योगी की धर्मपत्नी ने अपने बेटे रेयांश व सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर झालावाड़ की तीन बस्तियों के जरूरतमंद बच्चों के बीच केक काटकर उन्हें मिठाई, गर्म कपड़े भी उपहार स्वरूप भेट किए। नीतू योगी ने बताया कि असहाय व गरीब बच्चों संग अपनी खुशी के पल साझा करने के दौरान इन बच्चों के चेहरों पर काफी खुशी देखने को मिली। बच्चे ईश्वर का रूप माने जाते हैं, जिनकी मुस्कान से ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं। इस अवसर पर आत्माराम सेवा संस्थान के युवराज पारेता, मंजूश्री संस्थान के अजय मोमिया, योगेश योगी, प्रेम सिंह, व विकास ने सहयोग किया।

# मकर संक्रांति पर भाविप कपासन ने कंबल स्वेटर एवं तिल्ली के लड्डू वितरित किये

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** मकर संक्रान्ति पर्व पर मंगलवार को भारत विकास परिषद के सदस्यों द्वारा सर्दी से बचाव हेतु जरूरतमंदों में ऊनी वस्त्र एवं तल्ली के लड्डूओं वितरण किया गया। भारत विकास परिषद कपासन अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि भाविप की स्थानीय शाखा द्वारा गोद लिये क्षैत्र के करुकड़िया ग्राम मे मकर संक्रांति पर्व पर रामनारायण शर्मा,ग्राम पंचायत धमाणा सरपंच विष्णुशंकर हैडा,भामाशाह पुखराज जैन आदि गणमान्यजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे भामाशाह पुखराज जैन द्वारा जरूरतमंद 70 परिवारों मे सर्दी से बचाव हेतु ऊनी कंबल का वितरण किया गया।साथ ही भारत परिषद कपासन के पदाधिकारियों द्वारा 150 परिवारो में सूर्य उपासना के मकर संक्रांति पर्व पर तिल्ली के लड्डू तथा 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों में ऊनी स्वेटर,मोजे आदि का वितरण किया गया। इस दौरान भाविप के प्रभुलाल टेलर,गोपाललाल सुथार,मांगीलाल बंजारा,मनीष व्यास,मीनाक्षी शर्मा, राजेंद्र काबरा,मूलचंद कुमावत आदि सदस्य सहयोग के साथ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में भारत विकास परिषद कपासन सचिव नंदलाल बोहरा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# मकर सक्रांति पर्व पर सुभाष चौक पर निराश्रितों को करवाया नि:शुल्क भोजन

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर मंगलवार को नगर की सब्जी मंडी स्थित श्री सुभाष चौक पर श्री सुभाष सांस्कृतिक सेवा संस्थान की ओर से समाजसेवियों के सहयोग से निराश्रितों, मजदुरों, नि:शक्तजनों एवं बच्चों को नि:शुल्क सामूहिक भोजन करवाया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सुभाष सांस्कृतिक सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस भोजन सेवा कार्यक्रम में प्रात: 10 से सायं 4.30 बजे तक हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान ने पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचन्द कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रहलाद सोनी, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्व नगर महामंत्री विरेश चपलोत, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन गुप्ता, महामंत्री देवकरण समदानी, नीलेश मेहता, कमलेश बुनकर, गजेंद्र नवलखा, पूर्व पार्षद मयंक अग्रवाल, जगदीश माली, नगर उपाध्यक्ष गोपाल पंचौली, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष आरती शर्मा, संजय शर्मा सहित श्री सांवरिया गौ शाला के बंशीलाल रायवाल, मानवाधिकार संस्था से शिल्पा जैन, रेखारानी तिवारी, हेल्पिंग हैंड संस्था से भोपाल सिंह बोड़ाना, लक्ष्मी कोठारी, लीला देवी सोनी, वर्षा चपलोत, उषा देवी सिसोदिया सहित अन्य पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने सेवा दी।

# केकड़ी में खाटूश्याम सहित तीन मंदिरों का भव्य पाटोत्सव अगले माह

- बसंत पंचमी पर निकलेगी विशाल कलश यात्रा
- 120 गांवों से आएगी श्रीहरि बोल प्रभातफेरी



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केकड़ी में अल्प समय में ही हजारों भक्तों की आस्था का केंद्र बने खाटूश्याम व लक्ष्मीनारायण मंदिर का प्रथम पाटोत्सव मनाने की जोर शोर से तैयारियां शुरू हो गई है। इन मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा हुए एक वर्ष पूरा होने जा रहा है। इन मंदिरों के साथ ही सटकर स्थित बालाजी मंदिर का भी पाटोत्सव मनाया जाएगा।

केकड़ी में पोकीनाड़ी के यहां एक ही जगह पर क्रम से बने खाटूश्यामजी, लक्ष्मीनारायणजी व बालाजी महाराज के मंदिरों का पाटोत्सव अगले माह बसंत पंचमी को धूमधाम से मनाया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 2 फरवरी को सुबह 11 बजकर 54 मिनट से आरंभ हो रही है, जो अगले दिन यानी 3 फरवरी को सुबह 9 बजकर 36 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के हिसाब से बंसत पंचमी 3 फरवरी को मानी जायेगी।

श्याम भक्त जीतू भाटी ने बताया की पाटोत्सव में आस्था व भक्ति से ओतप्रोत कई कार्यक्रम होंगे, जिसमें दो फरवरी को सुबह 9 बजे श्रीचारभुजा मंदिर से कलश यात्रा व निशान यात्रा निकलेगी तथा श्याम बाबा का नगर भ्रमण कराया जाएगा। इसमें 1100 कलशों के साथ बड़ी संख्या में बाबा के निशान व श्याम बाबा की आकर्षक सवारी शामिल होगी। श्री श्याम प्रेमी सेवा समिति के अध्यक्ष चंचल कुमार चौकड़ीवाल ने बताया कि पाटोत्सव के सभी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने के लिए बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्यामभक्तों की एक टीम बनाकर उन्हें उत्तरदायित्व सौंपे गए।

इस टीम में पार्षद कैलाशचंद चौधरी, बालू माली, रामप्रसाद सैनी, शयोजी राम, लालाराम जाट, दशरथ शर्मा, चंचल कुमार चौकड़ीवाल, रामकिशोर बियाणी, सुमित धुपिया, जीतू लक्षकार, मयंक न्याति, अनिल गोयल, अभिषेक गोयल, अर्पित अग्रवाल, गौतम साहू, मोहित मोदी, गोलू सिंधी, हरीश सिंधी, चंदन माहेश्वरी, आशीष बियाणी, अजय तोषनीवाल, अभिषेक जैन आदि शामिल किये गए।

# साइंस ओलंपियाड में श्री सुधासागर स्कूल की दो नन्हीं छात्रा शिवांशी व काव्या ने बनाया कीर्तिमान

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गणित में हासिल की दूसरी और 27वीं रैंक

बढ़ता राजस्थान





**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केकड़ी में सापन्दा रोड़ स्थित श्री सुधासागर दिगम्बर जैन विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दो बालिकाओं ने साइंस ओलंपियाड के अंतर्गत गणित विषय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दूसरी और 27वीं रैंक हासिल कर नया कीर्तिमान बनाया। स्कूल ओलंपियाड प्रभारी एवं निदेशक अजय जैन ने बताया साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित गणित विषय की ओलंपियाड परीक्षा में श्री सुधासागर स्कूल में अध्ययनरत कक्षा तीन की छात्रा शिवांशी तिवाड़ी पुत्री कृष्ण कुमार तिवाड़ी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान अर्जित कर केकड़ी शहर का नाम रोशन किया। इसे फाउंडेशन की ओर से मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन एवं सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार कक्षा 3 की ही एक और छात्रा काव्या झंवर पुत्री सौरभ झंवर ने भी गणित विषय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 27वां स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस छात्रा को भी फाउंडेशन द्वारा गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस से नवाजा जाएगा। दोनों होनहार छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष संजय कटारिया, सचिव आनंद सोनी, निदेशक अजय जैन एवं प्रधानाचार्य सत्यनारायण खंडेलवाल द्वारा उन्हें बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गर्भवती महिला ने उठाया आत्मघाती कदम, फंदे पर लटका मिला शव

## दस माह पहले हुई थी शादी

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केकड़ी शहर के काजीपुरा इलाके में बीती रात एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि विवाहिता तीन माह की गर्भवती थी। घटना का पता चलते ही मौके पर हाहाकार मच गया। सूचना पर सिटी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया। सोमवार सुबह पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहपुरा जिला भीलवाड़ा निवासी दीपा महावर (22) का विवाह यहां काजीपुरा निवासी गोविन्द महावर जाति कोली के साथ गत 4 मार्च 2024 को हुआ था। गत रात्रि को दीपा ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और फंदे पर लटक गई। काफी देर तक जब दीपा बाहर नहीं निकली तो परिजन ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। परिवार के लोगों ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो दीपा फांसी के फंदे पर लटकी मिली। परिवारजन ने उसे नीचे उतारकर राजकीय जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सिटी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। सुबह उपखण्ड अधिकारी सुभाष चन्द्र हेमानी, पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा व सिटी थानाधिकारी कुसुमलता मीणा ने अस्पताल पहुंचकर पीहर पक्ष व ससुराल पक्ष के लोगों से पूछताछ की। दोनों पक्षों की आपसी सहमति के बाद पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जांच उपखण्ड अधिकारी सुभाष चन्द्र हेमानी के जिम्मे की गई है। बताया जाता है कि विवाहिता तीन माह की गर्भवती है। विवाहिता ने आत्महत्या किस कारण से की है, इसके बारे में फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है।

# टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को समापन हुआ

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के गंगधार मै विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के तत्वाधान में 4 दिवसीय टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को समापन हुआ। जिसमै फाइनल मैच गंगधार व तलावली के बीच खेला गया। जिसमें तलावली ने पहले बल्लेबाज 10 ओवर मै 102 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुई गंगधार ने 9 ओवर मै जीत हासील कर ली।विजेता टीम को हीरालाल वर्मा की ओर से ? 21000 का प्रथम इनाम दिया गया।व द्वितीय इनाम विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से 11000 का इनाम तलावली को दिया गया।मैन ऑफ द सीरीज भोला माली रहे।मैन ऑफ़ द मैच शुभम कोदीया रहे।इस दौरान प्रमोद निगम, कुमोद शर्मा, राजेश नीमा,संजय दास बैरागी, हरिओम शर्मा, मनीष मिश्रा, बंसीलाल राठौर,दिलीप मोरी, भगवती दास बैरागी, संतोष परमार, जितेंद्र देवड़ा, आशीष भट्ट,व कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# 7 दिन बाद भी प्रशासन व सरकार की ओर से कोई पहल नहीं

## शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर धरना सातवें दिन भी जारी रहा

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर धरना मंगलवार को सातवें दिन भी जारी रहा।पीड़ित परिवार के साथ मीणा समाज व सर्व समाज के लोगों द्वारा लगातार 7 दिन तक जिला कलेक्ट्रेट पर धरना देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होने से समाज के लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रतिदिन धरने पर लोगो की संख्या बढ़ती जा रही है।धरने पर मंगलवार को भी सर्व समाज के लोगों ने आवाज उठाई कि सरकार मनीष मीणा के परिवार को कब न्याय देगी। लगातार धरने के बाद अब गांवों में भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को भी धरने पर सभी ने एक स्वर में आवाज उठाई कि 7 दिन धरने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। धरने पर सभी ने कहा कि जिला प्रशासन व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पीड़ित परिवार की पुकार सुननी चाहिए।इस विषय को गंभीरता से लेते हुए बिना किसी विलंब के आर्थिक सहायता जारी करने के साथ मुकदमे की न्यायिक जांच करवानी चाहिए।

धरने में सरपंच संघ अध्यक्ष आनंदीलाल मीणा, एडवोकेट हरिप्रसाद कवरिया, राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा युवाशाखा के नगर अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जिला मंत्री नागेश्वर तिवारी, एडवोकेट हेमराज मीणा, बाबूलाल, आमली सरपंच सुरेश मीणा , नयागांव उप सरपंच मदनलाल गुजर, अजय सिंह मीणा पन्नालाल, रामेश्वर, राजाराम, सत्यनारायण, राजेश ,रामलक्ष्मण, सोभागमल, छोटलाल, अनिल गुजर, रामस्वरूप रोडूलाल, दीपक मीणा, महादेव,नीरज कालूलाल सहित 50 से अधिक लोग सम्मिलित रहे।

# महिला उद्यमिता विकास प्रशिक्षण में कपासन से 35 महिलाओं ने भाग लिया

बढ़ता राजस्थान




**कपासन (नि.स.)।** क्षैत्र में मंजरी फाउंडेशन द्वारा एल एंड टी के सहयोग से संचालित महिला उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को मंजरी फाउंडेशन के कार्यालय परिसर में समापन किया गया। मंजरी फाउंडेशन कलस्टर कोर्डिनेटर मोनिका बिजरानिया ने बताया की उक्त प्रशिक्षण में कपासन,धमाणा व दोवनी ग्राम से कुल 35 बालिका-महिलाओ ने भाग लिया।उक्त महिलाओ को उद्यम उद्यमिता आदि विषयों संबंधी जानकारी दी गयी।मंजरी फाउंडेशन प्रशिक्षक आशीष पाराशर द्वारा तृतीय दिवस अवधि में समस्त मौड्यूल जानकारी से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि मंजरी फाउंडेशन द्वारा आगामी दिनों में 4 और प्रशिक्षण कार्यक्रम कपासन क्षैत्र में आयोजित किये जायेंगे।जिससे करीब 200 महिलाओ को प्रशिक्षण देकर उनका रोजगार शुरू किया जायेगा।

# गो माता को नगर भ्रमण करवाया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में मकर संक्रांति महा पर्व को उमंग व उत्साह से मनाया गया।इस अवसर पर श्री खेड़ापति वरजांगी हनुमान गो शाला समिति ने महा पर्व पर गो माता को नगर भ्रमण करवाया।इस अवसर पर हर वर्ष के अनुसार सेवा समिति के सदस्यों ने बेंड बाजो व ट्रेक्टर ट्रॉली के साथ गो माता के साथ नगर भ्रमण कर गो माता की सेवार्थ आमजन से अधिक से अधिक दान देने की अपील की साथ गेंहू ,गुड़ दलिया ,चारा, नगद राशि जो भी स्वेच्छा से बन सके दान देकर धर्म का लाभ ले।नगर भ्रमण के दौरान नागरिको व महिलाओं ने गो माता का पूजन कर गो माता को वस्त्र भेंट व गुड़ दलिया खिला कर आरती उतारी नागरिको ने मुक्त हस्त से दान दिया ।और गो माता की सेवा का लाभ लिया।

## राष्ट्रीय पर्व, 26 जनवरी के जिला स्तरीय समारोह के आयोजन स्थल का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**स्टेडियम को दुरुस्त करने सहित समस्त आवश्यक तैयारिया समय पर पूरी करने के दिए निर्देश**



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** आगामी राष्ट्रीय पर्व, 26 जनवरी का जिला स्तरीय मुख्य समारोह पूर्व की भांति इस बार भी सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में आयोजित होगा । जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने मंगलवार को समारोह स्थल सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम पहुंचकर निरीक्षण कर सभी आवश्यक तैयारियो का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल पर लगाये जाने वाले टेंट, मंच का अवलोकन किया, साथ ही आयोजन स्थल की साफ-सफाई करने , स्टेडियम को समतल कर दुरुस्तीकरण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने स्टेडियम की चार दिवारी के बाहर गेट लगाने हेतु नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही स्टेडियम के आसपास बाहर की तरफ अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने लाइनिंग बनाने , उचित पार्किंग व्यवस्था , व्यायाम एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए स्थान निर्धारित किए। इसके अतिरिक्त स्टेडियम तक मार्ग व यातायात व्यवस्था, समारोह स्थल पर आगंतुकों के लिए बैठक व्यवस्था का अवलोकन किया । पेयजल, परिवहन सहित अन्य व्यवस्थाओं के दिशा निर्देश दिए । उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को समारोह स्थल पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस दल की तैनाती रखने के निर्देश दिए ।

जिला कलेक्टर ने नगर परिषद के अधिकारियों व समारोह की तैयारियों से जुड़े विभागीय अधिकारियों को समस्त आवश्यक तैयारिया समय पर पूरी करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, नगर परिषद के अधिशाषी अधिकारी सुनील यादव सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## देवली में मकर संक्रांति में खूब बिका चाइनीज मांझा

# चाइनीज मांझे की बिक्री के विरुद्ध जिम्मेदार प्रशासन नहीं कर पाया कोई ठोस कार्रवाई

### धरे के धरे रह गए टोंक जिला कलेक्टर के आदेश

- पतंग और चाइनीज मांझे की खरीद के लिए 13 जनवरी की देर रात तक दुकानों पर बनी रही भीड़
- मकर संक्रांति पर शहर में चाइनीज मांझे की डोर के साथ उड़ती रही दिनभर पतंग



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर यहां शहर भर में जमकर पतंग बाजी हुई। यहां हुई पतंग बाजी में युवकों ने चाइनीज मांझे का जमकर इस्तेमाल किया। इसलिए की पालिका प्रशासन यहां चाइनीज मांझे की बिक्री की रोक थाम पर कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी । लोगों के अनुसार पालिका प्रशासन की मिली भगत से शहर भर में चाइनीज मांझा बेखौफ बिकता रहा। और पतंग मांझे के व्यापारियों ने इस पर लाखों का कारोबार भी किया। यहां देखने वाली बात तो यह रही की चाइनीज मांझा शहर में जहां-जहां जिन दुकानों पर बिकता रहा यह सब जानकारी मीडिया कर्मियों से और प्रकाशित खबरों के जरिए पुलिस अधिकारी और पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा को समय-समय पर मिलती रही। बावजूद इसके चाइनीज मांझे को बेचने वालों व्यापारियों पर जिम्मेदार अधिकारी कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं कर पाए। इस मामले में लोगों के अनुसार इसका मुख्य कारण यह रहा की उक्त कारोबारी के साथ कार्रवाई करने वाली टीम की मिली भगत बराबर बनी रही। यहां देखने वाली बात तो यह भी रही की मकर संक्रांति के सीजन पर पतंग और चाइनीज मांझे की खरीद जोरो पर हुई। जिससे पतंग की दुकानों पर लाखों का कारोबार हुआ है। ऐसे में इतने बड़े पैमाने पर हुए कारोबार के बीच 10 जनवरी को पालिका प्रशासन ने चाइनीस मांझे के विरुद्ध कार्रवाई के नाम केवल दो दर्जन चाइनीज मांझे की चर्खियां जप्त करने की कार्रवाई दिखलाई। तो वहीं 13 जनवरी को फिर से उक्त मांझे की 20 चर्खिया जप्त करने की बात कही। इस मिली भगत के फेर के बीच यहां समझने वाली बात तो यह है कि क्या इस पूरे सीजन में लाखों का कारोबार करने वाले उक्त सभी कारोबारियो के यहां पालिका प्रशासन की दो बार की हुई कार्रवाई में केवल 44 चर्खिया चाइनीज मांझे दिखाई दी जिस पर पालिका प्रशासन ने केवल जप्ती की हल्की कार्रवाई का लाईजामा पहनाकर कार्रवाई के नाम इति श्री कर डाली। जबकि चाइनीज मांझा रखना या इस मांझे की बिक्री करना कानूनन अपराध माना जाता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि पालिका प्रशासन ने जिन जिन दुकानों पर चाइनीज मांझा को जप्त किया। वहां केवल हिदायत भरी करवाई क्यों और किसी मेहरबानी पर की। यहां पालिका की टीम ने उक्त अपराध पर कागजी कार्रवाई को अमल में लाना उचित क्यों नहीं समझा इस अपराध पर उक्त व्यापारियों को केवल हिदायत देकर ही क्यों छोड़ दिया आखिर क्यों?

**क्या कहते हैं अधिकारी**

सोमवार को भी पालिका की टीम ने शहर में घूम कर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की 20 चर्खिया जप्त करने की कार्रवाई की थी।

**सुरेश कुमार मीणा**
**अधिशाषी अधिकारी,नगर पालिका देवली**

## बयाना का विकास कैसे हो : विधायक डॉ रितु बनावत ने विकास परियोजनाओं के प्रस्थापित स्थलों का किया निरीक्षण, निरीक्षण, बस स्टैंड, पार्क, पिकनिक स्पॉट शामिल होंगे



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** मंगलवार को विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। बस स्टैंड के निर्माण के लिए भीमनगर तिराहे के पास पहाड़ी पर स्थित भूमि को चिह्नित किया गया है, जहां पहले पुलिस थाना और अस्पताल प्रस्तावित था। शहर में एक आधुनिक चौपाटी के निर्माण की योजना है, जिसके लिए दमदमा रोड पर नगर पालिका के सामने का भूखंड चुना गया है। यह चौपाटी फूड स्ट्रीट और पार्क के रूप में विकसित की जाएगी, जहां परिवार शाम की सैर का आनंद ले सकेंगे। विकास कार्यों में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 132 केवी और 33 केवी जीएसएस, डिस्कॉम कार्यालयों के साथ-साथ पशु चिकित्सालय के लिए भी भरतपुर रोड, वैर रोड और दमदमा गांव में जमीनों का निरीक्षण किया गया। विधायक डॉ. बनावत ने कहा कि ये विकास कार्य स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा बल्कि स्थानीय व्यापार को भी गति देगा। सभी प्रस्तावों को राज्य सरकार को भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम दीपक मित्तल, तहसीलदार व ईओ अंकुर जैन, डिस्कॉम एक्सईएन विवेक शर्मा, पीडब्ल्यूडी जेईएन रामावतार गुर्जर सहित भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल और अन्य स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चौथ माता मेले में श्रद्धालुओं को नहीं हो किसी प्रकार की असुविधा : शुभम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** चौथ का बरवाड़ा में 16 से 19 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाले चौथ माता के मेले में प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में चौथ माता मन्दिर ट्रस्ट परिसर में बैठक आयोजित हुई। मुख्य मेले का आयोजन 17 जनवरी, 2025 को होगा।

जिला कलक्टर ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की सुविधा नहीं हो इसके लिए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मन्दिर ट्रस्ट, जिला प्रशासन तथा हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है कि पूर्व वर्षो के भांति इस वर्ष भी मेला शांतिपूर्ण तरीके से तथा पूरी आस्था व भव्यता के साथ सम्पन्न हो।

जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को मेला मार्गो पर बिजली के झूलते तारों को कसवाने, खुले तारों को ढकने के व सुरक्षा के सर्टिफिकेट देने निर्देश प्रदान किए ताकि कोई अनहोनी घटना न घटे। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारी को मेले में पेयजल की आपूर्ति के स्त्रोतों के सैम्पल लेकर पानी की गुणवत्ता जांचने के निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी चौथ का बरवाड़ा यशवेन्द्र कुमार से मेले में लगने वाली दुकानों के बारे में की जानकारी लेते हुए मेले में धारदार हथियारों की दुकाने आवंटित नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने मेले के दौरान यातायात एवं परिवहन व्यवस्था के लिए अलग-अलग स्थान चिन्हित कर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश ग्राम पंचायत चौथ का बरवाड़ा को दिए। वहीं जलदाय विभाग एवं ट्रस्ट की ओर से 6-6 पानी की अस्थाई प्याऊ लगाने के निर्देश दिए। परिवहन अधिकारी पी.आर. मीणा ने बताया कि मेले के दौरान 8-8 घण्टे की तीन पारियों में फ्लाइंग स्कवायड टीम लगाई गई है।

वहीं खाद्य सामग्री की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कैलाश सोनी को टीम नियुक्त कर सभी खाद्य सामग्री की दुकानों से सैम्पल लेकर मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए। अतिरिक्त सीएमएचओं ने बताया कि मेले के दौरान 4 मेडिकल टीम का गठन कर राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाई गई हैं।

उन्होंने मेले के दौरान आमजन व श्रद्धालुओं को साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक करने की बात कहीं। साथ ही जगह-जगह डस्टबिन रखने और भरने पर खाली करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को मेले के अयोजन से पूर्व मेला मार्ग में हो रहे गड्ढ़ों को सही करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने मेले के दौरान शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की आवश्यक तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस जाप्ता लगाया जाएगा। मन्दिर स्थल तथा चौथ का बरवाड़ा में सभी स्थानों पर राउन्ड द क्लॉक पुलिस जाप्ता रहेगा। उन्होंने कहा कि रात और दिन के लिये पुलिस कर्मियों की अलग-अलग ड्यूटी लगाई गई है।

बैठक में तहसीलदार चौथ का बरवाड़ा नीरज सिंह, एईएन पीडब्ल्यूडी चौथ का बरवाड़ा जितेन्द्र कुमार मीना सहित अन्य अधिकारी, चौथ माता ट्रस्ट सदस्य उपस्थित रहे।

## अपहरण का मामला दर्ज कराने से नाराज आरोपी पक्ष ने युवती पक्ष के साथ मारपीट की, दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल

बढ़ता राजस्थान

**बयाना,/ भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** अपहरण का मामला दर्ज कराने से नाराज आरोपी युवक के पक्ष के लोगों ने लड़की पक्ष के घर पहुंचकर परिजनों के साथ मारपीट कर दी। घटना को लेकर युवती की मां ने एक दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोपी और युवती पक्ष दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। मारपीट की यह घटना बयाना पुलिस सर्किल के गढ़ी बाजना थाना इलाके के एक गांव में हुई।

गढ़ी बाजना थाना एसएचओ हीरालाल मीना ने बताया कि थाना इलाके के एक गांव के कुछ लोग हरियाणा के सोनीपत में रहकर मकान निर्माण की मजदूरी का काम करते हैं। पिछले वर्ष 19 अक्टूबर को इस मजदूर परिवार की एक 21 वर्षीया विवाहित युवती घर से लापता हो गई थी। जिसे लेकर 24 अक्टूबर 2024 को युवती के भाई ने गढ़ी बाजना (बयाना) के सौरभ नाम के लड़के के खिलाफ सोनीपत जिले के एक थाने में उसकी बहन को फुसलाकर घर से अपहरण कर ले जाने का मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में घर में रखे 35 हजार रुपए और सोने-चांदी के गहनों को भी चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया था। थाना प्रभारी ने बताया कि बाद में दोनों पक्षों के बीच पंच-पटेलों की मौजूदगी में राजीनामा हो गया था। जिसके बाद आरोपी पक्ष ने अपहृत की गई युवती को उसके परिजनों को वापस सौंप दिया था। दो दिन पहले हरियाणा पुलिस ने अपहरण के दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए गढ़ीबाजना थाना इलाके में दबिश देकर आरोपी युवक सौरभ को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। इससे नाराज होकर सौरभ के परिवार के लोगों सुरेंद्र, जगन्नाथ, कप्तान, विशंभर, विशाल, अजब सिंह, उदय सिंह, दीपक, अंकित आदि ने लाठी डंडों और पत्थरों से युवती पक्ष के घर पहुंचकर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए हमला कर दिया। घटना में युवती के पक्ष की दो महिलाएं और एक युवक लाठी-डंडों की चोट से घायल हो गया।

एसएचओ ने बताया कि मारपीट और एससी-एसटी एक्ट की रिपोर्ट की जांच सीओ कृष्णराज को सौंपी गई है।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना का उठायें लाभ

**जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में जागरूकता शिविर 15 को**

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राज्य के गैर कृषि क्षेत्रों यथा विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार के विकास में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग का योगदान एवं उनकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022 लागू की गई है। योजना के तहत लक्षित वर्गों को उद्योग, सेवा एवं व्यापारिक गतिविधियों से संबंधित परियोजनाओं की स्थापना, विस्तार, विविधिकरण एवं आधुनिकीकरण हेतु प्रभावी मार्गदर्शन, प्रदर्शन, सहयोग सहित विभिन्न प्रकार की सहायताएं एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायेंगी। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक चन्द्रमोहन गुप्ता ने बताया कि योजना में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित गतिविधियों, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों (पशुपालन, पक्षीपालन, उद्यानिकी आदि) के अतिरिक्त समस्त वैध विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में नवीन उद्यम स्थापित करने के साथ ही स्थापित उद्यम में विस्तार, विविधिकरण, आधुनिकीकरण करना सम्मिलित होगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के 18 वर्ष से अधिक उम्र के एकल आवेदक एवं ऐसी भागीदारी फर्म जिनमें अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के भागीदारों की 51 प्रतिशत से अधिक भागीदारी हो, योजनान्तर्गत पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि योजना के तहत विनिर्माण, सेवा, व्यापार उद्यम हेतु वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से अधिकतम 85 से 90 प्रतिशत तक 3 से 7 वर्ष के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिये आवेदकों को सीजीटीएमएसई अंतर्गत गारंटी फीस का पुनर्भुगतान, परियोजना लागत की 25 प्रतिशत अथवा 25 लाख रूपये जो भी कम हो तक मार्जिन मनी अनुदान तथा 5 वर्ष तक 6 से 9 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान संबंधी वित्तीय सुविधाएं राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जायेंगी। योजना के अंतर्गत लक्षित वर्ग के ऐसे आवेदक जो राजस्थान के मूल निवासी हों, बैंक में किसी भी प्रकार से डिफाल्टर नहीं रहे हों, मानसिक रूप से अस्वस्थ्य एवं दिवालिया न हों एवं केन्द्र व राज्य सरकार के किसी भी राजकीय उपक्रम में कार्यरत न हों, इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी हेतु 15 जनवरी को प्रात: 11 बजे जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में जागरूकता शिविर में भाग लेकर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## सरकारी सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बयाना,/ भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंगलवार को गांव ब्रह्मबाद में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मबाद एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं सरकारी सेवा में चयनित अभ्यर्थियों के अभिभावकों ने पौष बड़ा प्रसाद का आनन्द लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए समाजसेवी घासी गुर्जर ने कहा कि सम्मान से प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी तमाम प्रतिभाएं छुपी हुई हैं, उन्हें बेहतर मंच प्रदान कर तराशने की जरूरत है।

कार्यक्रम में आरएएस परीक्षा में चयनित अंजलि शर्मा, जूनियर एकाउन्टेन्ट परीक्षा में चयनित देवेन्द्र धाकड़, सचिन धाकड़ एवं राधा धाकड़ के नर्सिंग ऑफिसर पद पर चयनित, लोको पायलट बने महेश धाकड़ सहित नर्सिंग ऑफिसर इन्द्रपाल सिंह चावला एवं शिक्षक केशवेन्द्र मुदगल आदि प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह व दुपट्टा ओढाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर भम्बल पटेल, मुकेश तिवारी जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद भरतपुर, सुरेन्द्र चावला, बबलू पटेल, किन्ना, घनश्याम मुदगल, विजेन्द्र, बलीराम, वीपी सिंह, बदन सिंह, गब्बर गुर्जर, काजल गुर्जर मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयसिंह धाकड और मंच संचालन ओ.पी टाइगर ने किया।

# महिला एवं बाल विकास विभाग व आरसेटी के मध्य ''कुशल आंगनबाडी'' को लेकर एमओयू

**प्रशिक्षण के माध्यम से मानदेय कर्मियों की क्षमतावर्द्धन एवं कौशल वृद्धि का कार्य किया जाएगा**

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान सरकार की नवाचार पहल के अन्तर्गत जिले में आंगनबाडी केन्द्रों पर कार्यरत मानदेयकर्मियों, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के लिए पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भरतपुर के साथ मिलकर एक नई पहल ''कुशल आंगनबाडी'' शुरू की गई है।

उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग भरतपुर राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि नवाचार के तहत आरसेटी द्वारा मानदेयकर्मियों की क्षमतावर्द्धन एवं कौशल वृद्धि हेतु पूर्णतया नि:शुल्क लघु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे। उक्त कार्यक्रम हेतु मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग भरतपुर एवं पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भरतपुर के मध्य एमओयू किया गया।

उपनिदेशक ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु प्रशिक्षणार्थियों के लिए पात्रता सुनिश्चित की गई है जिसके तहत नई पहल कुशल आंगनबाडी के अन्तर्गत प्रशिक्षण केवल आंगनबाडी केन्द्रों पर कार्यरत मानदेयकर्मियों को ही दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अनिवार्य न होकर पूर्णरूप से स्वेच्छिक होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षिणार्थी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें कि प्रशिक्षण से समेकित बाल विकास सेवाओं की किसी भी सेवा में बाधा उत्पन्न नहीं होगी, प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को किसी भी प्रकार का भत्ता, स्टाई फण्ड नहीं दिया जाएगा। आवेदन पत्र प्रशिक्षणार्थी को संबंधित महिला पर्यवेक्षक के माध्यम से बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यलय में जमा कराना होगा।



## परशुराम पक्षी बिहार में हनुमान मन्दिर तिजारती गौशाला के चुनाव सम्पन्न, नवीन पंचौली अध्यक्ष बने

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** मंगलवार को श्री परशुराम पक्षी बिहार में हनुमान मन्दिर तिजारती गौशाला के चुनाव सम्पन्न हुआ।इस मौके पर सर्वसम्मिति से अध्यक्ष पद पर नवीन पंचौली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमानसिंह चौधरी उपाध्यक्ष रोहिताश पारीक, महासचिव राजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश सिंहल सचिव संदीप भार्गव, को चुना गया, एवं संरक्षक श्यामसुन्दर सोनी, संजय भार्गव व हरीश चन्द शर्मा को बनाया गया। इसके अतिरिक्त श्री परशुराम पक्षी विहार का संचालन सुचारु रूप से करने के लिये एक संचालक मण्डल का भी गठन किया गया, संचालन कर अण्डल अध्यास पड़?का कार्यभार मनोज शर्मा को दिया गया व संचालक मण्डल में ओमप्रकाश सोनी बदनोर, संजय पाण्डे, योगेश पंचोली, एस.एप शर्मा सी. ए. सुधीर भार्गव, विजय पारीक एडवोकेट रुपचन्द मेवाडा, ओमप्रकाश साह, रत्नेश पुरोहित एवं सोहनलाल को नियुक्त किया गया। साथ ही संस्था के विस्तार जिम्मेदार श्यामसुन्दर सोनी, नवीन पंचोली एवं मनोज शर्मा को सौंपी गई, इस बैठक में पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों को दाने पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से करने के लिये विभिन्न पहलुओं व संसाधनों की उपलब्धता के बारे में विचार-विमर्श किया गया।

# कच्चे दूध का सेवन करने से मिल सकते हैं ये जबरदस्त फायदे

दूध को कैल्शियम सहित कई तरह के पोषक तत्वों का पावर हाउस माना जाता है। आमतौर पर, लोग अपने घर में दूध लाकर व उसे उबालकर उसका सेवन करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि अगर आप कच्चे दूध का सेवन करते हैं तो इससे आपको और भी ज्यादा लाभ होता है। हालांकि, अधिकतर लोगों को इस बात की जानकारी ही नहीं होती है।



### रक्तचाप को नियंत्रित करने में मददगार

कच्चा दूध प्रोटीन से भरपूर होता है जो खनिजों के अवशोषण को बढ़ाने के साथ-साथ रक्तचाप को सामान्य बनाए रखता है। कच्चा दूध जो विटामिन डी और कैल्शियम प्रदान करता है, उसे उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने और कम करने के लिए अच्छे एजेंट के रूप में जाना जाता है।

### गुड बैक्टीरिया से होता है भरपूर

कच्चे दूध में गुड बैक्टीरिया भरपूर मात्रा में पाए जा सकते हैं जो आपके स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। खासकर पेट के लिए इन्हें काफी अच्छा माना जाता है। वे आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को अच्छी तरह से काम करने में भी मदद करते हैं। आप डेयरी उत्पादों और प्राकृतिक रूप से फरमेंट खाद्य पदार्थों का सेवन करके अपने पेट में गुड बैक्टीरिया की मात्रा को बढ़ा सकते हैं। चूंकि पाश्चुरीकृत और होमोजेनाइज्ड दूध में कोई भी गुड बैक्टीरिया नहीं होता है, इसलिए आपको उन्हें प्राप्त करने के लिए कच्चे दूध की ओर रुख करना होगा।

### विटामिन से भरपूर

कच्चे दूध में विटामिन ए, के और ई जैसे प्राकृतिक वसा में घुलनशील विटामिन होते हैं। इसमें विटामिन सी और बी कॉम्प्लेक्स भी होते हैं जो पानी में घुलनशील होते हैं। इनमें से अधिकांश विटामिन डेलीकेट होते हैं और पाश्चुरीकरण की प्रक्रिया के दौरान नष्ट हो जाते हैं। इसलिए, यह सलाह दी जाती है कि कच्चे दूध का ही सेवन किया जाए।

### एक्सफ़ोलीएटिंग बाथ के रूप में करें इस्तेमाल

दूध को लंबे समय से ब्यूटी एजेंट के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है और त्वचा के लिए कच्चे दूध के कई फायदे हैं। दूध में लैक्टिक एसिड आपके डेड सेल्स को तोड़ने और इनएक्टिव प्रोटीन को घोलने के लिए जाना जाता है। यह बदले में आपकी त्वचा को एक्सफोलिएट करता है। इसके अलावा, कच्चा दूध भी आपकी त्वचा को प्रभावी ढंग से शांत कर सकता है। दूध में मौजूद प्रोटीन और वसा त्वचा को मॉइश्चराइज़ कर सकते हैं और त्वचा के रूखेपन को कम कर सकते हैं और रूखी त्वचा को नरम कर सकते हैं।




# कंधे की नसों में दर्द छुटकारा दिलाएंगे ये घरेलू उपाय



**कंधों में दर्द में जकड़न और दर्द की समस्या बहुत आम है। आमतौर पर कंधों में दर्द सूजन और कंधा उतरने या फ्रोजन शोल्डर के कारण होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, बहुत बार यह दर्द नसों में सूजन और ब्लॉकेज के कारण भी हो सकता है। नसों में सूजन के कारण आपके कंधों से लेकर गर्दन तक गंभीर दर्द की समस्या हो सकती है। लोग इसे आम दर्द समझकर इससे छुटकारा पाने के लिए पेन किलर्स, बाम आदि लगाते हैं। मांसपेशियों या हड्डियों में दर्द होने पर आपको बाम लगाने, सिकाई करने और दर्द निवारक दवाओं से आपको आसानी से राहत मिल जाती है, लेकिन नसों की सूजन और दर्द की समस्या में आपको बहुत सावधानी बरतने की जरूरत होती है। नसों के दर्द के लिए कुछ घरेलू उपाय मौजूद हैं जिनका साइंस भी समर्थन करता है, जिनका उपयोग आप कंधे की नसों में दर्द से राहत पाने के लिए कर सकते हैं। जिससे कि आप डॉक्टर के पास जाने के लिए थोड़ा आराम मिल सके।**

### स्ट्रेचिंग करें

10-15 मिनट स्ट्रेचिंग करने से आपको गर्दन और कंधे की नसों स्ट्रेच करने में मदद मिलेगी। इससे सूजन कम होगी और ब्लड फ्लो भी बढ़ेगा। इससे दर्द में भी आराम मिलेगा। इसके लिए बस गर्दन और कंधे को को आगे-पीछे, दाएं-बाएं चारों दिशाओं में स्ट्रेच करें। इससे आपको काफी राहत महसूस होगी।

### अदरक, हल्दी का सेवन करें

हल्दी और अदरक दोनों ही एंटीइंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती हैं। नसों में सूजन से लड़ने और ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मदद करती है। आप पानी में हल्दी और अदरक को उबालकर इसका सेवन करें या अपनी हर्बल टी में शामिल करें। और 2-3 बार पिएं। इससे भी बहुत आराम मिलेगा।

### कंधे से लेकर गर्दन तक सिकाई करें

गर्म सिकाई करने से मांसपेशियों, नसों और हड्डियों के दर्द से भी राहत मिलती है। इसके लिए आप हॉट बॉटल या बैग का प्रयोग कर सकते हैं। या तवे को गर्म करके किसी सूती कपड़े की मदद से भी सिकाई कर सकते हैं। इससे सूजन कम होगी, ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा और दर्द में आराम मिलेगा।

### गर्म तेल से मालिश करें

तेल को गर्म करके लगाने से सूजन और दर्द में बहुत आराम मिलता है। फ्रोजन शोल्डर और गर्दन में दर्द की समस्या में भी गर्म तेल से मालिश करना बहुत फायदेमंद होता है।

इसके लिए आप सरसों के तेल में लहसुन या हल्दी डालकर गर्म करें और इससे कंधे की नसों और मांसपेशियों की मालिश करें। ससे आपको बहुत आराम मिलेगा।

### गर्म पानी से सिकाई करें

**आप गर्म पानी में पुदीना का तेल, सेंधा नमक या फिटकरी डालकर इससे कंधे के दर्द वाले हिस्से पर सिकाई कर सकते हैं। आपको पानी को दर्द वाले हिस्से पर किसी बर्तन की मदद से ऊपर से धीरे-धीरे गर्म पानी डालना है, जैसे टूटी से पानी गिरता है। यह भी दर्द से छुटकारा पाने का एक प्रभावी उपाय है।**



# नींद में होने लगती है बेचैनी, नहीं ले पाते सांस तो हो सकती है ये गंभीर बीमारी, तुरंत लें डॉक्टरी सलाह

**आराम की नींद किस्मत से मिलती है। ये लाइन आपने भी किसी न किसी मूवी में जरूर सुनी होगी। लेकिन इसका तात्पर्य यहां थोड़ा अलग है। दुनिया में बहुत से ऐसे लोग है जो घोड़ा बेचकर सोते हैं। मतलब की एक बार सोने के बाद दोबारा सीधे सुबह ही उठते हैं। वहीं, कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें नींद में बैचनी होने लगती है और सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यह एक तरह की मेडिकल कंडीशन है, जिसे डॉक्टर्स स्लीप एपनिया कहते हैं।**

**आप ये जानकर हैरान रह जाएंगे कि :** एक रिसर्च में पाया गया दुनिया भर में करीब एक अरब लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। इस बीमारी की गंभीरता का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि सांस न ले पाने से जान जाने का भी डर रहता है। अगर ऐसा नहीं होता है तो भी इस बीमारी के शिकार लोग दिल की और सांस लेने की कई बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। उन्हें टाइप-2 डायबिटीज भी हो सकता है। सोते समय हमारी नींद कई चरणों से गुजरती है। जिसमें ब्लड प्रेशर और सांस लेने में उतार-चढ़ाव भी शामिल है। वैसे तो सोते समय हमारी ज़्यादातर मांसपेशियां आराम की मुद्रा में रहती हैं। लेकिन अगर गले की पेशी कुछ अधिक ही तनावमुक्त हो जाए, तो अंदर हवा जाने वाला रास्ता बंद हो जाता है, और सांस लेने में दिक्कत होने लगती है।

**क्या है स्लीप एपनिया :** स्लीप एपनिया एक गंभीर स्लीप डिसऑर्डर है जिसमें बार-बार सांस लेना बंद हो जाता है और शुरू हो जाता है। यदि आप जोर से खर्राटे लेते हैं और पूरी रात की नींद के बाद भी थकान महसूस करते हैं, तो आपको स्लीप एपनिया हो सकता है। यह 3 तरह का होता है- सेंट्रल, ऑब्सट्रक्टिव और कॉम्प्लैक्स स्लीप। इनमें से सबसे आम है ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया।

**किन लोगों को होता है इस बीमारी का खतरा :** अमेरिका के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के अनुसार, कुछ लोगों में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया विकसित होने की संभावना अधिक होती है यदि वह मोटापा, शराब का उपयोग, या धूम्रपान जैसे कारकों से संबंधित होते हैं। इसेक अलावा यह प्रोब्लम जेनेटिक भी हो सकती है। साथ ही पुरुषों और बुढ़े लोगों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है।

**क्यों खतरनाक है स्लीप एपनिया :** यह बीमारी इसलिए खतरनाक मानी जाती है क्योंकि इसका निदान व्यक्ति खुद मुश्किल से ही कर पाता है। क्योंकि सोते वक्त वो बेचैन होता है। नींद पूरी न होने से उठने पर थकान होती है। सिर और शरीर में दर्द होता है। इंसान डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। लेकिन, इसका मूल कारण पता नहीं होता। नींद में सांस न ले पाने की समस्या का पता सिर्फ किसी की सोते वक्त निगरानी करके ही लगाया जा सकता है।

**स्लीप एपनिया से हो सकता है ये जोखिम :** स्लीप एपनिया कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को बढ़ा सकता है। हाल के तीन अध्ययनों के परिणामों से पता चला है कि स्लीप एपनिया कैंसर के बढ़ते जोखिम, मेंटल हेल्थ में गिरावट और रक्त के थक्कों से जुड़ा है।

**क्या स्लीप एपनिया से बचा जा सकता है :** आप स्लीप एपनिया से बचाव कर सकते हैं। इसके लिए जीवनशैली में कुछ बदलाव करने की आवश्यकता होती है। इसमें हेल्दी भोजन, वेट कंट्रोल, धूम्रपान और शराब का सीमित सेवन करना शामिल है।

# अदरक का अचार खाने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे



अदरक का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। आयुर्वेद में अदरक को औषधि के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार जैसी समस्या में अदरक का काढ़ा पीना बहुत फायदेमंद होता है। अदरक का इस्तेमाल वैसे तो चाय से लेकर सब्जियों के मसाले के रूप रोजाना किया जाता है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए भी अदरक का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। अदरक को मसाले के रूप में ही नहीं बल्कि इसका अचार बनाकर भी खाया जाता है। आयुर्वेद में कई बीमारियों के इलाज में भी अदरक का सेवन करने की सलाह दी जाती है। अदरक का अचार भी आपके पाचन तंत्र को बेहतर बनाने से लेकर कई समस्याओं में बहुत फायदेमंद माना जाता है। अदरक में प्राकृतिक एंटी-सेप्टिक गुण भी पाए जाते हैं। अदरक का अचार खाने में बहुत टेस्टी होता है और शरीर को हेल्दी रखने में भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसका सेवन शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने से लेकर पेट को हेल्दी रखने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। आप लंच या डिनर करते समय भोजन के साथ अदरक के अचार का सेवन कर सकते हैं। इसका सेवन पेट की समस्याओं के अलावा मतली और उल्टी की समस्या में भी बहुत फायदेमंद होता है।

- अदरक का अचार खाने से शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है।
- रोजाना अदरक का अचार खाने से डायबिटीज की समस्या में भी फायदा मिलता है।
- हड्डियों में दर्द और गठिया की समस्या में अदरक का अचार खाने से फायदा मिलता है।
- ब्लड सर्कुलेशन को ठीक रखने में भी अदरक का अचार खाना फायदेमंद होता है।
- अदरक का अचार खाने से हार्ट की बीमारियों का जोखिम कम होता है।
- फैटी लिवर की समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए भी अदरक का अचार खाना फायदेमंद होता है।
- शरीर में बढ़े हुए बैड कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने के लिए भी अदरक का अचार फायदेमंद होता है।
- आंतों को साफ रखने और बीमारियों से बचाने के लिए भी अदरक का अचार खाना फायदेमंद होता है।

**कैसे बनाएं अदरक का अचार :** अदरक का अचार बनाने के लिए आप आधा किलो अदरक, आधा किलो लहसुन, पिसी हुई सरसों, सौंफ, हल्दी पाउडर, कलौंजी, नमक, लाल मिर्च पाउडर लें।

लहसुन और अदरक को अच्छी तरह से छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। इसके बाद इन्हें धूप में रखकर अच्छी तरह से सुखाएं। इसके बाद कलौंजी, सौंफ को अच्छी तरह से सरसों के तेल में भुनें और इसमें सभी चीजों को मिलाकर स्वाद के मुताबिक नमक मिलाएं। अब इसको किसी कांच या मिट्टी के बर्तन में रखें। कुछ दिनों तक इसे धूप में 2 से 3 घंटे के लिए रखें। एक सप्ताह बाद आप इस अचार का सेवन करें।

# कुत्ते के काटने पर 10 मिनट के भीतर करें ये काम, वरना बढ़ सकता है जानलेवा रेबीज का खतरा

**बचपन में अक्सर कुत्तों का डर दिखा कर मम्मियां कहती थीं कि काट लिया तो पेट में 14 इंजेक्शन लगेंगे। नुकीले और बड़े बड़े दांत वाले डॉग्स को देखकर ये डर लाजमी भी है। 14 इंजेक्शन लगेंगे या नहीं ये तो डॉक्टर तय करते हैं। अगर कुत्ता किसी को काट ले तो फर्स्ट एड क्या दिया जाना चाहिए ये जान लेना भी बहुत जरूरी है। ताकि, आप आपात परिस्थितियों के लिए तैयार रहे। इन दिनों ऐसी घटनाएं सुनकर आप भी दहल रहे होंगे, जिसमें कुछ पालतू कुत्तों के दूसरों को काटने की खबर है। आमतौर पर जब बगल से कोई पेट डॉग गुजरता है तो लोग इस इत्मीनान से रहते हैं कि पेट डॉग काटेगा नहीं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से जिस तरह पेट डॉग्स के खतरनाक हमलों की खबर आ रही है अब उनसे डरना भी जायज है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इन घटनाओं के मद्देनजर दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ने पेट डॉग्स के रजिस्ट्रेशन को ही अनिवार्य कर दिया है। साथ ही डॉग ओनर्स को ये ताकीद भी की है कि कॉर्पोरेशन अनरजिस्टर्ड पेट्स को जब्त भी कर सकता है।**

### अगर कुत्ता काट ले तो क्या करें?

ये जान लेना भी जरूरी है कि डॉग किसी को काट ले तो डॉक्टर के पास जाने से पहले क्या फर्स्ट एड दिया जाए। मान लीजिए कोई ऐसी परिस्थिति बन ही जाती है जब किसी एग्रेसिव पेट डॉग से सामना हो जाए और, वो डॉग आपके जानने वाले या साथ वाले किसी को काट ले। तब आप क्या करेंगे। डॉक्टर के पास पहुंचने से पहले कुछ उपचार की जरूरत होगी। जान लीजिए आप किस तरह ऐसे शख्स के मददगार बन सकते हैं।

### क्यों जरूरी है फर्स्ट एड?

कुत्ते के काटने के बाद सबसे ज्यादा खतरा होता है रेबीज होने का। इसलिए डॉक्टर्स खुद भी डॉग बाइट के बाद जल्द से जल्द ट्रीटमेंट कराने की सलाह देते हैं। साथ ही उससे पहले कुछ फर्स्ट एड को जरूरी भी बताते हैं। सही समय पर डॉग बाइट के शिकार व्यक्ति को मिला फर्स्ट एड रेबीज होने का खतरा अस्सी फीसदी तक घटा देता है।

### बाइट की जगह को वॉश करें

- आपके सामने अगर कुत्ता किसी व्यक्ति को काट लेता है तो बिना देर किए उस जगह को पानी से साफ करें, जहां कुत्ते ने काटा है।
- बाइट वाली जगह को धोने के लिए माइल्ड सोप का उपयोग करें।
- कम से कम दस मिनट तक बाइट वाली जगह को धोएं। इससे वायरस को फैलने से रोका जा सकता है।
- एंटीसेप्टिक लगाएं।
- बाइट वाली जगह को अच्छे से धोने के बाद उसे किसी कपड़े की मदद से अच्छे से सुखा लें।
- सूखने के बाद उस जगह पर एंटीसेप्टिक क्रीम अप्लाई करें।
- अगर एंटीसेप्टिक क्रीम नहीं है तो अल्कोहल या आयोडीन सॉल्यूशन से आप उस जगह को क्लीन कर सकते हैं।

### वैक्सीन लगवाएं

इतना प्राथमिक उपचार देने के बाद बिलकुल देर न करें। जल्दी से जल्दी ऐसे अस्पताल या क्लीनिक पहुंचें जहां डॉग बाइट का वैक्सीन उपलब्ध हो। पीड़ित को तुरंत एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाएं। इसके अलावा immunoglobulin इंजेक्शन लगना चाहिए या नहीं ये फैसला डॉक्टर करते हैं।





### बाइट वाली जगह का रखें ध्यान

इंजेक्शन लगने के बाद भी तसल्ली से न बैठ जाएं। सबसे पहले देखें कि बाइट का निशान बड़ा है या छोटा। बाइट का निशान छोटा हो तो उसे खुला ही छोड़ें ताकि घाव जल्दी भर सके। घाव वाली जगह को लगातार ऑब्जर्व करते रहें। अगर वहां किसी तरह का इंफेक्शन, रेडनेस, सूजन, दर्द होता है या बुखार आता है। तो, इस बारे में डॉक्टर को बिना देर किए जानकारी दें।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



आसान जिंदगी मत मांगो, क्योंकि जिंदगी कभी आसान नहीं होती। खुद को मजबूत बनाने का प्रयास करो।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जयपुर में आतिशबाजी और लालटेन से जगमगाया आसमान

## दिनभर उड़ी पतंगें, अक्षय कुमार ने लड़ाए पेंच; पाली में मांझे के कारण 50-मिनट रुकी रही ट्रेन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूरे राजस्थान में मकर संक्रांति मनाई गई। जयपुर, सीकर समेत प्रदेश के कई जिलों में मंगलवार को दिनभर पतंगबाजी से आसमान सतरंगी रहा। जयपुर में सूरज ढलने के बाद लैंटर्न (लालटेन) और आतिशबाजी से रात में आसमान जगमगा उठा।

जयपुर के जलमहल पर सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी के साथ तमाम जनप्रतिनिधियों ने पतंग उड़ाई। सिसोदिया रानी का बाग में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और परेश रावल ने खूब पेंच लड़ाए। दोनों एक्टर फिल्म भूत बंगला की शूटिंग के लिए जयपुर आए हुए हैं।

शहर की छतों पर दिनभर लोगों की चहल-पहल और पतंगबाजी का उत्साह देखने लायक रहा। रंग-बिरंगी पतंगों से सजे आसमान और धुनों की गूंज के बीच पतंगबाजी का शोर हर गली में सुनाई दे रहा था। इससे पहले सुबह-सुबह लोग मंदिर और गोशालाओं में गए। गायों को चारा खिलाया और अपने ईष्टदेव के दर्शन किए।

उधर, पाली जिले के सोमेसर रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक लाइन पर मांझा फंसने से शाम को 50 मिनट तक योगा एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। ट्रेन अहमदाबाद से चलकर ऋषिकेश जा रही थी। बांसवाड़ा में चाइनीज मांझे से बाइक सवार युवक की गर्दन कट गई। उसके 10 टांके आए। चूरू के कोतवाली थाना क्षेत्र में पतंग उड़ाते समय नाबालिग छत से गिर गया। वह गंभीर घायल हो गया। जयपुर में पतंगबाजी के दौरान 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए। वहीं, 5 हजार किलोमीटर का सफर कर जयपुर के पास सांभर झील पर आया दुर्लभ पक्षी ग्रेट व्हाइट पेलिकन चाइनीज मांझे से जख्मी हो गया।





**मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने पतंग उड़ाई**

मुख्यमंत्री ने पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति के उत्सव में सभी का उत्साहवर्धन किया। वहीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने पतंग उड़ाकर उपस्थित कलाकारों और देशी विदेशी पर्यटकों के साथ पतंग उत्सव मनाया।



एक्टर अक्षय कुमार और परेश रावल ने जयपुर के पास सिसोदिया रानी का बाग में मंगलवार को पतंगबाजी की। परेश रावल ने चरखी थामकर खिलाड़ी कुमार का हौसला बढ़ाया।



मुख्यमंत्री शर्मा ने गुब्बारे उड़ाकर किया पतंग उत्सव का उद्घाटन

# जूनियर-असिस्टेंट भर्ती में प्रोबेशनल लिस्ट को फाइनल करने पर रोक

## हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए हाउसिंग बोर्ड से मांगा जवाब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** हाई कोर्ट ने राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की जूनियर असिस्टेंट भर्ती 2023 में नियुक्ति पा चुके प्रोबेशन-ट्रेनियों को नियमित करने पर रोक लगा दी हैं। यह रोक जस्टिस समीर जैन की अदालत ने राम सिंह यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए लगाई। अदालत ने मामले में राजस्थान हाउसिग बोर्ड से जवाब भी मांगा हैं। वहीं मामले को फाइनल सुनवाई के लिए 23 जनवरी को लिस्ट करने के निर्देश दिए है। दरअसल, हाउसिंग बोर्ड ने पिछले साल 13 अगस्त को सलेक्टेड कैंडिडेट्स की प्रोविजनल लिस्ट निकाली थी। याचिका में कहा गया है कि बोर्ड को पदों के मुकाबले 15 गुणा अभ्यर्थी बुलाने थे लेकिन बोर्ड ने ऐसा नहीं किया।

**याचिकाकर्ता के कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स**-याचिकाकर्ता के अधिवक्ता निखिल कुमावत ने बताया कि भर्ती में याचिकाकर्ता के कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स है। लेकिन फिर भी उसे सलेक्ट नही किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने 12 अगस्त 2023 को जूनियर असिस्टेंट भर्ती की विज्ञप्ति जारी की थी। इसके लिए 11 सितम्बर को स्क्रीनिंग टेस्ट हुआ। इसके बाद बोर्ड ने अलग-अलग समय में सलेक्टेड कैंडिडेट की प्रोविजनल लिस्ट जारी की। हर बार पहली वाली लिस्ट को वापस लेते हुए दूसरी लिस्ट जारी की।

# स्कूलों में धमकी देने वाले छात्र का एनजीओ से लिंक

## पुलिस बोली- एनजीओ अफजल गुरु का सपोर्टर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के 400 स्कूलों में बम की फर्जी धमकी देने वाले के बारे में नई जानकारी सामने आई है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी 12वीं का स्टूडेंट है। उसकी फैमिली एक एनजीओ के संपर्क में थी, जो अफजल गुरु की फांसी का विरोध कर रहा था। पुलिस ने बताया कि हमारी टीमों ने 8 जनवरी को आए ई-मेल के बाद नाबालिग को ट्रैक किया। ई-मेल भेजने वाला नाबालिग था, इसलिए टीम ने फोरेंसिक जांच के लिए उसका लैपटॉप और मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि, हिरासत में नहीं लिया गया था। दरअसल, दिल्ली में 2024 में मई से लेकर दिसंबर तक 50 बम की धमकियां भेजी गईं। इसमें सिर्फ स्कूल ही नहीं अस्पताल, एयरपोर्ट और एयरलाइन कंपनियां भी शामिल हैं। इस महीने 4 बार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है। मामला सामने आने के बाद भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि सभी को पता है कि आप का ऐसे एनजीओ से गहरा संबंध है, जिन्होंने अफजल गुरु की फांसी का विरोध किया था। फरवरी 2015 में अफजल गुरु की बरसी पर टुकड़े-टुकड़े के नारे लगाए गए थे और आप ने महीनों तक उस फाइल को बंद रखा। आप को सामने आकर इन सवालों का जवाब देना चाहिए।

# डल्लेवाल के अनशन का 50वां दिन, बोलने में दिक्कत

## डॉक्टरों की टीम पहुंची, आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई; बीजेपी अध्यक्ष कृषि मंत्री शिवराज से मिले

बढ़ता राजस्थान

**पटियाला (एजेंसी)।** हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत डल्लेवाल 50 दिन से अनशन पर हैं। उनकी तबीयत बेहद नाजुक बनी हुई है। उनके शरीर का मांस खत्म हो रहा है और त्वचा भी सिकुड़ने लगी है। उनकी हड्डियां दिखने लगी हैं। आज इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले पटियाला से डॉक्टरों की टीम पुलिस के साथ खनौरी बॉर्डर पहुंची है। यहां वे डल्लेवाल के टेस्ट के लिए सैंपल लेंगे। पंजाब सरकार ने अनशन स्थल से 500 मीटर दूर अस्थायी अस्पताल बना रखा है। डल्लेवाल की हालत को देखते हुए यहां टीम को हाई अलर्ट पर रखा गया है। वहीं किसानों के इस आंदोलन के बीच पंजाब बीजेपी के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान से मुलाकात की। इस मुलाकात में किसानों की मांगों को लेकर भी चर्चा हुई।

फसलों पर एमएसपी गारंटी कानून और अन्य किसानी मुद्दों पर रणनीति तैयार करने के लिए पंजाब भाजपा की चंडीगढ़ में 15 जनवरी को बैठक होगी। उधर, खनौरी मोर्चे पर संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक की मीटिंग हुई, जिसमें आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार की गई। इसके साथ हरियाणा के कैथल जिले से किसानों का जत्था खनौरी बॉर्डर पर पहुंचेगा।

एसकेएम के साथ मीटिंग 18 को

शंभू और खनौरी मोर्चे पर चल रहे संघर्ष के साथ आने वाले दिनों में संयुक्त किसान मोर्चा भी नजर आएगा। सोमवार (13 जनवरी) को पटियाला के पातड़ां में तीन मोर्चे के नेताओं की मीटिंग हुई। 18 जनवरी को एक और मीटिंग फिर पातड़ां में होगी। इसमें 26 जनवरी को होनी वाली ट्रैक्टर मार्च को लेकर स्ट्रेटजी बनाई जाएगी।

# हर संत का अतीत होता है, हर पापी का भविष्य : हाईकोर्ट ने कहा-केवल पाकिस्तानी नागरिक की हत्या करना, ओपन जेल में भेजने से नहीं रोकता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर सेन्ट्रल जेल में पाकिस्तानी नागरिक की हत्या करने के दोषी को हाईकोर्ट ने ओपन जेल में भेजने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अनूप ढंड की अदालत ने कैदी भजन मीणा की याचिका को स्वीकार करते हुए उसे ओपन जेल में भेजने का आदेश दिया।

साथ ही कोर्ट ने कैदी के प्रार्थना पत्र को खारिज करने के जेल प्रशासन के 24 जनवरी 2024 के आदेश को भी रद्द कर दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि हर संत का अतीत होता है और हर पापी का भविष्य। केवल इस आधार पर कि याचिकाकर्ता ने पाकिस्तानी कैदी की हत्या की है। उसे ओपन एयर जेल में शिफ्ट करने से नहीं रोका जा सकता हैं।

अदालत का मत है कि प्रत्येक कैदी को सुधार और पुनर्वास का अधिकार है, ताकि वह समाज में सुधरकर समायोजित हो सके। वहीं अपनी रिहाई के बाद एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सामान्य नागरिक के समान जीवन जी सके।



### जेल का माहौल सुधार का उद्देश्य विफल करता है

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अपराध करने वाले व्यक्ति को कभी खारिज नही करना चाहिए। बल्कि उसके अंदर के अपराधी मन को बदलने का प्रयास होना चाहिए। वहीं उस सामाजिक दमनकारी व्यवस्था को सुधारने की आवश्यकता है, जो कभी-कभी निर्दोष व्यक्तियों के आपराधिक व्यवहार के लिए दोषी है।

अदालत ने कहा कि जेल, दंडात्मक और सुधारात्मक संस्थानों के रूप में अनादि काल से मौजूद हैं। लेकिन कभी-कभी जेल का माहौल और कैदियों के साथ किए जाने वाला व्यवहार उनके सुधार और पुर्नवास के उद्देश्य को विफल करता हैं।

### याचिकाकर्ता का आचरण संतोषजनक पाया गया

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता को कभी भी जेल में रहते हुए उसके आचरण के लिए सजा नहीं हुई हैं। बल्कि जेल में रहने के दौरान उसका आचरण संतोषजनक पाया गया हैं।

# ऑपरेशन साइबर शील्ड पर जयपुर की दूसरी बड़ी कार्रवाई

## करोड़ों के ट्रांजैक्शन के साथ 2 साइबर ठग अरेस्ट; नाबालिग डिटेन, कई बैंक अकाउंट मिले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के खोह नागोरियान थाना पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने 2 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया और एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। दोनों साइबर ठगों के पास से 9 मोबाइल फोन, 16 एटीएम, एक लैपटॉप, 3 चेक बुक, 2 पास बुक व 45 हजार नकद और एक स्विफ्ट कार को किया जब्त किया है। ठग चरतलाल मीणा (21) के पास से पुलिस को आधा दर्जन से अधिक बैंक खाते मिले हैं, जांच में करोडों रुपए का ट्रांजैक्शन होना सामने आया है।

आरोपियों के खिलाफ चार राज्यों में 12 से अधिक साइबर अपराध की शिकायत दर्ज हैं। आरोपी ने खुद के कई बैंक खाते कई साइबर ठगी करने वालों को किराए पर भी दिए हुए हैं।

**डीसीपी बोलीं- टिप मिली तो एक्टिव हुई टीम**-डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया-पीएचक्यू के आदेश पर पूरे प्रदेशभर में साइबर अपराध के खिलाफ विशेष अभियान साइबर शील्ड चलाया जा रहा है। ठगों को पकड़ने वाली टीम को एनसीआरबी, डिजिटल स्रोतों से एक टिप मिली। इसके बाद थाना पुलिस ने अपनी टीम को इस पर लगाया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# शरद पवार बोले- शाह पद की गरिमा कायम रखें

## गृह मंत्री ने कहा था- पवार की विश्वासघात की राजनीति भाजपा ने 20 फीट जमीन में दफना दी

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** शरद पवार ने गृह मंत्री अमित शाह को अपने पद की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी है। दरअसल, 12 जनवरी को अमित शाह ने शिरडी में भाजपा के सम्मेलन में कहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा की जीत ने 1978 में पवार के द्वारा शुरू की गई विश्वासघात की राजनीति को 20 फीट जमीन में दफना दिया है।

पवार ने मंगलवार को मुंबई में कहा- इस देश ने कई बेहतरीन गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन उनमें से किसी को भी अपने राज्य से बाहर नहीं निकाला गया। उनका इशारा सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में 2010 में शाह को 2 साल के लिए गुजरात से बाहर निकाले जाने की ओर था। 2014 में शाह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था।

शरद पवार ने कहा कि 1978 में मैं ष्टरू था। तब राजनीति में पक्ष-विपक्ष के बीच इतनी कटुता नहीं थी। उस समय जन संघ के उत्तम राव पाटिल जैसे लोग भी मेरी मिनिस्ट्री में थे। इसके बाद जब वाजपेयी पीएम बने थे, तो उन्होंने मुझे आपदा मैनेजमेंट अथॉरिटी का अध्यक्ष बनाया था। मेरे विपक्ष में होने के बावजूद उन्होंने मुझे जिम्मेदारी दी थी।

पवार बोले- इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन में फूट की चर्चा पर पवार ने कहा- इंडिया गठबंधन में कभी भी स्टेट और लोकल चुनावों को लेकर कोई बात नहीं हुई थी। यह गठबंधन केवल नेशनल लेवल यानी लोकसभा चुनाव के लिए है।

दरअसल, जम्मू-कश्मीर के ष्टरू उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन का कोई महत्व नहीं है। इसे खत्म कर देना चाहिए। शिवसेना के सांसद संजय राउत ने अब्दुल्ला के बयान का समर्थन करते हुए कांग्रेस को इसके लिए जिम्मेदार बताया था। उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र निकाय चुनाव हम अकेले लड़ेंगे।

ऋस्स्र की तारीफ पर बोले- आइडियोलॉजी का समर्थन नहीं पवार ने पिछले दिनों ऋस्स्र की तारीफ पर सफाई दी। उन्होंने कहा- वह संघ की आइडियोलॉजी का समर्थन नहीं करते हैं, बल्कि जिस तरह से उनके लोग मेहनत करते हैं, वह उनका समर्थन करते हैं। दरअसल, पवार ने 9 जनवरी को एनसीपी (स्क्क) कार्यकर्ताओं से कहा था कि संघ की कड़ी मेहनत की वजह से महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति को शानदार जीत मिली थी। संघ के लोगों ने कड़ी मेहनत की और उनसे हमें सीखना चाहिए। निकाय चुनाव में गठबंधन जल्द तय करेंगे शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में उनकी पार्टी किसी के साथ लड़ेगी या अलग, इस बारे में 8-10 दिनों में फैसला कर लिया जाएगा। इसको लेकर पार्टी के भीतर मीटिंग होगी।

